राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 आयशा खान ने बताया, कैसा है...



अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल... 12

गाजियाबाद, शनिवार 11 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 310, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी, एम्स में करवाया भर्ती, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स



में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।

### हिमाचल प्रदेश शीतलहर की चपेट में कई जिले

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य में दो दिनों तक बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं कई जिलों में शीतलहर चलने व घना कोहरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। शीतलहर के कारण लोग सुबह-शाम घरों में दुबकने को मजबूर हैं। आज एवं कल प्रदेश में



मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी की मध्य रात्रि या 13 जनवरी की सुबह तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ भागों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं शिमला शहर सहित राज्य के कुछ पर्यटन स्थलों पर 11 जनवरी की शाम से 12 जनवरी 2025 की दोपहर तक बारिश-बर्फबारी होने का पूर्वानुमान है। वहीं राज्य के निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों के कुछ भागों में हल्की वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर 11 जनवरी की दोपहर से 12 जनवरी मध्यम वर्षा और गरज के साथ अंधड़ चलने की संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। 11 और 12 जनवरी को राज्य के ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी व कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इसके बाद तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर की स्थिति में कमी आएगी। वहीं कुछ भागों में कोहरा छाया रहने के आसार हैं। शिमला में न्यूनतम तापमान 6.0, सुंदरनगर 1.3, भुंतर माइनस 0.5, कल्पा माइनस 3.4, धर्मशाला 6.4, ऊना माइनस 0.5, नाहन 6.3, पालमपुर 2.4, मनाली माइन 0.9, कांगड़ा 4.1, मंडी 2.1, बिलासपुर 4.4, हमीरपुर 2.2, डलहौजी 6.5, कुफरी 3.7, कुकुमसेरी माइनस 11.3, नारकंडा 1.4, भरमौर 2.4, रिकांगपिओ माइनस 0.6, सेऊबागं माइनस 0.2, समदो माइनस 8.0, बरठीं 2.2, कसौली 5.6, सराहन 4.7, ताबो माइनस 11.3 व बजौरा में माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# आप ने पोस्टर शेयर कर भाजपा नेताओं को बताया 'गालीबाज दानव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच राजनीतिक दलों के बीच पोस्टर वॉर जारी है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में उन्होंने बीजेपी नेताओं को गालीबाज बताया है। आम आदमी पार्टी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्टर शेयर किया है। उन्होंने पोस्टर को कैप्शन दिया, भाजपा के गालीबाज दानवों से दिल्ली रहे सतर्क।

इस पोस्टर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वीरेंद्र सचदेवा, विजेंद्र गुप्ता, प्रवेश वर्मा, मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी की तस्वीर लगाई गई है। इस पोस्टर को 'गालीबाज दानवझ नाम दिया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी के पोस्टर के जवाब में भाजपा ने भी पलटवार किया है। दिल्ली भाजपा ने अपने एक्स अकाउंट पर अरविंद केजरीवाल की एक हंसती हुई तस्वीर को शेयर किया। उन्होंने 'आपझ को पूर्वांचल विरोधी बताया है।

भाजपा ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, पूर्वांचल समाज का अपमान, शीशमहल के नवाब केजरीवाल की पहचान। इतना ही नहीं, पोस्टर में लिखा गया है कि पूर्वांचलियों का दुश्मन, पूर्वांचलियों को फर्जी बताया, कोरोना में उन्हें भगाया। जब भी मिला मौका महाठग ने उनका मजाक उड़ाया। इसके अलावा भाजपा ने अपने एक अन्य पोस्ट में आम आदमी पार्टी पर




सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, महाठग ने दिल्लीवासियों को लंदन का झूठा सपना दिखाकर ठग लिया। अब दिल्ली से आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी।

इससे पहले गुरुवार को आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर होर्डिंग्स लगवाए थे, जिसमें भाजपा से मुख्यमंत्री

## बीजेपी बोली- पूर्वांचल विरोधी हैं केजरीवाल

के नाम को लेकर सवाल पूछा गया है। साथ ही उसे गाली-गलौज पार्टी भी बताया था। आम आदमी पार्टी के इस होर्डिंग में एक तरफ अरविंद केजरीवाल की तस्वीर लगाई, जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह छपा हुआ है।

होर्डिंग में सबसे ऊपर लिखा है दिल्ली का सीएम कौन? इसके बाद अरविंद केजरीवाल की फोटो के साथ आम आदमी पार्टी का नाम लिखा है। जबकि दूसरी तरफ प्रश्न चिन्ह के साथ गाली-गलौज पार्टी लिखा है। आम आदमी पार्टी की तरफ से यह होर्डिंग दिल्ली के वजीरपुर फेस-1 अशोक विहार में लगाई गई थी।

# सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता: विज

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि सड़क व्यवस्था को सुधारना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। विज ने चंडीगढ़ में अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित बैठक में केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता मे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं और परिवहन सुधार के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़कों के किनारे आरामगृह बनाए जाएं जहां ड्राइवर आराम कर सकें और खाने-पीने की बेहतर सुविधाएं मिलें। हरियाणा टूरिज्म के साथ मिलकर सार्वजनिक परिवहन में गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे की तर्ज पर खानपान सेवाओं को सुधारने के लिए




**80 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानव त्रुटियां हैं, जिनमें ड्राइवरों की अत्यधिक थकान एक बड़ी समस्या है**

अध्ययन किया जा रहा है। आल इंडिया रोड ट्रांसपोर्टर्स के साथ हुई बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि उनको निर्देश दिए गए हैं कि गाड़ियों की ओवरलोडिंग रोकें। विज ने सड़कों और राजमार्गों के निर्माण पर कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। नई सड़कों ने राज्य की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिली है।

दिल्ली में आगामी चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विजय पताका फहराकर शंखनाद कर दिया है और हमने अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा सारे देश के लिए छोड़ दिया है तथा यह जहां-जहां जाएगा सभी जगह भारतीय जनता पार्टी की विजय होगी। उन्होंने कहा कि यहां के बाद महाराष्ट्र का चुनाव हुआ, वहां पर भारतीय जनता पार्टी की विजय हुई और अब दिल्ली के चुनाव होने जा रहे हैं दिल्ली में भी भाजपा की विजय होगी।उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा कि यह एक झूठी और धोखेबाज पार्टी है। इस पार्टी के सभी नेता अन्ना हजारे के आंदोलन से निकले है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है। उस आंदोलन मे राजनीति पार्टी बनाने का कोई एजेंडा नहीं था। जनता सब कुछ जानती है और इस पार्टी का दिल्ली चुनाव में कोई भविष्य नहीं है।

# अमृतसर के गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट, बब्बर खालसा ने ली जिम्मेदारी, 47 दिनों में नौवीं घटना

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर में स्थित गुमटाला चौकी के बाहर ब्लास्ट हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है, वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह धमाका गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है।

एसीपी शिव दर्शन ने बताया कि गुमटाला चौकी इंचार्ज ने विस्फोट की आवाज सुनी। इसके बाद उन्होंने बाहर जाकर देखा तो पता चला कि गुमटाला चौकी के बाहर खड़ी पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ब्लास्ट हुआ है, जब उसे चेक किया गया तो पता चला कि उसका रेडिएटर फटा था। इससे अंदाजा लगाया गया कि धमाके की असल वजह यही है।

एसीपी शिव दर्शन सिंह ने कहा कि ब्लास्ट से संबंधित कुछ अफवाहें सोशल मीडिया पर झूठी फैलाई जा रही है कि थाने के बाहर धमाका हुआ है। हालांकि, ये ब्लास्ट गाड़ी का रेडिएटर फटने से हुआ है, धमाका ज्यादा जोरदार नहीं था और जानमाल का भी नुकसान नहीं हुआ है।



धमाका रात साढ़े नौ बजे के करीब हुआ था। उन्होंने लोगों से अफवाह नहीं फैलाने की भी अपील की है।

बता दें कि गुमटाला पुलिस चौकी के पास ही आर्मी कैंट इलाका भी पड़ता है। इसके अलावा चौकी से कुछ मीटर दूरी पर कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला का आवास भी है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक-थाम लगाने तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के सतत प्रयास किए जा रहें हैं। इसी क्रम में आज आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण किया गया तथा वहां निरूद्ध महिलाओं/किशोरियों से वार्ता कर उनके रहन-सहन, खान-पान, चिकित्सा एवं उनको दिलाये जा रहे रोजगारपरक प्रशिक्षण (सिलाई-कढ़ाई) आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी। सुश्री अंशु कारापाल द्वारा अवगत कराया गया कि रोजगारपरक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रयास किया जा रहा है जल्दी ही किसी स्वयं सेवी संस्थान द्वारा रोजगार परक प्रशिक्षण प्रारम्भ करा दिया जायेगा। बन्दी महिलाओं द्वारा वार्ता में अध्यक्ष को बताया गया कि उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है एवं आवश्यक दवायें भी समय पर दी जा रही हैं। अध्यक्ष द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता से विधिक सहायता से वंचित महिलाओं के



प्रकरणों पर गम्भीरता पूर्वक विचार करने हेतु निर्देश दिये गये है। महिला जिला कारागार में वर्तमान में सुरक्षा कर्मचारी पर्याप्त एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। निरीक्षण के समय ब्रजेन्द्र सिंह अधीक्षक, ऋत्विक प्रियदर्शी जेलर, मृत्युंजय पाण्डेय जेलर, सुरेन्द्र मोहन सिंह जेलर, सुनील दत्त मिश्रा जेलर, अंशु, सुमन डिप्टी जेलर आदि उपस्थित रहे।

# सत्ता जाने के डर से अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवाल: वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 'आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पीएम मोदी और गृह मंत्री पर जाटों को धोखा देने का आरोप लगाए जाने के बाद भाजपा ने पलटवार किया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद

**25 अक्टूबर को विकासपुरी से लेकर 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश पदयात्रा तक अरविंद केजरीवाल ने खुद पर हमले का कार्ड चलाने की भरसक कोशिश की, पर इस बार 2015 के थप्पड़ जैसी झूठी कहानी जमी नहीं**

केजरीवाल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, सत्ता जाने के भय से अरविंद केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। केजरीवाल अपनी



सत्ता खोने का बदला दिल्ली वालों से ले रहे हैं। मैं उनसे यही कहूंगा कि वह भाजपा को कोस लें, लेकिन प्लीज दिल्ली में तनाव ना फैलाइए, दिल्ली का विकास रोककर, खजाना लूटकर वह पहले ही बहुत नुकसान कर चुके हैं। अब उन्हें दिल्ली का समुदाय सौहार्द नहीं बिगाड़ना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, दो कुर्सी नाटक से आज के घटिया पोस्टर तक आपने गत 4 माह में हर सुबह दिल्ली वालों को, भाजपा को कोसा है। दिल्ली अब और केजरीवाल को नहीं सह पाएगी। केजरीवाल का आज का पोस्टर उनके चरित्र और हताशा को दशार्ता है। भाजपा इसकी निंदा करती है और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो इसे वापस लें।

वीरेंद्र सचदेवा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा, 13 सितंबर को माननीय सुप्रीम कोर्ट की सख्त शर्तों के साथ एक कागजी मुख्यमंत्री के रूप में जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने उसी दिन इस्तीफा न देकर राजनीतिक आत्महत्या की थी। 21 सितंबर को आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री कहकर अरविंद केजरीवाल ने अपनी पुरानी महिला विरोधी सोच को फिर से दशार्या था। 22 सितंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आतिशी से दो कुर्सी का नाटक करा कर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार की थी।25 अक्टूबर को विकासपुरी से लेकर 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश पदयात्रा तक अरविंद केजरीवाल ने खुद पर हमले का कार्ड चलाने की भरसक कोशिश की, पर इस बार 2015 के थप्पड़ जैसी झूठी कहानी जमी नहीं।उन्होंने आगे कहा, केजरीवाल पूरा दिसंबर दिल्ली के हर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक डैमेज कंट्रोल के लिए मुस्लिम रोहिंग्या वोटर जुड़वाने को बेताब दिखे। वहीं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में तो मृत एवं शिफ्टेड वोटर को बनाए रखने के लिए फड़फड़ाते रहे।

**टिप्पणी** — जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था

# आरक्षण से बाहर करना सरकार का काम, क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पिछले 75 सालों को ध्यान में रखते हुए आरक्षण का लाभ ले चुके ऐसे व्यक्तियों को आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए जो दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं, लेकिन इस पर फैसला कार्यपालिका और विधायिका को लेना होगा।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस अगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा दिए गए एक फैसले का जिक्र करते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, जो सामाजिक रूप से विषम वर्ग है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रदान किया जा सके जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। जस्टिस गवई भी संविधान पीठ का हिस्सा थे और उन्होंने एक अलग निर्णय लिखा था। उन्होंने कहा था कि राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों (स्ष्ट/स्ञ्ज) के भीतर भी क्रीमीलेयर की पहचान करने की नीति बनाई जानी चाहिए। उनमें जो लोग सक्षम हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं देना चाहिए।

याचिकाकर्ता के वकील ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के उसी निर्णय का उल्लेख किया, जिसमें ऐसी क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए नीति बनाने की बात कही गई थी। जस्टिस गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का दृष्टिकोण था कि उप-वर्गीकरण की अनुमति है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि संविधान पीठ ने राज्यों को नीति बनाने का निर्देश दिया था और तब से लगभग छह महीने बीत चुके हैं। पीठ ने जब याचिका पर सुनवाई के प्रति अनिच्छा जाहिर की तो वकील ने याचिका वापस लेने और संबंधित प्राधिकारी के समक्ष पक्ष रखने की अनुमति मांगी, जो इस मुद्दे पर




निर्णय ले सके। पीठ ने इसकी अनुमति दे दी। जब वकील ने तर्क दिया कि राज्य नीति नहीं बनाएंगे और अंततः सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ेगा तो अदालत ने कहा, विधायिका कानून बना सकती है। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने एक अगस्त को 6-1 के बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए राज्य एससी-एसटी वर्ग में उपवर्गीकरण कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 20 साल पुराने पांच न्यायाधीशों के ईवी चिनैया (2004) मामले में दी गई व्यवस्था को गलत ठहरा दिया था। ईवी चिनैया फैसले में पांच न्यायाधीशों ने कहा था कि एससी-एसटी एक समान समूह वर्ग हैं और इनका उपवर्गीकरण नहीं हो सकता। एक अगस्त के फैसले में कोर्ट ने आरक्षण के भीतर आरक्षण पर तो मुहर लगाई ही थी। साथ ही एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण में से क्रीमीलेयर को चिन्हित कर बाहर किए जाने की जरूरत पर भी बल दिया था। छह न्यायाधीशों ने एक दूसरे से सहमति जताने वाला फैसला दिया था, जबकि जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने बहुमत के फैसले से असहमति जताई थी। जस्टिस त्रिवेदी ने कहा था कि एससी-एसटी का उपवर्गीकरण संवैधानिक प्रविधानों के विरुद्ध है। अनुच्छेद-341 और अनुच्छेद-342 में जारी राष्ट्रपति की सूची में कोई भी बदलाव सिर्फ संसद कर सकती है और राज्यों को यह अधिकार नहीं है। पिछले साल 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि राज्य पिछड़ेपन और सरकारी नौकरियों में प्रतिनिधित्व के 'मात्रात्मक और प्रदर्शन योग्य आंकड़ोंझ के आधार पर उप-वर्गीकरण कर सकते हैं, न कि सनकझ और 'राजनीतिक लाभझ के आधार पर। सात जजों की बेंच ने 6:1 के बहुमत से ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि अनुसूचित जातियों का कोई उप-वर्गीकरण नहीं किया जा सकता क्योंकि वे अपने आप में एक समरूप वर्ग हैं।

# पानी भरने से गेहूं की फसल हुई जल मग्न,पुलिस को दी तहरीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के गाँव टोडी नगला माजरा मागलौर निवासी विजेन्द्र सिंह, कलुआ सिंह और देवकरन सिंह ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि टोडी नगला निवासी गुलजार पुत्र मांगलिया, दिलशाद, नौशाद, फखरुद्दीन ने लापरवाही बरसते हुए गेहूं की करीब 22 बीघा फसल जल मग्न कर दी।



जब आरोपियों को इस बात की सूचना दी गई की आपने गेहूं की फसल बर्बाद कर दी तो वे गाली गलौज करते हुए लड़ने-मरने को तैयार हो गए। थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान ने बताया की विजेंद्र सिंह,कलुआ सिंह व देवकरन सिंह के द्वारा गेहूं की फसल को भारी जल भरते हुए बर्बाद करने की कोशिश की गई है। इस संबंध में प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

# एसडीएम ने रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कर्मचारी को दिए आवश्यक निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** गत रात एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। रैन बसेरा में तैनात कर्मचारियों से व्यवस्था का जायजा लेते हुए कमरा की साफ सफाई के निर्देश दिए हैं।

पहासू के शिकारपुर रोड़ स्थित कार्यालय में नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरा का संचालन किया जा रहा है। जिससे सर्दी के मौसम में लोग रैन बसेरा में रुक सकें। संचालित रैन में लोगों के रुकने की पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। बुधवार की शाम शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने रैन बसेरा का ओचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैन बसेरा में पर्याप्त रजाई बिस्तर सहित शौचालय का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम दीपक कुमार पाल ने नगर पंचायत के कर्मचारी को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरा में आने वाले



जरूरतमंद लोगों बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। वहीं रेन बसेरा की नियमित साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया रैन बसेरा में कोई भी व्यक्ति निशुल्क रुक सकता है।

एसडीएम ने कहा रैन बसेरा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। रेन बसेरा में मच्छर से बचाव के लिए ऑल आउट सहित अन्य व्यवस्था कराई जाए।

# कादरी बाग में आम व जामुन के पेड़ों पर चला आरा,वन विभाग के हल्का इंचार्ज जानकर भी बने अनजान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई।** कादरी बाग बम्बे के पास लकड़ी माफिया ने आम व जामुन के करीब सात पेड़ों को हल्का इंचार्ज की मिली भगत से कटवा दिया। लकड़ी माफिया दिन दहाड़े बिना परमिट के पेड़ों को कटवा रहे हैं और हल्का इंचार्ज से शिकायत करने पर कोई कार्यवाही नहीं होती।



# अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरा व नगर में जल रहे अलाव के स्थलो का निरीक्षण किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सर्दी के चलते अधिशासी अधिकारी नीतू देवी ने रैन बसेरा व अलाव जल रहे स्थलो का निरीक्षण किया। शीतलहर और ठन्ड को देखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को ठन्ड से सुरक्षित रखने के लिए अधिशासी अधिकारी नीतू देवी ने नगर के विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी को चिंहित प्वाइटों पर नगर में अलाव जलते नजर आये। जिस पर उन्होंने संतोष



व्यक्त किया। तथा रैन बसेरे में ठहरे लोगों से पूछा कि कोई परेशानी तो नहीं है। अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अलाव में लकड़ी आदि की कमी नहीं होनी चाहिए। वहीं रैन बसेरा में भी व्यवस्थायें चाक चौबंद होनी चाहिए। जिससे यहां पर ठहरने वाले लोगों को सर्दी में कोई दिक्कत न हो। इस दौरान मौ0 कासिम सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा का संविधान गौरव अभिया की कार्यशाला आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर। खुर्जा के** मुंडा खेड़ा मंडल की संविधान गौरव अभियान कार्यशाला दुर्गा मैरिज होम मूडाखेडा में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुंडा खेड़ा मंडल के प्रभारी कदीम आलम ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को भारत सरकार ने जो सम्मान दिया है वह पूर्ववर्ती किसी सरकार ने नहीं दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों जिसमें जन्म स्थान महू मध्य प्रदेश, दीक्षाभूमि नागपुर, मुंबई का इंदूमिल, लंदन में वकालत की शिक्षा लेने वाले घर तथा अंतिम सांस जिस घर में ली थी हलीपुर दिल्ली जैसे पंच तीर्थ को विकसित करने का काम किया है तथा डॉक्टर साहब की विरासत का सम्मान करते हुए उन्हें भव्यता प्रदान की है। भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों का अपमान किया है। कदीम आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 11 जनवरी से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान के रूप में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रम मंडल के अनेक गांवों में चलाएगी जिसमें कॉलेज, विश्वविद्यालय, अनुसूचित जाति के छात्रावासों में हमारा संविधान- हमारा स्वाभिमान विषय पर विचार गोष्ठियां तथा अनुसूचित जाति के छात्रावासों एवं कॉलेजों में संपर्क कर युवाओं में भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी के योगदान और भाजपा की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को प्रचारित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सभी बूथ एवं मंडलो पर पार्टी के कार्यकर्ता 25 जनवरी को आमजन के साथ एकत्रित होकर भारतीय संविधान के प्रस्ताव एवं नीति निर्देशक तत्वों को पढ़ेंगे तथा संक्षिप्त में इस पर चर्चा करेंगे।





तथा भारत सरकार की उपलब्धियां का विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे।इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नरेश सोलंकी ने की तथा संचालन चौधरी ध्यान सिंह ने किया।इस कार्यशाला में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर इंद्रपाल शर्मा, अजय पाल सिंह ,देवेंद्र सिंह, सुभाष सोलंकी, प्रवेश चौधरी, हरेंद्र सोलंकी, शोभित, अजय कुमार, शानू ठाकुर, तस्लीम खान, नरेश नगला ,योगेश कुमार ,प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खटीक समाज के श्मशान घाट में साफ-सफाई नहीं, फैली गंदगी से लोगों को हो रही परेशानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के खटीक समाज के श्मशान घाट में फैली गन्दगी से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए सभासद टीकम सूर्यवंशी, ने नगर पालिका में लिखित में शिकायत की है कि खटीक समाज के श्मशान घाट में साफ-सफाई नहीं है और सरकारी नहीं खराब पड़ा है गौरतलब है कि खटीक समाज के श्मशान घाट में लम्बे समय से गन्दगी के अम्बार लगे हुए है ।यहां गन्दगी होने के कारण शवों के अन्तिम संस्कार करने के लिए आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है अन्तिम संस्कार के दौरान लोगों को श्मशान घाट में पड़ी गन्दगी से दो चार होना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए सभासद टीकम सूर्यवंशी, ने नगर पालिका चेयरमैन, और ईओ, को एक शिकायती पत्र खटीक समाज के श्मशान घाट की साफ-सफाई कराने की लिख कर शिकायत की है ।

इस सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी ईओ नीतू सिंह से जानकारी करी तो उन्होंने बताया कि खटीक समाज के श्मशान घाट और अन्य श्मशानघाटों पर सफाई अभियान जल्द से जल्द चलाया जायेगा।

# 26 जनवरी तक चलेगा संविधान गौरव अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर श्री राम पैलेस में संविधान गौरव अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अभियान को

**अभियान को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति**

सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की है। पहासू के खुर्जा रोड़ स्थित श्रीराम पैलेस में संविधान गौरव अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता जिला सह चुनाव अधिकारी शम्भू सिंह राघव, नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर लिया। बैठक को संबंधित करते हुए शंभू सिंह राघव ने मुख्य रूप से संविधान गौरव अभियान को गांव गांव एवं जन जन तक पहुँचाना है। इस अभियान के निम्मित जगह जगह गोष्ठी, स्कूल कॉलेज में भी इस अभियान की विचार गोष्ठी हों इसकी योजना बनाई गई। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं ने अपनी रणनीति बनाई है। जिसके तहत आगे कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस बैठक के दौरान पदम् सिंह तौमर, बंटी शर्मा, सुधीर कौशिक, लोकेश सिंह, सचिन शर्मा, टीकम सिंह नायक, अवनीत शर्मा, ध्रुव शर्मा, संजय सुर्यवंशी, बंटी राघव, रोहित बघेल, मुन्ना बजरंगी, नसीम मालिक, निशांत शर्मा, सत्यदेव विपिन राजोरिया, मुकेश लोधी, चेतराम राणा एवं पूजा भारद्वाज (अध्यक्ष महिला मोर्चा) आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे !



# विकास गर्ग के मंडल अध्यक्ष बनने पर सभासदो ने किया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर। (अशोक पाठक)** भाजपा के मंडल अध्यक्ष बनने पर सभासदों ने विकास गर्ग का स्वागत किया । शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग के आवास पर पहुंचकर सभासदों ने मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग ने कहा कि बीजेपी सीट्स नेतृत्व ने जो भरोसा हम पर जाते हैं उसे पर खराब उतरेंगे, तथा भाजपा की जनहित करी नीतियों से जनता को अवगत कराएंगे। वह सभी को साथ लेकर चलेंगे और भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे । इस अवसर पर सभासद गौतम सूर्यवंशी



,वीरेंद्र कुमार गर्ग राजेंद्र लोधी, रंजीत सैनी, टीकम सूर्यवंशी ,योगेंद्र माहौर ,मोहनलाल सैनी ,भोला, राकेश आदि सभासद उपस्थित रहे।

# हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हवन यज्ञ का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को नगर स्थित हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में ने कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के विद्यार्थियों कि आगामी बोर्ड परीक्षा की सफलता हेतु हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ।जिसमें स्कूल के डायरेक्टर शलभ अग्रवाल , डॉक्टर सारिका अग्रवाल ,स्कूल प्रधानाचार्य इ.ऊ शर्मा स्कूल इंचार्ज अरुण कौशिक ,जूनियर इंचार्ज प्रीति पाठक, कार्यक्रम इंचार्ज अमन सैफी, ओ पी वर्मा ,राजकुमार ,दिग्विजय ,ललित , तूबा ,विनीता शर्मा , स्वाति दूबे ,दीपक चौधरी ,मोहम्मद उस्मान गुंजन शर्मा आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं ने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रह कर हवन में आहुतियां दी ! उनके अच्छे परीक्षा परिणाम व उज्जवल भविष्य की कामना की।



# आरक्षी फौजदार सिंह की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2024-25 में पोल वाल्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आरक्षी फौजदार सिंह की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा सराहना एवं प्रशंसा करते हुए प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर कर किया गया सम्मानित तथा उत्साह वर्धन हेतु 5000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया

33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चेम्पियनशिप 2024-25 में का आयोजन उदय प्रताप इंटर कॉलेज वाराणसी में दिनांक 04.01.2025 से 05.01.2025 तक हुआ था। जनपद बुलन्दशहर से आरक्षी फौजदार सिंह द्वारा पोल वाल्ट में प्रतिभाग किया गया तथा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतकर जनपदीय पुलिस को गौरवान्वित किया है। आज दिनांक 10.01.25 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्लोक कुमार द्वारा पुलिस लाइन में आरक्षी फौजदार सिंह की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए उनको प्रदत्त गोल्ड मेडल पहनाकर एवं खेल प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन हेतु 5000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।



# हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 5,000/-हजार रुपये के जुर्माने की सजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 5,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयीः अभियुक्त पप्पू पंडित पुत्र चन्दू शर्मा निवासी ग्राम धमेड़ा थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-1995 में वादी राकेश पुत्र स्व0 फतेह सिंह निवासी ग्राम माकड़ी थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर के पिता की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 24.08.1995 को थाना स्याना पर मुअसं- 161/1995 धारा 302, 34 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 19.03.1996 को पुलिस द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 01 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश अभिमन्यु सिंह न्यायालय एडीजे - 04 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त पप्पू पंडित को आजीवन कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गयाअभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री चन्द्रभान सिंह का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

**बैठक** — **अभियान को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति**

# भाजपा कार्यकर्ता करते हैं बाबा साहेब के संविधान का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**छतारी ।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर एसएम पब्लिक स्कूल में संविधान गौरव अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की है।

छतारी के भीकमपुर स्थित एसएम पब्लिक स्कूल में संविधान गौरव अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी होम निधि सिंह नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर लिया। बैठक को संबंधित करते हुए होम निधि सिंह ने मुख्य रूप से संविधान गौरव अभियान को गांव- गांव एवं जन-जन तक पहुँचाना है। इस अभियान के निम्मित जगह जगह गोष्ठी, स्कूल कॉलेज में भी इस अभियान की विचार गोष्ठी हों इसकी योजना बनाई गई। आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं ने अपनी रणनीति बनाई है। मंडल अध्यक्ष रविंद्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बाबा भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान का सम्मान करते हैं। इस मौके पर अमोलक मीणा, श्रीओम शर्मा, संजय पुरी, राजेंद्र शर्मा काका, दिनेश गिरी, सोमवीर मीणा, धर्मेंद्र प्रधान, रूपेंद्र मीणा, रंजित सिंह, विचित्र प्रधान, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।






# अपर आयुक्त मेरठ ने तहसील का किया वार्षिक निरीक्षण, वार्षिक निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों में खामियां मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के पेच कसे गये

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शुक्रवार को शिकारपुर तहसील में वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे अपर आयुक्त मेरठ अमित कुमार जिन्होंने तहसील में विभिन्न पटलों पर बारीकी से दस्तावेज की जांच की वही कई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों के दस्तावेजों में हल्की-फुल्की कमी पाए जाने पर सुधारने की दी गई चेतावनी । अपर आयुक्त ने कहा है कि किसी भी कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाशत खुद एसडीएम से कहा है कि तमाम दस्तावेजों को आप स्वयं चेक किया करें नाजिर के कार्यालय में समीक्षा रजिस्टर में पाई गई त्रुटियां जिसको लेकर अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को लिया आड़े हाथ बताया गया है कि वैसे तहसील में खास कमी नहीं पाई गई है। वहीं एसडीएम दीपक कुमार पाल ने बताया है कि यह तहसील का वार्षिक निरीक्षण है जो कि हर वर्ष होता है आज भी अपर आयुक्त द्वारा यह तहसील का वार्षिक निरीक्षण किया गया है।





# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लोनी (अकरम सैफी)।** विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी विधानसभा के नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्षों

**कहा पार्टी की रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता,मान-सम्मान में नहीं आने देंगे कमी**

और जिला प्रतिनिधियों का बलराम नगर स्थित अपने कार्यालय पर शाल व माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि पार्टी की रीढ़ होते हैं।भाजपा एकलौती ऐसी पार्टी है जहां पोस्टर चिपकाने वाला से लेकर बूथ अध्यक्ष और एक सामान्य कार्यकर्ता भी उच्च पदों तक जा सकता है।कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारियों के मान-सम्मान में कभी कमी नहीं आने देंगे। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नवनियुक्त बलराम नगर मंडल अध्यक्ष राहुल श्याम सुंदर,राम विहार मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, लोनी देहात मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान,परशुराम नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं संगम विहार मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार और जिला प्रतिनिधि चन्द्र पाल प्रधान, मनवीर सिंह, मांगेराम मावी, देवेंद्र भंडारी को जिला प्रतिनिधि नियुक्त होने माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सभी नवनियुक्त अध्यक्ष और प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया।




# बार एसोसिएशन तहसील स्याना के अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार एडवोकेट ने मात्र एक मत से पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह को पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (बुलंदशहर)।** बार एसोसिएशन तहसील स्याना के अध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार एडवोकेट ने मात्र एक मत से पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह को पराजित कर अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की है। प्रदीप कुमार को 47 राजेंद्र सिंह को 46 मत प्राप्त हुए हैं। जबकि उपाध्यक्ष पद पर जमील खां एडवोकेट ने 61 मत प्राप्त कर रामकुमार वर्मा(32 मत) को परास्त किया है। सचिव पद पर अजीत कुमार सिरोही में 52 मत प्राप्त कर अरुण प्रताप राघव को (40 मत) परास्त किया है। शहर सचिव पद पर विजय नीरज कुमार को 54 वह पराजित प्रत्याशी रोहतास कुमार को 38 मत प्राप्त हुए हैं। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर दुष्यंता कुमार शर्मा को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष खेमराज त्यागी ने चुनाव परिणाम घोषित कर विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। एल्डर कमेटी के सदस्य वेदव्यास शर्मा, भूदेव सिंह, नैन सिंह व पंकज त्यागी एडवोकेट ने इस चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को विधिवत संपन्न कराया है। बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार एडवोकेट ने एल्डर कमेटी का विशेष रूप से धन्यवाद अदा किया है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया है। प्रदीप श्रोत्रिय एडवोकेट, मनोज कुमार त्यागी, जाकिर उल हक ,लवकेश सिंह ठाकुर, कैलाश चंद वर्मा, योगेंद्र मलिक,राहुल कुमार,एडवोकेट आदि ने निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी हैं।





# ट्रस्ट के लोगों ने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर।** क्षेत्र के पीपलका, नवादा, अमरपुर व हतेवा गांव में शुक्रवार को चौधरी हरिसिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए। ट्रस्ट के अध्यक्ष फिरे सिंह नागर ने बताया कि उनका ट्रस्ट जरूरतमंद लोगों की समय-समय पर इसी तरह कपड़े व अन्य सामान देकर मदद करता रहता है।

पिछले करीब 13 वर्षों से वह इसी तरह लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। आगे भी उनका अभियान इसी तरह जारी रहेगा। इस मौके पर कपिल प्रधान, संजय तनेजा, अभिषेक नागर, संजय नवादा, ओमवीर बीडीसी, हिमांशु शर्मा, नूरमोहम्मद, अवनेश नायक आदि लोग मौजूद रहे।

# रावली गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)।** क्षेत्र के रावली गांव एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि उधार दिए दस लाख रुपए वापस मांगने पर कोल्हू संचालक ने व्यक्ति को धमकी दी थी, जिस के चलते सदमे में व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी कोल्हू संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ रावली पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। गांव रावली कलां निवासी सतपाल जाटव अपनी पत्नी रामवीरी पुत्र हिंमाशु व दीपांशु व दो पुत्रियों के साथ रहते थे। आरोप है कि सतपाल सिंह ने एक साल पहले एक कोल्हू संचालक को दस लाख रुपए उधार दिए थे। गुरुवार रात को वह दस लाख रुपए उधार मांगने पर

**परिजनों ने ग्रामीणों के साथ कोल्हू संचालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस चौकी पर किया हंगामा**

कोल्हू संचालक के पास गए थे। आरोप है कि कोल्हू संचालक ने पैसे देने से इंकार कर दिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सतपाल जाटव घर आकर चारपाई पर लेट गए। शुक्रवार सुबह जब परिजन उन्हें उठाने के लिए गए थे तो उनके शरीर में कोई हलचल दिखाई नहीं दी। स्थानीय डॉक्टर को बुलाकर दिखाया तो उन्होने मृत घोषित कर दिया। सतपाल सिंह की मौत के बाद परिजनों ने रावली पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि कोल्हू संचालक द्वारा हड़काने पर सदमें आने से मौत हुई। हंगामा कर रहे ग्रामीणों को पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस संबंध में मृतक की पत्नी रामवीरी ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# चोरों ने कंस्ट्रक्शन साइड से किया सरिया चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कस्बे के फलैदा रोड पर स्थित एक कंस्ट्रक्शन साइड से बुधवार रात चोरों ने 1 क्विंटल सरिया चोरी कर लिया। पीड़ित ने कस्बा के एक कबाड़ी के साथियों पर चोरी का शक जाहिर किया है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कस्बा निवासी अशोक कुमार की दिशा इंटरप्राइजेज नाम से एक कंस्ट्रक्शन कंपनी है। उनकी कंपनी रबूपुरा नगर पंचायत में निर्माण कार्य कर रही है। बुधवार रात चोरों ने फलैदा रोड पर स्थित उनकी कंस्ट्रक्शन साइड से एक क्विंटल सरिया चोरी कर लिया। पीड़ित ने कस्बा के एक कबाड़ी व उसके साथियों पर चोरी का शक जाहिर करते हुए तहरीर दी है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी से की आरडब्लूए द्वारा अवैध कब्जे करवाने की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित गुलमोहर एन्क्लेव आरडब्लूए के कारनामों की शिकायत स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से की है। आरडब्लूए की मनमानी की का जिक्र करते हुए जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में अवैध निर्माण, अवैध कब्जे और गैर कानूनी रूप से मन्दिर का ट्रस्ट बनाने के बारे में शिकायत की गई है।

# बीबीनगर ब्लॉक प्रमुख द्वारा गांव शेरपुर अंत्येष्टि स्थल कार्य विधिवत रूप बनना शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** बीबीनगर के गांव शेरपुर अंत्येष्टि स्थल कार्य विधिवत रूप बनना शुरू हुआ गांव में सैकड़ों लोगों के बीच ब्लॉक प्रमुख रजनी सिरोही द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया। ब्लॉक बीबीनगर प्रमुख रजनी सिरोही और प्रमुख पति नरेंद्र सिरोही का ग्रामीणों द्वारा फूल माला और बुके देकर किरदार स्वागत किया गया तदोपरांत प्रमुख पति नरेंद्र सिरोही द्वारा अंत्येष्टि स्थल पर नींव रखकर कार्य प्रारंभ कराया गया। बताते चलें शेरपुर गांव में अंत्येष्टि स्थल बेकार स्थिति में बेहाल था गांव वालों की भारी मांग पर ब्लॉक प्रमुख रजनी सिरोही द्वारा अंत्येष्टि स्थल की चारदीवारी, इंटरलॉकिंग एवं लोगों के बैठने हेतु शेड का निर्माण स्वीकृत कर कार्य का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर एसीपी देवेंद्र कुमार सिंह,वीरेंद्र खारी lic, सुभाष खारी,सोहन सिंह, सरवचन सिंह,वासुदेव हकलदार, गजेन्द्र सिंह, नानक चंद, सूबे सिंह, राजवीर डीलर, डॉ राजवीर,भूले सिंह, अमर सिंह, चेतराम,रहीमुद्दीन, राकेश पाल, मूले प्रजापति, विनोद, महेंद्र, गोपाल, सतवीर, अमित किन्ने, पिल्लू, संतराम, अनूप, लोकेंद्र, जयप्रकाश, रतिराम, सुभाष, तेजवीर, रघुराज, कालू, महेश बलि इत्यादि लोग उपस्थित रहे।





# विश्व हिंदी दिवस पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** विश्व हिंदी दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई काव्य संकलनों के रचियता महाकवि देवेंद्र देव मिर्जापुरी का 60 वां जन्मदिन भव्य रूप से मनाया गया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ मंचासीन साहित्यकारों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आस्ट्रेलिया प्रवासी वरिष्ठ साहित्यकार विजय कुमार सिंह ने की तथा संचालन डॉ आलोक बेजान और संगीता अहलावत ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर युवा साहित्यकार राजकुमार शिशोदिया को शाल, प्रतीक व नकद सम्मान राशि

**महाकवि देवेंद्र देव मिर्जापुरी का जन्मदिन भी मनाया**

प्रदान कर मंच की ओर से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कई काव्य संकलनों व पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती वंदना से डॉ कमल किशोर भारद्वाज ने किया। रमेश प्रसून, डॉ चेतन आनंद, ललित कुमार ललित, डॉ कमलेश संजीदा, सैयद अली अब्बास नौगांवी, राजेश गोयल, मकसूद जालिब, दिव्य हँस दीपक, शुभ्रा पालिवाल, संगीता अहलावत, डॉ दिनेश शर्मा, मधु चतुर्वेदी, डॉ डी एस राजपूत बृजकण, हरित तौमर, अनिमेश अनिमेश शर्मा आतिश, रविंद्र चौहान हूस, संजीव नादान, अरविंद भाटी, ऐंन मीम कौसर, डॉ दिनेश शर्मा, यतेंद्र कटारिया, डॉ महंत सिंह लिखन्तु, प्रेम शर्मा प्रेम, बाबा बुलंदशहरी, इशिका इशू आदि ने अपना काव्य पाठ करके उपस्थित जनों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी कवि साहित्यकारों ने विश्व हिंदी दिवस और महाकवि देवेंद्र देव को जन्मदिन की बधाई के बाद ही अपना काव्य पाठ किया।

# प्लाट दिलाने के नाम पर मौसेरे भाई ने हड़पे लाखों रुपए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा ( उपेन्द्र भाटी) ।** प्लाट दिलाने के नाम पर मौसेरे भाई ने एक पीड़ित से 10 लाख रूपए हड़प लिए। रुपए वापस मांगने पर आरोपी पीड़ित की बेटी का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।


साकरौद जिला बागपत निवासी सोनपाल धामा वर्तमान में रबूपुरा कस्बा में रहते है। आरोप है कि, मेरठ निवासी उनके मौसेरे भाई प्रवेश कुमार राठी ने मेरठ में स्थित एक कॉलोनी में 21 लाख रुपए का एक प्लाट दिलाने के लिए 22 जुलाई 2024 को 10 लाख 50 हजार रुपए नगद लिए थे। सोनपाल को जांच करने में पता चला कि उक्त प्लाट पर विवाद है। इसलिए उन्होंने प्लाट लेने से मना कर दिया। आरोप है कि, 10 लाख 50 हजार रुपए वापस मांगने पर आरोपी प्रवेश गाली गलौज करते हुए, पीड़ित की बेटी का अपहरण कर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है कि, स्थानीय पुलिस से लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी पीड़ित की कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर मेरठ निवासी आरोपी प्रवेश कुमार राठी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पुराने शहर की रहने वाली 7 साल की मुनेजा फातिमा ने अपने शहर का नाम रोशन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** पुराने शहर की रहने वाली 7 साल की मुनेजा फातिमा ने अपने शहर का नाम रोशन किया। मुनेजा फातिमा ने इन्दौर में हुए जूनियर मिस इंडिया 2024-25 के न सिर्फ फाइनल में जगह बनायी बल्कि मिस कान्फिडेंट का खिताब भी अपने नाम किया। हसन पुरिया निवासी नदीम मेहदी और महलका फातिमा की बेटी मुनेजा फातिमा सीएमएस स्कूल में कक्षा एक की छात्रा हैं। मुनेजा विद्यालय में भी होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़चढ़ हिस्सा लेती हैं और प्रतिभा का प्रदर्शन करती हैं। जूनियर मिस इंडिया के लिए देश भर में ऑडीशन हुए थे। जिसके बाद लखनऊ से फाइनल तक का सफर देश भर से चयनित बच्चों के साथ मुनेजा फातिमा ने तय किया।






# दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- हजार रुपये के जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी अभियुक्त राजकुमार पुत्र बने सिंह निवासी ग्राम ख्वाजपुर थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में थाना जांहगीरपुर क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लडकी को भगा लेजाना तथा उसके साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 09.05.2022 को थाना जहांगीरपुर पर मुअसं- 34/22 धारा 363,366,376(3) भादवि व ३ पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा पुलिस द्वारा दिनांक 24.05.2022 को मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन"के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 06 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप न्यायाधीश वरुण कुमार सिंह न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त राजकुमार को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 32,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक सुनील शर्मा, वरुण शर्मा व आशुतोष का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

**यूट्यूब चैनल** हिंदी यूट्यूब चैनल (www.youtube.com/@aakashinstitutehindi) NEET और JEE उम्मीदवारों के लिए एक बेहतर शिक्षण अनुभव प्रदान करेगा

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने नीट और जेईई उम्मीदवारों के लिए लॉन्च किया एक नया हिंदी यूट्यूब चैनल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए एक समर्पित हिंदी यूट्यूब चैनल शुरू किया है, जो विशेष रूप से नीट और जेईई परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हिंदी भाषी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करेगा।

एईएसएल के एमडी एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा का कहना है, "हमारा मानना है कि भाषा कभी भी सीखने में बाधा नहीं बननी चाहिए। हमारे हिंदी यूट्यूब चैनल के लॉन्च के साथ हम हिंदी भाषी छात्रों को मुख्य विषयों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए एक सुलभ और प्रभावी मंच प्रदान करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस नए संसाधन का उद्देश्य छात्रों को आत्मविश्वास के साथ नीट और जेईई जैसी कठिन राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना है।" एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. यशपाल ने कहा कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड हिंदी में समर्पित यूट्यूब चैनल की शुरूआत हिंदी भाषी छात्रों के लिए शिक्षा की सुलभता में एक परिवर्तनकारी कदम है। अपनी मातृ भाषा का उपयोग न केवल समझ को बढ़ाता है, बल्कि नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों में अधिक जुड़ाव और आत्मविश्वास भी पैदा करता है। यह पहल भाषा से संबंधित बाधाओं को तोड़ती है, यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक छात्र, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या शिक्षा का माध्यम कुछ भी हो, अपने शैक्षणिक सफर और आकांक्षाओं का समर्थन करने वाले मूल्यवान संसाधनों तक पहुंच सके।




**200,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए**

उल्लेखनीय रूप से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के हिंदी यूट्यूब चैनल ने बहुत कम समय में 200,000 सब्सक्राइबर हासिल कर लिए हैं, जो युवा दर्शकों से मिले अविश्वसनीय समर्थन और जुड़ाव को दर्शाता है।

यह उपलब्धि हमारे दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होने वाले उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है**

यह नया प्लेटफॉर्म छात्रों को उनकी मातृभाषा में उच्च-गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, जिससे वे कांप्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसानी से समझ सकें। हिंदी में वीडियो के माध्यम से चैनल छात्रों को फिजिक्स (भौतिकी), केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान), गणित, बायोलॉजी (जीव विज्ञान) और बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) जैसे महत्वपूर्ण विषयों का पुनरावलोकन (रिविशन) कर विषयों को ठीक से समझने की सुविधा देता है।

**छात्रों के लिए एक अनमोल संसाधन बनाता है**

यह प्लेटफॉर्म बच्चों को बुनियादी शिक्षण से लेकर परीक्षा-विशिष्ट रणनीतियों, मोटिवेशन तक कई प्रकार के शैक्षिक वीडियो उपलब्ध कराता है, जो इसे छात्रों के लिए एक अनमोल संसाधन बनाता है। सामग्री को आसानी से नेविगेट किया जा सकता है और यह निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे वे छात्र भी नीट और जेईई परीक्षा तैयारियों के लिए एईएसएल की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं।

# किसान के घर से बाइक व गैस सिलेंडर चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फलैदा से बीते दिनों 23 दिसंबर की रात तीन चोरों ने एक किसान के घर से बाइक व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीड़ित ने गांव के ही तीन लोगों पर चोरी का शक जताते हुए तहरीर दी है। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के गांव फलैदा निवासी किसान मंगतू के घर से 23 दिसंबर की रात तीन चोरों ने उनकी स्पलेंडर बाइक व गैस सिलेंडर चोरी कर लिया।

घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीड़ित ने गांव के ही तीन लोगों पर चोरी का शक जाहिर करते हुए पुलिस में केस दर्ज कराया है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वाट टीम नगर जोन एवं थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी, डकैती का किया खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिनांक 08.01.2025 को वादी रामदास गुप्ता पुत्र स्व0 शान्ति प्रकाश निवासी के,ए-101 थाना कविनगर गाजियाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर वादी के नौकर चन्दन व उसके 4-5 साथी नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के घर में घुसकर वादी व वादी की पत्नी को कमरे में बन्द करके घर में रखे नकदी व सोने, चांदी, हीरे के जेवरात की चोरी/डकैती कर ले जाने के संबंध में थाना कविनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

**3 अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये हुए 10,49,535/- रुपए नगद व हीरे, सोने, चांदी के आभूषण बरामद (बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए)**

**विवरण:-**

उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों के अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 10.01.2025 को अभियुक्त 1. चन्दन कुमार पुत्र राम उदगार कामत निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार उम्र 20 वर्ष 2. ओमप्रकाश पुत्र जोगेन्द्र कामत निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार उम्र 20 वर्ष 3. सुनील कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम बारहा पारा थाना बजीरगंज जिला गोंडा उम्र 28 वर्ष को मुखर्जी पार्क के पास चौकी क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया । आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ मे अभियुक्त चन्दन उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं 2 वर्षों से कोठी नं0 केए-101 में नौकरी करता था। पैसे व गहनों कहां रखे रहते हैं, इसके बारें में मुझे पता था। जिसे देखकर मेरे मन में लालच आ गया था। दिनांक 04.01.2025 को गौरव भईया अपने बच्चों के साथ गोवा घुमने गये थे । घर पर केवल बुजुर्ग रामदास गुप्ता व उनकी पत्नि सुमित्रा गुप्ता ही थे और घर का सीसीटीवी कैमरा खराब चल रहा था ये भी मुझे पता था। मैंने यह बात अपने साथी ओमप्रकाश को बतायी वह अपने दोस्तों के साथ कोठी नं0 केए-101 के पास चाय की दुकान पर दिनांक 07.01.2025 को पहुंचे । हम चारों मिले और रात को समय करीब 08.45 बजे हमने उक्त घटना को अंजाम दिया और हम लोगों ने आरडीसी राजनगर में जाकर पैसों का बंटवारा कर लिया। आज दिनांक 10.01.2025 को हम किसी भी प्रकार से बिहार भागने की फिराक में थे । आज पैदल लाल कुआं की तरफ जाते समय मुखर्जी पार्क के पास से आप लोगों ने पकड़ लिया। अभियुक्त ओमप्रकाश व सुनील कुमार नें भी अभियुक्त चन्दन की बात का समर्थन किया। चन्दन कुमार पुत्र राम उदगार कामत निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार उम्र 20 वर्ष । 2. ओमप्रकाश पुत्र जोगेन्द्र कामत निवासी ग्राम बरहारा थाना मरौना जिला सुपौल बिहार उम्र 20 वर्ष
3. सुनील कुमार पुत्र शिवशंकर निवासी बारहा पारा थाना बजीरगंज जिला गोंडा उम्र 28 वर्ष। बरामदगी- एक सफेद धातु का सिक्का, एक अदद घड़ी फोरासेल्स कम्पनी, चांदी के सिक्के 0133, डायमण्ड सात कड़े, गोल्ड की चार पतही छड़ी और 01 चुड़ी, एक ग्रीन मोतियों की माला गोल्ड सहित,एक ब्राउन पीली माला, दो हीरे और गोल्ड के ब्रेसलेट, तीन लर का मांगटीका पीली धातु, तीम मोतियों की माला सफेद धातु, एक सैट गले व कान का सफेद धातु का, दो कान का सहारा पीली धातु, एक नग लाल रंग,कान का टप्स सफेद धातु (2) मोती सहित, एक सफेद मोती का हुक, एक अंगुठी व 4 बिछुआ चांदी का, एक बड़ा कटोरा चांदी का। 10,49,535/- रुपए नगद गिरफ्तार करने वाले टीमः- स्वाट टीम नगर जोन व थाना कविनगर पुलिस टीम।






## सीएम योगी ने आकाशवाणी के FM रेडियो चैनल का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आकाशवाणी FM रेडियो के विशेष चैनल 'कुंभवाणी' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी कैडर के पूर्व कअर और प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल "नंदी" भी उपस्थित रहे। सीएम योगी ने कहा कि इस चैनल के माध्यम से पूरे दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी और जो लोग महाकुंभ तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, उन तक हम यह जानकारी पहुंचाएंगे। उन्होंने सनातन गौरव के महत्व को भी रेखांकित किया और इसके बारे में जानने की आवश्यकता पर जोर दिया।



## स्वामी विवेकानंद जयंती विशेष ईश्वर भक्ति की ज्वलंत मिसाल: युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वामी विवेकानंद - माँ भारती का एक ऐसा सपूत जो इस ग्रह मंडल पर सिर्फ 39 वर्ष जीया, लेकिन मानव सभ्यता के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ गया! जो एक युवा बनकर जीया और 'युवा' रूप में ही समाधिस्थ हो गया। जो विश्व भर के नौजवानों के लिए 'नौजवानी' की धड़कन बना! विश्व धर्म सम्मेलन' में जिसकी हाजिरी ने दुनिया भर को झंझोड़ डाला था। हाँ, ऐसा ही था- वह अद्भुत युवा संन्यासी- स्वामी विवेकानंद! आज विश्व के लगभग सभी शब्दकोशों में स्वामी विवेकानंद का स्थान है। दुनिया विवेकानंद को जानती है। हमारा राष्ट्रीय युवा दिवस इस युवा सन्यासी को समर्पित है। भारत भर के युवा एक आदर्श युवा के रूप में स्वामी विवेकानंद को देखते हैं। वह केवल भावनाओं के ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व के भी धनी थे। उनका ईश्वर पर दृढ़ विश्वास केवल वाणी में नहीं बल्कि व्यक्तित्व से भी झलकता था। एक बार स्वामी विवेकानंद जी अमरीका में निर्भयता पर व्याख्यान दे रहे थे। कुछ युवकों ने उनके विचार सुने, तो सोचने लगे- इस प्रकार निर्भयता पर बोलने वाले तो बहुत हैं। क्यों न इनकी परीक्षा ली जाए और समाज के सामने इनकी सत्यता को रखा जाए कि ये मात्र शब्द ही दे सकते हैं। यही सोचकर उन्होंने स्वामी जी को अपनी संस्था में प्रवचन देने के लिए आमंत्रित किया। स्वामी विवेकानंद जी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। निर्धारित समय व स्थान पर प्रवचन आरम्भ हुए। इस बार स्वामी जी का विषय रहा- ईश्वर पर विश्वास। वे बार-बार कह रहे थे, जो व्यक्ति ईश्वर पर विश्वास करता है, वह हर परिस्थिति व खतरे में भी निडर रहता है। तभी अचानक गोलियाँ चलनी आरम्भ हो गईं। सारी सभा में भगदड़ मच गई। लोग बाहर की ओर भागने लगे। कुछ चिल्लाने लगे। कुछ बेहोश हो गए। परन्तु पूरी सभा में एक व्यक्ति दृढ़तापूर्वक पर्वत के समान अडिग खड़ा रहा। वे थे- स्वामी विवेकानंद। कई गोलियाँ उनके बहुत पास से निकलीं। परन्तु वे निश्चल खड़े रहे। कुछ समय बाद सब शांत हो गया। स्वामी विवेकानंद ने जहाँ प्रवचन रोके थे, वहीं से पुनः बोलना आरम्भ कर दिया। उनकी वाणी को सुनकर, लोग फिर से सभा में आने लगे। कुछ ही समय में पूरा हॉल दोबारा भर गया।



## पंजाब तेल एक्सपोलर कंपाउंड व्यापारी एसोसिएशन रजिस्टर्ड द्वारा नव वर्ष एवं लोहड़ी का कार्यक्रम आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपाउंड में सभी व्यापारी भाइयों ने बहुत धूमधाम हर्षो उल्लास से लोहड़ी का कार्यक्रम बनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ जयसवाल मंत्री प्रतिनिधि में शिरकत की और सभी व्यापारी भाइयों को मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की और उन्होंने बताया कि मंत्री जी को इस कार्यक्रम में शिरकत करनी थी परंतु संगठनात्मक कार्यक्रम की वजह से लखनऊ प्रस्थान करना पड़ा उन्होंने कहा कि आप सभी व्यापारी लोगों के लिए मंत्री जी हमेशा तत्पर है संस्था के अध्यक्ष मनीष मदन व अध्यक्ष अनिल कपूर के द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व बुके प्रदान कर स्वागत किया गया और वार्षिक पुस्तक का विमोचन उनके कर कमल के द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष मनीष मदन के द्वारा आए हुए सभी व्यापारी बंधुओ को शुभकामनाएं प्रेषित की गई और लोहड़ी का पर्व मनाया गया इस अवसर पर यश जुनेजा राजेंद्र सिंह हरजीत सिंह जसवीर सिंह राजीव वालिया रोहित जसपाल सिंह अजीत अग्रवाल मौसम बतला अमित अरोड़ा अंकित सिंघल कृपाल सिंह सुमित गर्ग मंगू राम पांचाल नीरज पांचाल अमित नागलिया क्षितिज ना गलियां सुमित सहित समस्त व्यापारीगण उपस्थित रहे।





# सांस्कृतिक, वैचारिक एवं अलौकिक अनुभूति का पर्व महाकुंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** प्रयागराज में तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी की अवधि में सम्पूर्ण मानवता को पूर्णता की ओर ले जाने की संकल्प सिद्धि को साकार करने हेतु आयोजित महाकुंभ पर्व आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक उन्नति का महोत्सव है। महाकुंभ वैचारिक शुद्धता, दिव्यता, समता, एकता, एकात्म, समरसता, नव्यता, धन्यता प्रदान करने का पवित्र पर्व है। महाकुंभ समूची मानवता के कुत्सित कर्मों, तापों- पापों, श्रापों-अभिश्रापों, शोक-संतापों व अशांति, क्लेश, राग, द्वेष, ईर्ष्या, घृणा, वैमनस्य, हिंसा, क्रोध, अराजकता, भय, अनिद्रा, तनाव, नकारात्मक भाव को शमन करने का अमोघ शास्त्र है।

अनेकानेक जीवों को परमात्मा से आत्म - साक्षात्कार कराने का प्रबल शस्त्र है। महाकुंभ स्नान, इसीलिए महाकुंभ तीर्थराज प्रयाग में एक आध्यात्मिक , सांस्कृतिक एवं वैचारिक शुद्धता हेतु समूचे विश्व को आमंत्रण देने की विशेष दिव्य शक्ति है। महाकुंभ हमें सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ने की सद्प्रेरणा देता है। महाकुंभ के बारे में यूं कहें कि मानवता के उच्च आदर्शों की जीवनी शक्ति है, आधार स्तंभ है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाकुंभ प्रयागराज के दर्शन करने मात्र से मानव प्राणी की जड़ता और नकारात्मकता समूल नष्ट हो जाती है, और जीव के मानवीय विचारों में शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक शुद्धि, पवित्रता बढ़ती है। वास्तव में महाकुंभ सृजन से विसर्जन की तीर्थराज प्रयाग यात्रा है। महाकुंभ नकारात्मक पक्ष को विसर्जित करने और सकारात्मक पक्ष को वैचारिक सृजन करने की सद्प्रेरणा देने की शक्ति है। महाकुंभ करोड़ों-करोड़ श्रद्धालुओं को पूर्णता की ओर, मोक्ष की ओर ले जाने की अदभुत, अद्वितीय तीर्थ यात्रा है।



**रविन्द्र कुमार राणा**
**प्रख्यात पर्यावरण प्रहरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं, वर्तमान में प्रान्त नदी प्रमुख, गंगा समग्र के दायित्व पर है**

महाकुंभ प्रयाग सनातन संस्कृति की प्राचीनतम अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा - सुरक्षा और संरक्षण - संवर्धन करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। पापनाशिनी और मोक्षदायिनी मां गंगा के दिव्य गुणों से युक्त पवित्र जल में स्नान करने से करोड़ों मां गंगा भक्तों का आत्मिक, वैचारिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कल्याण हो जाता है,जीव रूपी आत्मा से परमात्मा का भी आत्म - साक्षात्कार हो जाता है। वास्तव में महाकुंभ सनातन संस्कृति के गर्व का पर्व ही नहीं अपितु समूची वसुंधरा को गौरवान्वित एवं आनंदित करने की अलौकिक अनुभूति भी है। महाकुंभ में मौजूद सांस्कृतिक एकता, अखण्डता, विविधता, समता, शान्ति, प्रेम, करुणा, दया, सामाजिक समरसता, वैचारिक आत्मिक शुद्धता, पवित्रता, सदभाव, सदाचार, अहिंसा, सकारात्मकता , शुचिता, सात्विकता हमें महाकुंभ में स्नान - ध्यान, जप - तप, पूजा - पाठ, साधना - उपासना करने से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक शुद्धता प्राप्ति का अनुपम, अदभुत, अतुलनीय सुअवसर मिलता है। भव्यता, दिव्यता और अलौकिकता से ओतप्रोत यह महाकुंभ हमारी प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का जन्मोत्सव ही है। जो हमें प्राचीनतम जल तीर्थों की रक्षा - सुरक्षा के साथ ही नदियों, जल तीर्थों की अविरलता एवं निर्मलता को बनाए रखने की सीख देता है। नदियों, सहायक नदियों, तालाबों, जल कुण्डों, कुओं के अस्तित्व को बचाने की याद दिलाता है। तीर्थराज प्रयाग में आयोजित यह महाकुंभ हमें संकल्पित होने की यह सद्प्रेरणा देता है कि हम सब मन, वचन और कर्म से संकल्प लें कि हम जल संरक्षण हेतु कृत संकल्पित रहेंगे और मां गंगा की दिव्यता और यौगिकता से परिपूर्ण गंगा जल की पौराणिकता को बनाए रखने के लिए नदियों की स्वच्छता, अविरलता निर्मलता को सदैव संकल्पित रहेंगे।

## राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर, क्विज और भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** कांशीराम राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जनपद स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्यातिथि प्रो. अखिलेश मिश्रा, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. संगीता गुप्ता व विशिष्ट अतिथि राहुल श्रीवास्तव, सहायक संभागीय अधिकारी परिवहन, गाजियाबाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया। महविद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को एक एक पौधा देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान गाजियाबाद के सहायक संभागीय अधिकारी परिवहन राहुल श्रीवास्तव ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा हेतु जागरुक एवं सचेत किया। मुख्य अतिथि प्रो. अखिलेश मिश्रा ने भी सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण बातें बताई। इसी क्रम में सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विषय वस्तु,भाषा शैली व प्रस्तुतीकरण आदि निर्धारित मानकों के आधार पर निर्णायक मंडल ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को विजेता घोषित किया। जिसमें प्रथम स्थान अंकुर यादव, द्वितीय स्थान युक्ता यादव व तृतीय स्थान वाणी ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान ऐश्वर्या व तृतीय स्थान निधि राठी ने प्राप्त किया।



## शिवम चौधरी को नम आंखों के साथ श्रृद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रृद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के स्वर्गीय ब्रदर इन लॉ (साले) के पुत्र शिवम चौधरी सदरपुर , जो मात्र 25 वर्ष के थे, का 2 जनवरी 2025 को रात्रि में असामयिक निधन हो गया। यह हृदय विदारक घटना न केवल उनके परिवार, बल्कि उन्हें जानने वाले सभी लोगों के लिए अपूरणीय क्षति है।

शिवम चौधरी के छोटे भाई सत्यम चौधरी ने हवन पूजन कर अपने भाई को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। श्रृद्धांजलि के दौरान सभी सगे संबंधियों सहित टेम पाल, मदन पाल, सुरेन्द्र, सतपाल, जगपाल,प्रदीप चौधरी, जयवीर , ओमपाल, सुभाष, टीटू महेश, जस्सी, सतेन्द्र, भूपेंद्र, घनश्याम, रिंकू, पिंटू, राहुल, अंकित, राज, अभय, बल देव, कार्तिक, वैभव, हर्ष, कार्तिक, कैप्टन नरेन्द्र मलिक, सुरेन्द्र सिंह, यशपाल, सुंदर, देशांक, इशांक, मोहित, अनिकेत, बोबल, प्रमोद, विनोद, धर्मपाल, ब्रह्मपाल, राजा, पिंकू, प्रेम सिंह, मुकेश, मनीष, सुमित, आकाश, लवीश, जितेंद्र आदि ने श्रृद्धांजलि दी। शिवम की स्मृतियां परिवार और उनके प्रियजनों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने का धैर्य प्रदान करें।



## पश्चिम प्रदेश निर्माण के विभिन्न संघों ने की महत्वपूर्ण मीटिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 2025 में मोर्चा के साथ सभी सहयोगी संगठन अपने कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार है, आप सभी भी मोर्चा को ज्यादा से ज्यादा मजबूती प्रदान करें इसी कड़ी में राष्ट्रीय खेल मोर्चा, अधिकारी कल्याण परिषद और नव राज्य निर्माण संघ के गणमान्य पदाधिकारी नोएडा कार्यालय पर अपने सुझाव और अपने संघ की शक्ति प्रदान करने आये। अधिकारी कल्याण परिषद की तरफ से कर्नल सुधीर चौधरी, ओमवीर सिंह वीरवाल, बाबूराम बालियान और राष्ट्रीय खेल मोर्चा की तरफ से डी.एस.पी. जगराज सिंह, शिव कौशिक , साथ ही नव राज्य निर्माण संघ की तरफ से आदिल गांधी , आसिफ खान, जफर राणा, रमेश कुमार आदि गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सभी संगठनों ने रूपरेखा तैयार करने में, एकजुटता का परिचय दिया और मोर्चा को शक्ति प्रदान की जिससे कि जल्द से जल्द नए प्रदेश का निर्माण हो सके।

# आशा की नौकरी लगते ही पत्नी ने पति को ठुकराया, दबंगो से दिलाई पति को धमकी,पीड़ित ने दी थाने में तहरीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** पत्नी ने एन०एच०एम० (सरकारी स्वास्थ्य मिशन) के तहत नौकरी पाते ही पति से पीछा छुड़ाने के लिए अपने क्षेत्र के दबंगो से पति को जान से मारने की धमकी व आतंकित कर पहुंचाया डिप्रेशन में पति ने दबंगो के खिलाफ मोबाइल रिकॉर्डिंग सहित पहासू थाना प्रभारी से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगायी।

पीड़ित कामिल की शादी लगभग नौ वर्ष पहले सम्भल के मोहल्ला राय सत्ती क्षेत्र की चीवन दास सराय निवासी इमराना पुत्री हनीफ से हुई थी जिससे 5 व 7 वर्ष के दो पुत्र है। जिससे मायके में नौकरी लगते ही पत्नी ने पति पर मारपीट की झूंटी शिकायत दर्ज कराते हुए सम्भल क्षेत्र के वन स्टॉप सेंटर में विगत सितम्बर माह में शिकायत दर्ज करा दी जहां कई तारीखें पड़ने पर पति के साथ सुसराल जाने पर तैयार नहीं हुई तथा पति से फैसला कराने की अपनी ही बात पर अड़ी रही जबकि पति उसकी मान मनोव्वल कर उसको अपने साथ रखना चाहता था इसके बाबजूद अपने परिवार को बचाने के खातिर पीड़ित पति 7 माह तक वहां मजदूरी कर किराए के मकान में रहा। लेकिन पत्नी ने अपने भाई व भतीजे व दबंगो के द्वारा मारपीट कर उसको वहां से भगा दिया। व फोन कर तलाक की मांग करने लगी। तथा अब 8 जनवरी बुधवार को करीब आधा दर्जन फोन कर अपने क्षेत्र सम्भल के दबंग आदिल खान व फरहत खलील के द्वारा उसको गाली गलोंच,जान से मारने की धमकी,ठंडा पानी डाल- डालकर हड्डियां तुड़वाने तथा उसको घर से उठवा लेने की धमकिया दी जिसकी पीड़ित के पास सभी काल रिकॉर्डेड है।

वहीं पहासू थाना प्रभारी रामफल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही जांच कर उक्त दबंगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**जन्मदिन**

## योग,यज्ञ और आयुर्वेद को अपनाकर स्वस्थ्य रह सकते हैं-प्रवीण आर्य

# यज्ञ-हवन कर मनाया गया चौधरी मंगल सिंह का जन्मदिन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सेवा सदन के संस्थापक, महामंत्री एवं मिशन 125 वर्ष स्वस्थ जीवन स्वस्थ भारत के प्रेरणा स्रोत चौधरी मंगल सिंह के जन्मदिन पर 5,सत्यम एनक्लेव,कोट गांव जीटी रोड स्थित सेवा सदन के प्रांगण में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष प्रवीण आर्य के ब्रह्मत्व में यज्ञ-हवन किया गया और निःशुल्क आई जांच कैम्प लगाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, विद्वानों ने गौभक्त चौधरी मंगल सिंह को उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।योगी प्रवीण आर्य ने स्वास्थ्य चर्चा विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि योग,यज्ञ और आयुर्वेद को अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। यज्ञ कुण्ड सेनेटाइजर यंत्र है इसमें गौघृत और ओषधिओं व वेदमंत्रों से हवन करने से एचएमपीवी सहित अनेकों रोगों से बचा जा सकता है।हमें योग,यज्ञ और आयुर्वेद को दैनिक दिनचर्या मे शामिल करना चाहिए।

समाज सेवी विनोद त्यागी ने जनसेवा में समर्पित चौधरी मंगल सिंह को उत्तम स्वास्थ्य व सफल मानव जीवन की शुभकामना व आशीर्वाद प्रदान किया।

चौ. मंगल सिंह ने गौवंश को बचाने के लिए कार्य करते रहने के संकल्प को दोहराया है तथा किसानों द्वारा फसलों में प्रयोग किये जा रहे रासायनिक कीटनाशकों को पूर्णतः प्रतिबंधित कराने की प्रतिबद्धता जताई।कीटनाशक तत्व हमारे खाने के जीन्स में प्रवेश कर गए हैं जिस की वजह से भयंकर कैसर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।



वैदिक विद्वान अग्निदेव शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में गुरुओं की अविद्वता के कारण साधारण मनुष्य धर्म और कर्म का अर्थ समझने और उसे आचरण में उतारने से वंचित हैं। समाज सेवी संदीप त्यागी (रसम), जगपाल सिंह (छाता मथुरा),ओम बीर सिंह वीरवाल,प्रमोद मित्तल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ प्रमोद सक्सेना, अशोक सागर,राजवती, माला शर्मा, महेश कुमार, देवेंद्र गोयल,सुशील शर्मा, रविन्द्र चाहर, गुड्डी चौधरी,डॉ मन मोह स्विच, यशराज मलिक, सुभाष गुप्ता, राजीव अग्रवाल, चमन सिंह, प्रमोद बंसल, तेनसिंह, शुभम त्यागी, भारत सिंह, हरबीर सिंह, चंचल जैन, विपिन अग्रवाल, आशा गोस्वामी, उषा चौहान, अनिल चौधरी,सीमा अग्रवाल एवं सुधीर आदि उपस्थित थे। सेवा सदन के संस्थापक चौधरी मंगल सिंह ने जन्मदिन पर मिले अपार स्नेह सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।


शांति पाठ और प्रीतीभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## आजादी के लिए समर्पित किया परमवीर परमश्रद्धेय राजा नाहरसिह बल्भगढ नरेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भारतवर्ष में आजादी के क्रान्तिकारी महान योद्धा परमवीर परमश्रद्धेय राजा नाहरसिह बल्भगढ नरेश जिससे अंग्रेजो की रुह काम उठती थी उन्होंने आप जीवन अपना राजपाठ अपनी सेना भारत की आजादी के लिए समर्पित किया था भारत की आजादी के अग्रिम योद्धा की शहीदी पर उनके शहीदी स्थल पर हवन किया व भावभीनि श्रदाजलि अपित किया जिस मे भाराबर्ष को पूर्वमैनिक अर्थसैनिक बल संगठन किसान संगठन शिक्षक संघ चिकित्सक वैज्ञानिक अभिवक्ता ' एवं विभिन्न खाफो के सरपंचो नो चादनी चौक दिल्ली मे बढचढ कर हिस्सा लिया एव राजा नाहर सिंह की बड़ी प्रतिमा चादनी चौक दिल्ली मे स्थापित करने का संकल्प लिया जय शहीद राजा नाहरसिंह अमर रहे एड मनोज कुमार तेवतिया वाईस चेयर महासंघ पूर्व अर्थ सैनिकबल संगठन।







# राष्ट्रीय राजमार्ग पर घने कोहरे में भिड़े आधा दर्जन वाहन,दो घायल पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु कराया अस्पताल में भर्ती

## नेशनल हाइवे से क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मद्द से हटवाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शुक्रवार की सुबह जनपद के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर शुक्रवार सुबह आधा दर्जन वाहन आपस में





भिड़ गए। हादसे में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही क्रेन की मद्द से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की तड़के से घना कोहरा पडने लगा। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग -9 पर मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रही एक एक ईको कार की अज्ञात वाहन से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ईको कार सवार ग्राम बदरखा निवासी इमरान और हिना घायल हो गए। इस हादसे के बाद एक के बाद एक कर पांच वाहन भी आपस में जोरदार ढंग से टकरा गए। गनीमत रही की इन वाहनों में सवार कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर आधा दर्जन वाहनों की भिड़ंत की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को पुलिस टीम ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई। थाना प्रभारी ने विजय गुप्ता ने बताया कि घने कोहरे में नेशनल हाइवे पर आधा दर्जन आपस में भिड़े थे,जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा अन्य वाहनों में सवार किसी भी व्यक्ति के चोट नहीं आई है।

# आज से हापुड़ चैम्पियन लीग (एचसीएल) शुरू होगी: वीसी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा हापुड़ चैम्पियन लीग (एचसीएल) गांव धनौरा में कार्तिक त्यागी के स्टेडियम में आज शनिवार से शुरू होने जा रही है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जायेगा। एचसीएल में कुल आठ क्रिकेट टीमें शामिल हो रही है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ ने बताया कि जनपद के युवा क्रिकेट खिलाडियों का प्रोत्साहित करने व एचपीडीए की योजनाओं को प्रचार प्रसार करने के लिए (आईपीएल) की

- डीएम व एसपी करेंगे एचसीएल का शुभारंभ:डा.नितिन
- प्रथम मैच हापुड़ स्मैसर्स व हापुड़ रॉयल के बीच खेला जायेगा
- एचसीएल में आठ क्रिकेट टीमें हो रही है,शामिल:नृपेश
- प्रत्येक शनिवार व रविवार को दो-दो मैच होंगे आयोजित

तर्ज पर जिले में (एचसीएल) हापुड़ चैम्पियन लीग का आयोजन आज शनिवार से गांव धनौरा में क्रिकेट खिलाड़ी कार्तिक त्यागी के स्टेडियम में शुरू होने जा रही है।

उन्होंने बताया कि एचसीएल का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक शनिवार व रविवार को क्रिकेट मैच आयोजित कराये जायेंगे।



गांव धनौरा में कार्तिक त्यागी का स्टेडियम व वीसी डा.नितिन गौड़

**एचसीएल में क्रिकेट टीमों के नाम**

एचपीडीए के सहायक अभियंता नृपेश सिंह तोमर ने बताया कि एचसीएल में खेलने वाली आठ क्रिकेट टीमों के नाम हापुड़ रॉयल,हापुड़ स्मेसर्स,हापुड़ योद्धा,हापुड़ ब्लास्टर,हापुड़ टाइटन,रॉयल चैंलर्स हापुड़,हापुड़ स्टीरकर व पिलखुवा वारियर है।

**आज खेला जायेगा प्रथम मैच**

सहायक अभियंता नृपेश सिंह तोमर ने बताया कि एचसीएल का उद्घाटन मैच हापुड़ स्मैसर्स व हापुड़ रॉयल के बीच खेला जायेगा। प्रत्येक शनिवार को दो-दो मैच 20-20 ओवर के खेले जायेंगे। फाइनल जीतने ली टीम को ट्राफी दी जायेगी।

# पिलखुवा विकास क्षेत्र में गरजा एचपीडीए का बुलडोजर, 33320 वर्ग मीटर में कर जा रही अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त,मचा हड़कंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/पिलखुवा।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर गत गुरुवार को प्राधिकरण

- जनमानस से अपील,अवैध कालोनी में प्लाट क्रय नहीं करें
- मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें: प्रभारी सचिव

अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में विकास क्षेत्र पिलखुवा में बुलडोजर से 5 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने की कार्यवाही की। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्त्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है।

हापुड़ पिलखुवा विकास





प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विकास क्षेत्र के पिलखुवा न्यू छिद्दापुरी में हाजी एहसान,हाजी रफीक द्वारा 5000 वर्ग मीटर,दिनेश नगर रूपनगर से आगे हसीन व उपेन्द्र द्वारा 4200 वर्ग मीटर,परतापुर रोड पर हसीन खां,इदरीश खां द्वारा 8000 वर्ग मीटर,सन्दोकड़ी रोड दिनेश नगर में हाजी आबिद मलिक द्वारा 4000 वर्ग मीटर व वाल्मीकि चौकसे जट्टपुरा पिलखुवा में पंकज सैनी,जगमोहन,आबिद व राशिद द्वारा 12000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर, ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर प्रभारी प्रवर्तन भवान सिंह बिष्टद,अवर अभियंता अंगद सिंह,राकेश सिंह तोमर व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 4 शातिर ठग गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के साथ ठगी करने वाले अंर्तजनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 4 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 32000

- 32 हजार रुपये,23 एटीएम कार्ड व वैगनआर कार बरामद
- गिरफ्तार अभियुक्तों पर डेढ़ दर्जन अभियोग दर्ज

रुपये,23 एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हापुड़ नगर पुलिस ने भोल-भाले लोगों को बातों में उलझाकर धोखाधड़ी से उनके एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अंर्तजनदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को दिल्ली रोड स्थित एसएसवी कालेज के



निकट से गिरफ्तार किया है।

**अभियुक्तों से बरामद**

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार शातिर ठगों के कब्जे से 3200 हजार रुपये,23 एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त की गयी वैगनआर कार बरामद की है।

**अभियुक्त के नाम**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम आबिद सैफी पुत्र युसूफ निवासी ग्राम जलालपुर थाना मुरादपुर,राशिद अंसारी पुत्र शान मौ.निवासी मौ.अशोक विहार थाना,मोनिस सैफी पुत्र रईसुद्दीन निवासी मौ.खन्ना नगर लोनी व नदीम पुत्र शफीक खान निवासी मौहल्ला खन्ना थाना लोनी जिला गाजियाबाद है।

**अभियुक्तों पर दर्ज अभियोग**

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ जनपद हापुड़ के विभिन्न थानों के अलावा जनपद गौतमबुद्धनगर,गाजियाबाद में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है।

# सुन्दर दीप (एस.डी.जी.आई.) ग्लोबल यूनिवर्सिटी के होटल मैनेजमेंट के छात्रों का हुआ इंटरनेशनल ट्रेनिंग के लिए चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** स्कूल ऑफ




होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के छात्र ध्रुव शर्मा, विजय यादव, अभिषेक कुमार, अविनाश यादव व दीपांशु का होटल लैगून एटीट्यूड बीच रिजॉर्ट और आउटरिगर बीच रिजॉर्ट, मॉरिशस में इंटरनेशल ट्रेनिंग के लिए चयन हुआ है, इस मोके पर यूनिवर्सिटी के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल , वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार प्रो० (डॉ०) राजीव रतन, स्कूल ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के निदेशक प्रोफेसर (डॉ०) हरवीर सिंह तथा यूनिवर्सिटी के सभी निदेशकों, एवं शिक्षको व सस्थान से जुड़े सभी लोगो ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ कामनाये दी।

# ठंड के तेवर देख कोहरे ने भी पसारे पैर,जन जीवन अस्त व्यस्त, शीत लहर से बचाव को लोग घरों में दुबके

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** नववर्ष 2025 शुरू होने के बाद से पड़ रही है। शुक्रवार की सुबह कड़ाके की ठंड को देखकर कोहरे ने पैर पसार दिये है। ठंड से से बचाव के लिए

**ठंड से बचाव को लोगों ने दिन भी लिया अलाव का सहारा**

लोग अलाव व अन्य साधनों का सहारा ले रहे है। शुक्रवार की तड़के से शुरू हुए घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन भी रेंगने पर मजबूर हो गये है। घने कोहरे के कारण प्रमुख ट्रेनें भी घंटों देरी से चल रही है। जिस कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। आपको बता दें,कि पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट आती जा रही है। शुक्रवार की तड़के से ही ठंड ने भी अपने तेवर दिखाने शुरू दिये। ठंड को बढ़ती देख कोहरे ने भी अपने पैर पसार दिये है। घने कोहरे से जनजीवन बुरी प्रभावित होने लगा है। दिन चढने के बाद सूर्य देवता ने ठीक प्रकार से अपने दर्शन





नहीं दिये। जिस कारण तापमान भी अन्य दिनों की भांति नीचे खिसक करीब 6 डिग्री तक पहुंच गया है। घना कोहरा होने के कारण कई प्रमुख ट्रेनें के लेट होने के यात्रियों को बसों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

**सड़कों पर वाहन रेंगने पर मजबूर**

जनवरी माह में प्रतिदिन पड़ रहे घने कोहरे के कारण चंद कदम की दूरी पर वाहन चालकों को आसानी से दिखाई नहीं दे रहा है। जिस कारण वाहनों से मिनटों का सफर घंटों में तय हो रहा है। जिससे लोगों का समय के साथ धन की भी बबार्दी हो रही है।

**ठंड से बचाव को अलाव का सहारा लिया**

शुक्रवार की सुबह से पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव को लोगों को दिन में भी अलाव का सहारा लेना पड़ा। ठंड से बचने के लिए लोग घरों के बाहर व बाजार में दुकानों के बाहर अलाव के निकट बैठे नजर आये।

**चुनाव** | 12 जनवरी को श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का चुनाव होगा : चुनाव अधिकारी

# रविवार को श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति को मिलेगा नया प्रधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** कल रविवार को श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का चुनाव, मतगणना सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न होगी। मतगणना उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। मतगणना स्थल पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा। चुनाव में 1730 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का नया प्रधान चुनेंगे। चुनाव में दोनों ग्रुपों से विभिन्न पदों पर 42 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है।

वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मतदान स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी,एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का चुनाव कल रविवार को सीसीटीवी कैमरे व पुलिस की निगरानी में संपन्न होगा। मतदान स्थल एसएसवी इंटर कालेज का बनाया गया है। मतदान के लिए सात बूथ बनाये गये है। चुनाव में 1730 मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति का नया प्रधान व अन्य पदाधिकारी चुनेंगे। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी मतदाताओं को

- चुनाव में 1730 मतदाता अपने-मताधिकार का प्रयोग करेंगे:विजय गर्ग
- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतदान व मतगणना होगी
- प्रधान पद पर संजय गुप्ता व अशोक छारिया चुनाव मैदान में है
- सीओ कोतवाल ने मतदान स्थल का निरीक्षण किया

एसएसवी इंटर कालेज के नर्सरी के निकट स्थित गेट से प्रवेश मिलेगा। मतदान उपरांत कालेज के मुख्य हॉल में सीसीसीटी कैमरे की निगरानी में मतगणना होगी। जिसके उपरांत चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा।

**चुनाव में 42 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा है**

चुनाव अधिकारी विजय कुमार गर्ग ने बताया कि श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति के चुनाव में दोनों गुटों से विभिन्न पदों पर 42 प्रत्याशी चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे है। प्रधान पद पर संजय गुप्ता टायर वाले व अशोक छारिया चुनाव मैदान में है।


**होर्डिंग व पोस्टरों पट गया शहर**

आगामी 12 जनवरी को श्री चण्डी मंदिर प्रबंधक समिति के होने वाले चुनाव में उतरे विभिन्न पदों के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार करने के लिए शहर की सड़कों के किनारे व बीच में लगे खंभों का पोस्टरों से पाट दिया है।



**घर-घर मांगे जा रहे है,वोट**

चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे प्रत्याशियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है। प्रतिदिन देर शाम तक नुक्कड़ सभाओं का भी आयोजन किया जा रहा है।



**रविवार को मिलेगा 25 वॉ प्रधान**

मिली जानकारी के अनुसार श्री चण्डी मंदिर आध्यात्मिक धाम का विधिवत कमेटी का चुनाव का आरंभ सन.1965 में आरंभ हुआ था। नई चुनाव व्यवस्था से समिति का 12 वॉ प्रधान मिलेगा। उक्त शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



**सीओ ने किया मतदान स्थल का निरीक्षण**

पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र शर्मा ने कोतवाल व चुनाव अधिकारी विजय कुमार गर्ग के साथ मतदान स्थल कर निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सम्पादकीय

# बदरंग होता समाज और आरक्षण की मृगतृष्णा!



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

अटलजी की सरकार में योजना आयोग में रहे एक बड़े दलित नेता प्रो.सूरजभान ने कहा था- हर परिवार को न्यूनतम पाँच एकड़ जमीन दे देजिए और अपना ये आरक्षण अपने पास रखिये ये कामकाजी कर्मठ लोग अपनी हैसियत खुद बना लेग़े। स्वतंत्रता के बाद भारतमाता की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा का सपना पाले गांधी जी इहलोक से प्रस्थान कर गए। अन्ना जैसे सभी समाजसेवी कहते हैं कि आज गांव संकट में हैं, इस देश को बचाना है तो गांवों को बचाना होगा। मोहन भागवत जी भारतमाता ग्राम्यवासिनी के वैभव की बात करते हैं और गाँवों को बचाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान की जरूरत पर जोर देते हैं। गांधी ग्राम स्वराज के पैरोकार थे। उन्हें इसकी पूरी आशंका थी कि आजादी के बाद नई अर्थव्यवस्था का प्रहार गांवों में होगा, और हुआ भी। यूरोपीय दर्शन से प्रभावित पं.जवाहरलाल नेहरू ने शहरों को विकास का मानक बना दिया। श्रम आधारित कुटीर उद्योगों की जगह भारी मशीनों का बोलबाला शुरू हुआ। गांव की मिश्रित अर्थव्यवस्था भंग होती गयी। परिणाम यह हुआ कि 90 के ग्लोबलाइजेशन के बाद, टाटा, बाटा सभी गाँव पहुंच गए। गांव के परंपरागत कौशल को संगठित व बड़ी कंपनियों ने हजम करना शुरू कर दिया। सबसे पहले इसी वर्ग से काम छिना जो गांव की अपनी स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के कारक थे। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के जिस बड़ीहर्दी नामक गाँव का मैं निवासी हूँ उसका इतिहास पाँच सौ वर्ष से ज्यादा पुराना है। जो गाँव दो सौ वर्ष भी पुराने होंगे वहां के उम्रदराज लोगों ने आहिस्ता-आहिस्ता ढहती अर्थव्यवस्था को अपनी नजरों से देखा होगा। हमारे गाँव में प्रायः हर वृत्ति के पारंगत लोग थे। लुहार, बढ़ई, सोनार, ठठेर, ताम्रकार, रंगरेज, कोरी, धोबी, रंगरेज, नाई लखेरा, पटवा, मनिहार, बेहना,भड़भूजा बाँस का काम करने वाले बँसोर,चमड़े का जूता बनाने वाले चर्मकार, कुम्हार, बनिया, किसान। सभी एक दूसरे पर निर्भर या यों कहें परस्पर पूरक। सन सत्तर के दशक तक मेरी जानकारी में रुपये का विनिमय महज 10 प्रतिशत था। सभी काम सहकार और वस्तु विनिमय के आधार पर चलते थे। बड़ी कंपनियों के उत्पादों ने गाँव में सेध लगानी शुरू कर दी। सब एक-एक कर बेकार होते गए। आज मेरे गाँव से लगभग समूचा कामकाजी वर्ग पलायन कर गया। लुहारी टाटा ने छीन ली और बाटा चर्मकार होकर पहुंच गए। सोनारों के धंधे में भी ब्राडेंड कंपनियाँ आ गई।

एक बार टीवी डिबेट में.मेरे एक साथी ने आपत्ति उठाई कि आप उनके उत्थान के पक्षधर नहीं हैं क्या? मैंने जवाब दिया हूँ.. कैसा उत्थान चपरासी की नौकरी पाना उत्थान है क्या.? जिनके पास सदियों से पीढी.दर पीढ़ी पारंपरिक कौशल है उसे आधुनिकता के साथ जोड़ा जाना चाहिए। यदि उन्हें ही कौशल संपन्न बनाया जाता तो आज गाँवों में टाटा-बाटा, तनिष्क नहीं घुसते। सबसे बड़ा खेल राजनीति का रहा। उन्होंने जातियों को वोट बैंक में बदल दिया और आरक्षण की मृगतृष्णा दिखा कर समूचे कामकाजी समाज को नौकरी की लाइन में खड़ा कर दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि देश की सत्ता का संचालन करने भगवान् स्वयं आ जाएं तो वे सबको नौकरी नहीं दे सकते। एक सुनियोजित साजिश के तहत परंपरागत कौशल छीन कर उद्योगपतियों के हवाले कर दिया गया। गांधी ने जो ग्रामोद्योग वाली स्वाबलंबी व्यवस्था सोची थी उसका सत्यानाश हो गया। हर छोटे-बड़े काम उद्योगपतियों के हवाले कर दिए गए। उद्योग जातीय बंधन नहीं मानता इसलिए पंडित बिंदेशरी पाठक आज देश के सबसे बड़े स्वीपर हैं और पंडित विश्वनाथ दुबे (जबलपुर) व देशपांडे जी(पुणे) ने देश के सबसे बड़े मुरगीपालक।

# बालकों से पहले अभिभावक समझें संस्कारों की अहमियत

(राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष 12 जनवरी 2025)



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

आज के आधुनिक दुनिया की वास्तविकता है कि दुर्भाग्य से अभिभावकों का व्यवहार ही बच्चों को नकारात्मकता की ओर धकेल रहा हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद, अनुचित व्यवहार के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं, जन्म के समय बच्चों का अपर्याप्त विकास, कुपोषण, विकलांगता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता के नाम पर हम अपनी अच्छी बातें, संस्कार, विचार भूल गए हैं और बुरी बातों में लगकर जीवन को कठिन बना लिया है। अनेक माता-पिता या घर के बड़ों को यह भी नहीं पता कि उन्हें बच्चों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसी कारण परिवार, समाज, देश और दुनिया में समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो रहा है। बच्चे रोते हैं, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन की आदत लगा दी जाती है, बच्चे जिद करते हैं इसलिए उन्हें जंक फूड खिलाया जाता है। बच्चों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वस्तुएं, खाद्यपदार्थ भी बड़े प्यार से मुहैया करायी जाती हैं और अभिभावक ही कहते हैं, कि आज की पीढ़ी बहुत बिगड़ गई है, मां-बाप की बात बिल्कुल नहीं सुनते। हम संस्कारहीन, संवेदनहीन, नैतिकताहीन, स्वार्थी समाज के अभिन्न अंग है।

इस साल शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर एक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर छोटी बच्चियों के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वह वीडियो देखकर हैरानी हुई, 6-7 साल की शालेय लड़कियां फिल्मी गाने पर डांस कर रही थीं, फिल्मी अभिनेत्री की तरह आधुनिक वेशभूषा धारण कर ये नन्ही बच्चियां शिक्षा के उस मंदिर में नाच रही थीं और गा रही थी कि "आज की रात मजा हुस्न का, आँखों से लीजिये"। शिक्षकों के सम्मानार्थ शिक्षक दिवस मनाया जाता है, वहां ये छोटी-छोटी लड़कियां नृत्य कला का कौन-सा प्रदर्शन कर रही है, उस स्कूल के शिक्षकों और उन बच्चियों के अभिभावकों के बारे में क्या कहें? जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। आज की आधुनिक पीढ़ी हमारे देश के महान समाज सुधारक, वैज्ञानिक, महान क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में जानती हो या नहीं, लेकिन उन्हें रील, फैशन, फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी होती है। यहां तक कि बच्चों के रोल मॉडल भी देश के लिए जान न्योछावर करने वाले वीर सैनिक, संघर्षरत समाज सुधारक नहीं, बल्कि फिल्मी नायक-नायिकाएं हैं। क्योंकि बच्चों को पसंद आने वाली ऐसी मनोरंजक जानकारी उन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

आजकल संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है। आजकल बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति काफी बढ़ गई है, वे छोटी-छोटी बातों पर उग्र हो जाते है, नशा करते है, हथियार रखते है, गिरोह बनाकर घूमते हैं। छोटी-छोटी बात पर लड़ने तैयार हो जाते है। गालीगलौच, छींटाकशी और अभद्र भाषा का प्रयोग तो ऐसे करते है, कि चाहे कितनी भी महंगी शिक्षा क्यों न दी जाए, उन्हें उचित मोड़ नहीं मिलता है। अक्सर खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं कि नाबालिग गंभीर अपराधों में शामिल हैं। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमले करने वाले कई गिरोहों में नाबालिग भी होते हैं। जिद पूरी न होने पर कुछ लड़कियां और लड़के अपने माता-पिता की जान लेने से भी नहीं डरते, अपनी मनमानी पूरी न होने पर वे हिंसक हो जाते है, ये बच्चे अपराधी बनकर पैदा नहीं होते, माता-पिता की गैर जिम्मेदारी और लापरवाही के कारण अपराधी बनकर पूरे समाज के लिए घातक बन जाते हैं। अधिकतर नवदम्पत्ति महिलाओं को घर पर भोजन बनाना पसंद नहीं है, इसलिए हमेशा स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल जाना पड़ता है। शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे सेहत हमेशा खराब रहती है, बच्चों को भी बाहर खाने की आदत लग जाती है। बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता नहीं होता, लेकिन अभिभावक भी बच्चों पर अंकुश नहीं लगाते, उलटे उन्हें बिगाड़ देते हैं।

अक्सर माता-पिता घर में बड़े-बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, लेकिन वही माता-पिता अपने बच्चों से आदर्श चरित्र की उम्मीद करते हैं। हमारे सभ्य समाज में शायद ही देखने-सुनने मिलता है कि शादी से पहले बेटे अपने परिवार से विभक्त हो गए है या उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों को वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है, लेकिन शादी के बाद घर परिवार से विभक्त होना अब तो आम बात हो गयी है। जब यह असहाय बुजुर्ग व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव में कमजोर शरीर के साथ जिंदगी की जद्दोजहद से जूझ रहे होते है, उसी वक्त उन्हें अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरुरत होती है और उसी वक्त अपने उनका साथ छोड़ देते है।

आज के आधुनिक परिवेश में जहां सुख-सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपनी खुशी, शांति, समाधान, स्वाभाविकता, भोलापन खो दिया है। मनुष्य इतने निचले स्तर पर चला गया है कि कई बार लोगों के स्वार्थ को देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी हैं, जो अपने लाभ के लिये दूसरों की जिंदगिया तबाह नहीं करते। फैशन और आधुनिक जीवनशैली के चक्कर में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावट, हर जगह राजनीतिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, दिखावे, भेदभाव, धोखाधड़ी, नशाखोरी, लालच, असभ्य व्यवहार, ईर्ष्या के इस प्रदूषित वातावरण में मन की शांति प्राप्त करना एक भ्रम है।

कई माता-पिता अपने बच्चों की आवश्यक जरूरतों और उनकी जिद के बीच के अंतर को नहीं समझते। बचपन से ही महंगे शौक, जिद, गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड रिलेशनशिप का चलन, तनाव, आधुनिकता, झूठा दिखावा, फिल्में और बच्चों के दिमाग पर सोशल मीडिया के बुरे प्रभाव ने उनमे गलत काम के प्रति आकर्षण बढ़ाकर उनके जीवन में जहर घोल दिया है। अभिभावकों का लगातार व्यस्त रहना, बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान न देना, बच्चों पर नियंत्रण न रखना, बच्चों की गलतियों को हमेशा नजरअंदाज करना, केवल महंगे उपकरण या भौतिक सुविधाएं प्रदान करना, बच्चों को अत्यधिक लाड़-प्यार करना और उनकी हर इच्छा पूरी करना ही माता-पिता अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। क्या बच्चों के सामने अभिभावक आदर्शवादी मार्गदर्शक की भूमिका बखूबी निभा रहे है? कि जिससे बच्चे सिख लें। बच्चों को सही समय पर संस्कार उचित पालन-पोषण, पोषक वातावरण देना बहुत जरूरी है। एक बार समय बीत जाने पर पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता, फिर उस गलती का खामियाजा व्यक्ति को जीवन भर भुगतना पड़ता है। माता-पिता को आधुनिक बनना चाहिए लेकिन केवल सोच के साथ और वही सोच अगली पीढ़ी तक पहुंचानी चाहिए। यदि अभिभावक जागरूक होकर बच्चों को संस्कारवान बना दें, तो समाज की नब्बे फीसदी समस्याएं दूर हो जाएंगी। माता-पिता चाहे कितने भी व्यस्त क्यों न हों, चाहे वे गरीब हों या अमीर, यह माता-पिता की जिम्मेदारी है, कि वे अपने बच्चों के लिए समय निकालें। आज के बच्चे कल देश का उज्ज्वल भविष्य हैं, बच्चों को जितने अच्छे संस्कार मिलेंगे, देश उतना ही बेहतर और मजबूत होगा। माता-पिता की गलती की सजा बच्चों को न भुगतनी पड़े।

बच्चे माता-पिता के व्यवहार का अनुकरण करते है, इसलिए माता-पिता का व्यवहार बच्चों के सामने हमेशा अनुकरणीय होना चाहिए, बच्चों को उत्कृष्ट व्यवहार और पोषक वातावरण दें। बच्चों को अच्छे और बुरे के बीच अंतर करना सिखाएं। कमजोरों की मदद करें और महिलाओं का सम्मान करना सिखाएं। माता-पिता अपने बच्चों को पैसा कैसे कमाया जाता है, यह सिखाने से पहले ईमानदारी के साथ सुख से जिंदगी कैसे जी जाती है, यह सिखायें। देश में कल की पीढ़ी का भविष्य आज माता-पिता के हाथ में है, उस पीढ़ी को संस्कारित और सशक्त बनायें। केवल संस्कारित माता-पिता ही संस्कारशील बच्चों का सृजन कर सकते हैं और उन्हें उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए मजबूत बना सकते हैं।

## महाकुंभ 2025

प्रयागराज में छाई अनुपम अद्वितीय बहार,
पा लो पवित्रता की "आनंद" दिव्यतम धार,
शुरू होने वाला है विशेष महाकुंभ स्नान,
कर लो चितमन से जप, तप, दान, स्नान ।

साधु-संत, भक्तजनों का जमावड़ा यहां लगा,
अति सुखदाई मंगलकारी संगम मेला है लगा,
कर लो तुम संगम त्याग, तपस्या, तन्मयता का,
खजाना भर लो ईश्वर से अनंत खुशियों का ।

कई वर्षों बाद आया है ये सुनहरा मौका,
धो लो जमा मन का मैल, जन्म-जन्मों का,
भक्ति की नगरिया की ओर प्रस्थान करो,
परमेश्वर का एकाग्र चित हो ध्यान करो ।

निराला ये आध्यात्मिक, दैहिक, दैविक सुख,
मिटाने वाला है शारीरिक, मानसिक दुःख,
उत्तर आया है धरा पर स्वर्ग अति रमणीक,
पहला शाही स्नान अब शीघ्र ही नजदीक ।

सनातन संस्कृति का देखो भव्य आयोजन,
संचित कर्मों से मुक्ति का श्रेष्ठतम प्रयोजन,
साक्षी बनों अविरल बहती सात्विक बयार का,
पर्व ये अभिनंदन, वंदन, आत्मिक चिंतन का ।

आंखों देखा रोमांचक अविस्मरणीय है ये नजारा,
भाग्यशाली वो जिसने यहां थोड़ा समय गुजारा,
इस देवालय में प्रवेश की आई है तुम्हारी बारी,
प्रशासन ने इस बार कर रखी है चकाचक तैयारी ।




**मोनिका डागा "आनंद", चेन्नई, तमिलनाडु**

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# सिरफिरे ट्रूडो तो गए,क्या अब भारत-कनाडा संबंध सुधरेंगे



**डॉ. आर.के. सिन्हा**

राजनयिक मयार्दाओं और अंतरराष्ट्रीय मयार्दाओं को ताक पर रखने वाले और खालिस्तानी समर्थक कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है या उन्हें ऐसा करने पर मजबूर कर दिया गया । ट्रूडो एक नंबर के गैर- जिम्मेदार प्रधानमंत्री के रूप में याद रखे जाएंगे। वे खुलकर खालिस्तानी तत्वों का समर्थन करने के अलावा भारत के आतंरिक मामलों में भी लगातार हस्तक्षेप करते रहे। ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का बिना किसी सबूत के बेशर्मी से आरोप भी लगाया। ट्रूडो के प्रधानमंत्रित्व काल में कनाडा में खालिस्तानी तत्व अति सक्रिय हो गए और खुलकर भारत विरोधी उत्पात मचाया । ये भारत को फिर से खालिस्तान आंदोलन की आग में झोंकना चाहते थे। कनाडा की ओंटारियो विधानसभा ने 2017 में 1984 के सिख विरोधी दंगों को सिख नरसंहार और सिखों का राज्य प्रायोजित कत्लेआम करार देने वाला एक प्रस्ताव भी पारित किया था। ये सब गंभीर आरोप के मामले थे। इस तरह की हरकतों से साफ था कि कनाडा में भारत के शत्रुओं को ट्रूडो सरकार का खुला समर्थन मिला हुआ था। कनाडा में खालिस्तानियों के जड़े जमाने का सबसे पहले सुबूत मिला था कनिष्क विमान हादसे के रूप में। मांट्रियाल से नई दिल्ली जा रहे एयर इंडिया के विमान कनिष्क को 23 जून 1985 को आयरिश हवाई क्षेत्र में उड़ते समय, 9,400 मीटर कीऊंचाई पर, बम से उड़ा दिया गया था और वह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस भयानक हादसे में 329 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक ही थे। ट्रूडो को भारत सरकार ने बार-बार कहा कि वे अपने देश में खालिस्तानियों को कसे। पर मजाल है कि ट्रूडो ने कोई इस संबंध में कोई कदम उठाया हो। भारत-कनाडा संबंधों ने सितंबर 2023 में गंभीर मोड़ ले लिया था , जब ट्रूडो ने दावा किया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों के पास भारतीय सरकार के एजेंटों को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाले विश्वसनीय सुबूत हैं। भारत ने उन दावों को "बेतुका और राजनीति से प्रेरित" बताया था। भारत मानता है कि निज्जर एक घोर आतंकवादी था । वह पंजाब में 2007 के सिनेमाघर बम विस्फोट और 2009 में सिख नेता रुलदा सिंह की हत्या में शामिल था। भारत के बार-बार अनुरोधों पर भी खालिस्तानियों को प्रत्यर्पित करने में कनाडा की विफलता ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को खाद-पानी मिल रहा है।

जस्टिन ट्रूडो साल 2018 में भारत यात्रा पर आए थे। वे अमृतसर से लेकर आगरा और मुंबई से लेकर अहमदाबाद का दौरा करने के बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले तो मोदी जी ने कायदे से बता दिया था कि " भारत धर्म के नाम पर कट्टरता तथा अपनी एकता, अखंडता और संप्रभुता के साथ समझौता नहीं करेगा।"

# धार्मिक समाज सुधारकों की परंपरा को बचाने की लड़ाई



**एड. संजय पांडे**

शिवगिरी मठ सभी दलों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखता है। वार्षिक शिवगिरी यात्रा के दौरान राजनीतिक दलों के नेताओं को यात्रियों को संबोधित करने का अवसर दिया जाता है। हाल के वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने यात्रियों को संबोधित किया है। इस वर्ष शिवगिरी मठ के कार्यक्रम में विजयन को आमंत्रित किया गया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने 31 दिसंबर 2024 को वर्कला स्थित श्री नारायण गुरु की समाधि स्थल पर 92वें शिवगिरी तीर्थक्षेत्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। वर्कला में नारायण गुरु की समाधि पर शिवगिरी यात्रा के संदर्भ में आयोजित एक सभा में विजयन ने कहा, "गुरु को सनातन धर्म का प्रतीक दर्शाने के लिए संगठित प्रयास किए जा रहे हैं। गुरु कभी भी सनातन धर्म के प्रचारक या अनुयायी नहीं थे। बल्कि, वे उस समय के नए युग के लिए सनातन धर्म का पुनर्निर्माण करने का प्रयास कर रहे थे।" उन्होंने आगे कहा, "सनातन धर्म का सार उसकी वर्णाश्रम व्यवस्था में है, जिसका गुरु ने स्पष्ट रूप से विरोध किया। गुरु जातिवाद के खिलाफ खड़े होने वाले व्यक्ति थे। उनका नया धर्म, धर्म के नियमों से परिभाषित नहीं था, बल्कि वह लोगों की भलाई के लिए बनाई गई प्रणाली पर आधारित था। धर्म के मामले में वे किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करते थे।गुरु को सनातन धर्म की सीमाओं में बांधना उनके खिलाफ पाप होगा।" विजयन ने कहा, "श्री नारायण गुरु को सनातन धर्म के समर्थक के रूप में नहीं देखा जा सकता। 'एक जाति, एक धर्म, और लोगों के लिए एक ईश्वर' का संदेश देने वाले गुरु कभी भी सनातन धर्म के प्रवक्ता या समर्थक नहीं थे। गुरु ने समाज में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अगर आप उनका इतिहास देखेंगे, तो पाएंगे कि सनातन धर्म वर्णाश्रम व्यवस्था का पर्याय है, जो चार वर्णों की व्यवस्था और वंशानुगत व्यवसायों पर आधारित है। यह वंशानुगत व्यवसायों का महिमामंडन करता है। लेकिन श्री नारायण गुरु ने क्या किया? उन्होंने वंशानुगत व्यवसायों को त्यागने का आह्वान किया। तो गुरु सनातन धर्म के समर्थक कैसे हो सकते हैं?" इस तरह विजयन ने अपने भाषण में समाज सुधारक श्री नारायण गुरु को सनातन धर्म के दायरे में लाने के प्रयास की निंदा की। उन्होंने कहा कि ह्सनातन धर्म समाज में जातीय विभाजन के आधार पर बनी वर्णाश्रम व्यवस्था के समान है। श्री नारायण गुरु को सनातन धर्म के समर्थक के रूप में प्रचारित करने का प्रयास उनके जातिवाद के खिलाफ किए गए कार्यों और मानवतावादी संदेश के विपरीत है। उन्होंने कहा, "आज जब दुनिया धर्म आधारित हिंसा की परिभाषाओं से जूझ रही है, ऐसे समय में श्री नारायण गुरु के विचार अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। गुरु जिन चीजों के खिलाफ लड़े, उन्हें उन्हीं का समर्थक दिखाने का प्रयास नाकाम किया जाना चाहिए। गुरु को केवल एक धार्मिक नेता या संत के रूप में प्रचारित करने का विरोध होना चाहिए। गुरु का कोई धर्म या जाति नहीं थी।" विजयन ने कहा कि इस सम्माननीय सामाजिक सुधारक को सनातन धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरु की शिक्षाएं और कार्य समाज में समानता स्थापित करने और जातीय भेदभाव का विरोध करने के लिए थे, जो सनातन धर्म के सिद्धांतों से मेल नहीं खाते। आगे विजयन ने कहा, "सनातन धर्म, जो सत्ताधारी विचारधारा है, उसके कारण उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में दलित, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं।" उनके इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन ने केरल के मुख्यमंत्री पर तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन की तरह ही सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया। 19वीं सदी के केरल में जाति-प्रथा अत्यंत कठोर और शोषणकारी थी। हिंदू समाज विभिन्न जातीय समूहों में विभाजित था, जहां ब्राह्मण समाज उच्च स्थान पर था, जबकि निम्न जातियों को भयंकर भेदभाव का सामना करना पड़ता था। ईझावा समाज जैसे जातीय समूहों को शिक्षा, मंदिर प्रवेश और सार्वजनिक स्थानों पर जाने का अधिकार नहीं दिया जाता था। ये लोग गहरी गरीबी और अपमानजनक परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करते थे। इसी दमनकारी वातावरण में, श्री नारायण गुरु का जन्म 1855 में केरल के चेम्पाझंथी नामक छोटे गांव में एक ईझावा परिवार में हुआ।



बचपन से ही उनकी बुद्धिमत्ता और आध्यात्मिक झुकाव अद्वितीय थे। उन्होंने अपने समाज के लिए वर्जित मानी जाने वाली संस्कृत और हिंदू धर्मग्रंथों का अध्ययन किया। उनका मानना था कि देवत्व सभी मनुष्यों में समान है, यह जाति और धर्म पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने जातीय भेदभाव को चुनौती दी। श्री नारायण गुरु ने 1888 में अरुविप्पुरम नदी के किनारे शिवलिंग की स्थापना कर ब्राह्मणों के वर्चस्व को खुली चुनौती दी, क्योंकि उस समय मंदिर स्थापित करने का अधिकार केवल ब्राह्मणों तक सीमित था। इस अनुष्ठान को स्वयं करके उन्होंने यह संदेश दिया कि आध्यात्मिकता सभी के लिए है और यह किसी भी जाति तक सीमित नहीं हो सकती। जब गैर-ब्राह्मणों द्वारा किए गए इस अनुष्ठान का विभिन्न स्तरों पर विरोध हुआ, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मूर्ति "ब्राह्मणों के शिव की नहीं, बल्कि ईझावा के शिव की" थी और ईझावा समाज को पीड़ित जाति के रूप में संबोधित किया। इसके बाद, उन्होंने पूरे केरल में कई मंदिर स्थापित किए। ये मंदिर केवल पूजा के स्थान नहीं थे, बल्कि शिक्षा और सामाजिक सुधार के केंद्र भी बने। उनका प्रसिद्ध नारा "एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर" बना, जिसने जातिवादी विभाजन को स्पष्ट रूप से खारिज किया। उनका मानना था कि देवत्व सभी मनुष्यों में समान है और यह जाति या धर्म पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने जातिवाद और अस्पृश्यता से पीड़ित समाज को प्रगतिशील दिशा में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1888 में, जब मंदिर प्रवेश और समानता के आंदोलनों की शुरूआत भी नहीं हुई थी, उन्होंने पीड़ित जातियों को मंदिर में प्रवेश का अधिकार दिलाया। श्री नारायण गुरु ने शिक्षा को मुक्ति का एक प्रभावी साधन माना। उन्होंने स्कूलों की स्थापना की और जाति भेदभाव को खारिज करते हुए सभी को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** — पड़ोसियों से अच्छे समबन्ध बनेंगे, अपने लक्ष्यों की तरफ आगे बढ़ सकेंगे, घर पर लोन का मसला दिक्कत दे सकता है, यूरिन इंफेक्शन,शुगर समस्या का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-61

**वृषभ** — कुछ गलती की है उसके पश्चाताप का समय है,स्त्री सुख प्रभावित हो सकता है, अंदर जो भी स्किल है उस पर कार्य करे आर्थिक दिक्कत दूर होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** — मुश्किल काम आसान बना लेंगे,परिवार के कारण प्रसन्नता होगी, आय का नया साधन बनाए, छोटा मोटा इन्वेस्टमेंट कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-57

**कर्क** — वाणी का प्रभाव लोगों पर पड़ेगा, आपके पक्ष में कोई काम हो जाएगा, इंटरव्यू देते समय थोड़ा अलर्ट रहने की जरूरत है, आमदनी शुरू होगी। भाग्य प्रतिशत-60

**सिंह** — व्यवसाय में कानूनी कार्यवाही का सामना सम्भव है, हड्डी रोग समस्या के लिए चिकित्सक से मिल सकते है,बाहर से माल लाना बेचना शुभ रहेगा, पैसा बचाए। भाग्य प्रतिशत-53

**कन्या** — काफी समय बाद दूसरे विवाह को तैयार हो सकते है, कपड़े, ज्वेलरी, बेकरी, व्यवसाय में उन्नति करेंगे, किसी गुरु से जुड़ना भी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-58

**तुला** — काम में पकड बननी शुरू होगी, खुद को नए तरीके से ढाल पाएंगे, दुकान से पुराना माल बाहर निकालेंगे, मकान बनने का काम लंबा खींच सकता है। भाग्य प्रतिशत-72


**वृश्चिक** — भाग्य का साथ मिलेगा, अधिक खर्चे से पहले ही सावधान हो जाएंगे, यात्रा करते समय पर्स आदि का ध्यान रखें, कला साहित्य, कंसल्टेंसी से उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-69

**धनु** — मन को किसी के सहारे की आवश्यकता है, गुप्त धन बढ़ेगा, किसी बड़ी उम्र के मित्र से प्रेम की बात कहने में मुश्किल होगी। भाग्य प्रतिशत-55

**मकर** — व्यवसाय में उन्नति होगी, बड़े खर्च पर अधिक विचार करेंगे, सीमित साधनो में रहना पड़ सकता है, ईश्वर से किसी कार्य के होने की प्रार्थना करेंगे। भाग्य प्रतिशत-54

**कुंभ** — कोई अज्ञात व्यक्ति मुश्किल खड़ी कर सकता है, नौकरी में ट्रांसफर का योग है, घर में सकारत्मक माहौल कम लगेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — शांति अनुभव होगी, धन की कमी दूर होगी, सरकारी काम के होने की तारीख मिल सकती है, जल्दी काम निपटा लेंगे। भाग्य प्रतिशत-62



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# मोहल्ला जगमोहन नगर में मोबाइल टावर से समान चोरी, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** सर्दी के मौसम में चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए है। गुरुवार रात चोरों ने सरधना-दौराला मार्ग पर मोहल्ला जगमोहन नगर में मकान की छत ओर लगे मोबाइल टावर से मशीन चोरी कर ली। जबकि एक मशीन को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। मोहल्ला जगमोहन निवासी सुधांशु मित्तल पुत्र राम मोहन ने थाने में दी तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस तहरीर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।



# सरधना सीएचसी में डॉक्टरों की मनमानी: खुलेआम मरीजों को बाहर से लिखी जा रहीं जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद सरकारी अस्पतालों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही। आने वाले मरीजों को बाहर से जांच रिपोर्ट लिखी जा रही है। डॉक्टरों की मनमानी से मरीजों को परेशानी हो रही है। वहीं सरधना सीएचसी पर मरीजों ने डॉक्टरो साथ - साथ आशाओं पर भी आरोप लगाए हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओ की हेपेटाइटिस बी और सी की जांच के लिए सरकार ने सभी सरकारी हॉस्पिटलों में साधन उपलब्ध करा रखे हैं।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर हॉस्पिटल में जांच के कार्ड न होने का बहाना बनाकर प्राइवेट लैब पर भेजा जा रहा है। बुलंद सन्देश टीम जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो वहां कई गर्भवती महिलाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ पर प्राइवेट लैब से मिले होने के गंभीर आरोप लगाए। गर्भवती महिलाओं का कहना था कि उन्हें काले पीलिए की जांच के नाम पर डराते हुए अस्पताल की लैब में साधन उपलब्ध न होने का बहाना बनाया जाता है। इसके बाद उन्हें काले पीलिया का डर दिखाकर प्राइवेट लैब भेजा जाता है, जहां उनसे जांच के नाम पर एक मोटी रकम ऐंठ ली जाती है।जिसमें मरीजों का आरोप हैं कि प्राइवेट लैब के इस गोरख धंधे में मेडिकल स्टाफ और आशा भी शामिल है। मेडिकल स्टाफ और प्राइवेट लैब के इस गोरख धंधे की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरधना में आने वाली गर्भवती महिलाओं को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ रही है।






# मदरसा जामिया साबिलुल फलाह में हुआ एक दिवसीय जलसे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी )।** गुरुवार को सरूरपुर क्षेत्र के कस्बा हर्रा मोड़ स्थित अल फलाह तालीमी इमदादी ट्रस्ट द्वारा संचालित मदरसा जामिया सबीलूल फलाह में छात्रों के बीच इनामी तकरीर प्रोग्राम का आयोजन मदरसे के मोहतमीम व सैटेलर ट्रस्टी और सचिव मुफ़्ती मौ इसराइल कि देख रेख में हुआ। प्रतियोगिता में मदरसे के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का विषय अजमत ए साहब, अजमत ए कुरान और अजमत ए मदारिस रहा।इन विषयों पर छात्रों ने कुरान और हदीस की रोशनी में अपने अपने मत रखे।मदरसा के मोहतमीम मुफ़्ती इसराइल ने बताया कि मदरसे में हर तिमाही को बच्चो के बीच नात, तकरीरी इनामी प्रतियोगिता आयोजित कि जाती हैं जिससे बच्चो कि योग्यता को निखारा जा सके। और उन्होंने कहा कि हमें सहाबा इकराम की तरह अपना जीवन सुन्नते रसूल अल्लाह पर बिताना चाहिए। उन्होंने अपने बयान में बच्चों की तालीम पर जोर देते हुए कहा कि बिना इल्म के इंसान का जीवन अधूरा है इसलिए हम सबको हर हाल में अपने बच्चों को तालीम देनी चाहिए। तकरीर मुकाबले में पहले स्थान पर मो. कैफ जोला , दूसरे स्थान पर मौ हुसैन सिवाल और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मो शाद और मुदस्सिर रहे।वहीं जज की भूमिका में मुफ्ती इसराइल मोहतमीम मदरसा और मुफ्ती मुदस्सिर नाजिम ऐ तालीमात रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को इनाम के तौर पर किताबें और नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मौलाना सदाकात, कारी शाहिद,मुफ्ती असलम, मुफ्ती आरिफ, मौलाना बिलाल, मुफ्ती अब्दुल कादिर,कारी इनाम,कारी गुलजार, मौलाना शुहेल हाफिज मुस्तकीम, कारी ईनाम, कारी फजर आदि मौजूद रहे।



# बड़ी संख्या में पार्टी से जोड़े जाएंगे युवा : मोहसिन मेवाती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मौ मोहसिन मेवाती महानगर अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्षता मे फूल विधानसभा क्षेत्र में छात्र सभा के केंद्र कार्यालय पर

**समाजवादी छात्र सभा महानगर अलीगढ़ की मासिक बैठक संपन्न**

समाजवादी छात्र सभा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया और इस अवसर पर युवा नौजवान छात्रों के साथ ढउ्अ के लोगों ने बैठक मे भाग लिया । बैठक में संगठन के विस्तार और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने कहा हमारा उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना है। हर अन्याय के खिलाफ समाजवादी पार्टी और उसका हर कार्यकर्ता डटकर खड़ा रहेगा।बैठक का संचालन इकाई अध्यक्ष राजा महेंद्र प्रताप राज्य विश्वविद्यालय दिनेश यादव ने किया।

बैठक में मौजूद मौ मोहसिन मेवाती (छात्र सभा, महानगर अध्यक्ष), दुर्गेश यादव (छात्र सभा महासचिव), अनूप सक्सेना (छात्र सभा, महानगर उपाध्यक्ष ), सैयद फैजान अली (छात्र सभा, महानगर उपाध्यक्ष), गौरव पुजारी (छात्र सभा, महानगर उपाध्यक्ष), एडवोकेट फैजान पठान (छात्र सभा, महानगर उपाध्यक्ष), कुलदीप चंदेल (छात्र सभा, महानगर उपाध्यक्ष), स्कंद राय महानगर सचिव/महानगर मीडिया प्रभारी प्रभाव सिंह महानगर प्रवक्ता आबिद मलिक महानगर कोषाध्यक्ष कोल विधानसभा अध्यक्ष विनोद चौहान नीरज सिंह सरदार जी राकेश लाल दीपक चौहान महानगर सचिव अंकित यादव महानगर सचिव आदिल अब्बासी छात्र नेता इमरान पठान आदि लोग मौजूद रहे।



# उद्यमी भावना के बढ़ावा देने हेतु हैकथॉन का लाभ उठाना पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ व बहुविषयक अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा एफआईटीटी, आईआईटी, दिल्ली के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय ह्यउद्यमी भावना को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन का लाभ उठानाह्य रहा। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सफल उद्यमी बनने एवं स्टार्टअप हेतु मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला अध्यक्ष कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने कार्यशाला की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में प्रोग्राम मैनेजर बॉयोनेस्ट एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली से डॉ. प्राची बांगडे, एफआईटीटी, आईआईटी से मुस्कान महाला, कार्यशाला के सह अध्यक्ष डीन अकादमिक एवं अनुसंधान निदेशक प्रो. डॉ. एपी गर्ग, संयोजक डॉ. नेहा वर्मा, डॉ पिंटू मिश्रा, डॉ सोकिंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रोग्राम मैनेजर बॉयोनेस्ट एफआईटीटी, आईआईटी दिल्ली से डॉ प्राची बांगडे ने अपने सम्बोधन में कहा कि हैकथॉन में भाग लेने से उद्यमियों को अपने विचारों का परीक्षण करने और उन्हें व्यवहार्य बनाने में मदद मिलती है। इससे उद्यमी अपने तकनीकी कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सफल उद्यमी बनने हेतु नए विचारों के साथ मूल्यवान उत्पादों, सेवाओं, तकनीक प्रक्रियाओं आदि का ज्ञान आवश्यक है। एफआईटीटी, आईआईटी, दिल्ली से मुस्कान महाला ने कहा कि उद्यमशीलता बदलाव, सृजनात्मक, निपुणता और परिवर्तन से जुड़ी हैं। उद्यमशीलता अनुसंधान और विकास प्रणाली में योगदान देकर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। हैकथॉन देश के युवाओं को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। छात्रों को उनके समस्या-समाधान कौशल और नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके, यह उन्हें भारत की विकास कहानी में सक्रिय योगदानकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे रोजगार के क्षेत्र में अपार अवसर प्राप्त मिलते है। कार्यशाला के सह अध्यक्ष, डीन अकादमिक एवं अनुसंधान निदेशक प्रो. डॉ. एपी गर्ग ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमी बनने के गुण रोपित करने के साथ स्टार्टअप हेतु उनका ज्ञान वर्धन करना है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ व बहुविषयक अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किये जा रहे है। कार्यशाला के विषय ह्यउद्यमी भावना को बढ़ावा देने के लिए हैकथॉन का लाभ उठानाह्य के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा विकास के अवसरों चर्चा कर फंडिंग हासिल करने, प्रभावी बौद्धिक संपदा रणनीतियों को विकसित करने और सफलता के लिए नवाचार का लाभ पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों शिक्षकों को उक्त चीजों के समाधान हेतु अपने नवीन विचारों पर आधारित कम्पटीशन में भाग ले सकते है ताकि उनका विचार चयनित होता है तो अपोलो अस्पताल व आई0 आई0 टी0 दिल्ली उनका मार्गदर्शन करके स्टार्ट अप हेतु आगे मददे करें ।



## संक्षिप्त समाचार

### कस्बा हर्रा की दो चचेरी बहनों ने सीटीईटी परीक्षा पास कर रचा इतिहास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर (जावेद अब्बासी )।** गुरुवार को कस्बा हर्रा निवासी इरशाद चौधरी और मूसा चौधरी की बेटियों फिजा और इकरा ने सीटीईटी की परीक्षा पास करके कस्बे का नाम रोशन किया है। सीटीईटी की परीक्षा पास करने पर परिवार व कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर फिजा की माँ जीनत परवीन ने दोनों बेटियों द्वारा सीटीईटी के परीक्षा पास करने पर कहा कि दोनों बचपन से ही काफी होशियार थी और उन्हें अपनी बेटियों पर गर्व हैं।वंही फिजा और इकरा ने कहा कि दोनों का सपना शिक्षक बनकर देश की शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देकर देश की सेवा करने का है।फिजा, इकरा के सीटीईटी कि परीक्षा पास करने पर परिवार वालों को दिन भर बधाई का सिलसिला चलता रहा।



### क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया रोजगार मेला,13 कम्पनी द्वारा 1059 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कर कुल 367 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 13 कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया गया (09 कम्पनी ऑफलाइन तथा 04 कम्पनी ऑनलाइन) जिनके द्वारा जेप्टो राईडर, इन्श्योरेंस एडवाईजर, बिजनेस एग्जीक्यूटीव, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मल्टीटास्किंग आदि पदो पर लिया गया।रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों का शशिभूषण उपाध्याय, सहायक निदेशक तथा राजू यादव व0स0 द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि वह रोजगार संगम पोर्टल व सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ उठायें। साथ ही साथ कम्पनी के एच0आर ने अपनी कम्पनी की रिक्तियों एवं कार्यां से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन के उपरान्त 13 कम्पनी द्वारा 1059 अभ्यर्थियो के साक्षात्कार कर कुल 367 अभ्यर्थियो को चयनित किया गया। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारियो द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।



# आईआईएमटी विश्वविद्यालय में रक्षा मंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आईआईएमटी विश्वविद्यालय गंगानगर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा व एसएसपी विपिन ताडा ने आईआईएमटी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने वहां हैलीपैड, कार्यक्रम स्थल, कार्यक्रम स्थल प्रवेश द्वार, मुख्य प्रवेश द्वार, सुरक्षा/कानून एवं शांति आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसडीएम सदर कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व आईआईएमटी विश्वविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



# विश्व हिंदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** लश्कर गंज स्थित के. के. पब्लिक स्कूल में विश्व हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुशील कुमार, संजीव कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। वहीं छात्र आयुष सैनी व छात्रा इफरा ने हिंदी दिवस से संबंधित स्पीच कहीं तथा छात्रा अनबिया रहमान ने हिंदी दिवस पर कविता सुनाई। स्कूल अध्यापिका रेनू शर्मा, संगीता रानी, कुसुम गुप्ता, सीमा शर्मा व ओम दत्त शर्मा ने हिंदी दिवस पर सुंदर काव्य पाठ किया। इसकी सभी ने खूब सराहना की। कार्यक्रम का संचालन चंचल शर्मा ने किया। स्कूल मैनेजर सुशील कुमार व सचिव संजीव कुमार ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि विश्व हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। प्रथम बार 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलन से इसकी शुरूआत हुई। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने 2006 में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने की घोषणा की।हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। यह दिन हमें हिंदी के महत्व को समझने और इसे बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है। आज लगभग 20 से अधिक देशों में हिंदी का प्रयोग किया जाता है। अतः हमें भी अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करना चाहिए। इसी के साथ सभी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में सविता गोयल,अंजू गोयल,व रेनू शर्मा ने सहयोग किया।




**आयोजन** विश्व हिन्दी दिवस पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, वी.जी.आई. मेरठ एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद संगोष्ठी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ काव्य संगौष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन

# हिन्दी माँ भारती के मस्तक का भाल, आइये मिलकर करें पूरे विश्व में हिन्दी को गुंजायमान : डा. राजीव त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान एवं वी.जी.आई. मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस पर शानदार काव्य संगौष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोहह्व का आयोजन किया गया।जिसमें देश के विभिन्न हिस्सो से आये कवियो एवं साहित्यकारो ने हिन्दी के सम्मान में एक से एक बढ़कर शानदार प्रस्तुति देकर सभी से हिन्दी को अपने कामकाज, व्यवहार एवं व्यापार की भाषा बनाने की पुरजोर वकालत की । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर कवियो एंव साहित्यकारो को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भैंटकर सम्मानित किया। श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर सभागार में काव्य संगौष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का शुभारम्भ समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, देश की अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. मधु चतुवेर्दी, डॉ. यतीन्द्र कटारिया, शशि त्यागी, डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।


कवि सम्मेलन/संगौष्ठी का शुभारम्भ पर काव्य पाठ करते हुए वरिष्ठ/विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुवेर्दी ने यूं कहा-उम्र भर हमने ऐसे कसाले जिये, तम निगलते रहे पर उजाले दिये, प्यास में आँसुओ का रसायन मिला, तृप्ति के घट तुम्हारे हवाले किये। सुनाकर सभी को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। प्रतिकुलाधिपति एवं विख्यात साहित्यकार डा. राजीव त्यागी ने अपने चिर परिचित हास्य व्यंग के अंदाज में कहा कि एक हिन्दी टीचर मेरी वाइफ को हिन्दी सिखाने लगी, उनसे ज्यादा हमें भाने लगी।सुनाकर सभी को खूब हंसाया।वरिष्ठ हिन्दी सेवी एवं राज्यभाषा पुरस्कार से सम्मानित कवि डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने हिन्दी के लिए कहा कि-ह्लसात समुन्द्र पार है हिन्दी, भारत की जयकार है हिन्दी, विश्व पटल पर बढ़ती जाती, भारत का विस्तार है हिन्दी।वरिष्ठ कवि डॉ. राजेश सारस्वत ने कहा कि- लोग कहते है कि तू अब भी खफा है मुझसे, पर तेरी आँखो ने तो कुछ और ही कहा है मुझसेह्व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण ने कहा कि शिकवा करने गये थे, इबादत सी हो गयी, तुझे भूलने की जिद थी, पर तेरी आदत सी हो गयी ।ह्व सुनाकर खूब वाहवाही लूटी । कवि संगौष्ठी को वरिष्ठ कवि डॉ. श्री गोपाल ह्लनारसनह्व, डॉ. अंजना व्यास, वरिष्ठ कवियित्री शशि त्यागी, रेखा रानी, वरिष्ठ कवि डा. राजेश सारस्वत डा. इन्दुरानी, आकृश त्यागी आदि ने सम्बोधित किया।इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, आर.एस. शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. राजेश सिंह, डी.पी. सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. राजवर्द्धन,डॉ. रमेश चौधरी, डॉ. राहुल, डॉ. ओमप्रकाश,डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. रामकुमार,डॉ. मोहित शर्मा,डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अनिल जायसवाल,मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी,राजीव सिंह,विशाल शर्मा, एस.एस. बघेल, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शानदार संचालन डा. स्नेहलता गोस्वामी एवं रिपोर्टिंग श्री राम गुप्ता ने किया।



### शिवम हत्याकांड के फरार आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये इनाम घोषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र में बीते 26 दिसम्बर को भाजपा नेता सुनील प्रधान के रिश्तेदार शिवम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।जिसमे पुलिस ने फरार चार आरोपियों पर 25- 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर दिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।पुलिस की जांच में खुलासा किया गया था कि शिवम की हत्या 25 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई गई है। और पांच लाख रुपये का बंटवारा भी किया जा चुका था। बाकी की रकम करन के पास है, जोकि अभी फरार चल रहा है। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। साथ ही फरार हत्यारोपियों की तलाश में दबिशें भी दे रही है।जानकारी के अनुसार कि 26 दिसम्बर को अक्खेपुर गांव के बाहरी छोर से पिलखवा थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव निवासी शिवम उर्फ भूरा की अपहरण के बाद निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपियों ने चाकुओं से उसको गोद डाला था। उसका शव सलावा गांव के जंगल में गंगनहर किनारे पड़ा हुआ मिला था।



# हिंसा के बाद का सातवां जुमा, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जुमे की नमाज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** शुक्रवार को जामा मस्जिद में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि एक तो यह हिंसा के बाद का सातवां जुमा था। पुलिस, आरआरएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे बनाकर क्षेत्र को कवर किया। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों की मदद से भी हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। डीएम एसपी भी पैदल मार्च करते रहे।

24 नवंबर को जामा मस्जिद में चल रहे सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी। कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग भी की थी, जिससे हालात बिगड़ गए थे। बवालियों ने कई वाहनों में आग भी लगा दी थी। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल था, लेकिन अब हालात सामान्य गए हैं। वहीं जुमा की नमाज को लेकर जामा मस्जिद और आसपास





अभी भी सतर्कता बरती जा रही है। हिंसा के बाद यह सातवां जुमा रहा। थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हालांकि यह जुमा इसलिए भी खास था कि जामा मस्जिद के सामने खाली पड़ी भूमि पर सत्यव्रत पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है। इसलिए अतिरिक्त पुलिस बन भी लगाया गया था। वहीं जामा मस्जिद में नमाज के लिए आने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखी जा रही थी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जामा मस्जिद में नमाज संपन्न हुई। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही थी। खुफिया पुलिस भी सक्रिय था। जगह जगह पुलिस और आरआरएफ के जवान मुस्तैद दिखाई दिए। वहीं जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार भी जामा मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। एएसपी श्रीश्चंद्र और सीओ अनुज चौधरी के साथ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर मौजूद रहे।

# साड़ के आतंक से, ग्रामीणों में दहशत, दस दिनों में तीन व्यक्तियो पर कि जानलेवा हमला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सरकार द्वारा जनपद में अनेको गौशालाओं का निर्माण किया गया है और कराया जा रहा है,यह सिर्फ किसानों और आम जन के हितों की गई एक पहल है।

जिलाधिकारी द्वारा आदेश दिए गये कि गांवों से आवारा गौवंशीय पशुओं के लिए पकड पर उन्हें गौशालाओं में संरक्षण किया जाए और ऐसा ही हुआ परन्तु कुछ पंचायत सचिवों ने प्रशासन को झूठी सूचना दे दी गई की उनकी पंचायत में कोई भी आवारा गौवंश नही,जिसका परिणाम आज ग्राम वासी उठा रहे है।

पूरा मामला पंवासा विकास खंड की ग्राम पंचायत नगला खाकम का है जहां गुरुवार शाम को रनवीर पुत्र जयपाल सैनी व संतोष राघव पुत्र रिषि पाल सिंह शाम लगभग आठ बजे अपने खेत पर गेहूं की रखवाली करने जा रहे थे जैसे ही गांव से 100मीटर दूरी पर पहुंचे तभी एक सांड (गौवंशीय पशु)ने उन पर हमला कर दिया हमला इतना जबरदस्त किया कि जो रनवीर नाम का किसान की कंधे की हड्डी टूट गई और वह बुरी तरह से जख्मी हो गया,उधर दूसरा किसान को भी गुम चोटें आई है, सचिव की लापरवाही से किसानों की हो रही है दुर्दशा।

**इतना ही नहीं**

एक जनवरी जब पूरा गांव नव वर्ष की खुशीयों में डूबा हुआ था वही एक परिवार में कोहराम मच रहा था, बह परिवार और कोई नहीं इसी गांव के रहने बाले, श्री गोरखनाथ के पुजारी दिनेश महन्त जब शाम को अपने घर से गांव की दुकान से सामान लेने निकले तो यही सांड उनकी राह देख रहा है और उन पर अचानक हमला बोल दिया चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तब तक सांड द्वारा उनको गंभीर चोटे मार दी गई लोगों ने बमुश्किल उनको बचाया परिजन सरकार





एम्बुलेंस के जरिए उनको सीएससी चंदोसी ले गये जहां डाक्टरों ने उन्हें रैफर कर दिया परिजन उन्हें एक प्राईवेट अस्पताल ले गये जहां पर डाक्टरों के चैक व एक्स-रे कराया तो उनकी दो पसली व एक हाथ टूटा पाया गया, ऐसे में एक गरीब पत्नी अपने पति का कैसे कराएंगी इलाज।

**क्या कहना है ग्रामीणों का**

हमारे गांव में आवारा गोवंश के द्वारा जो भी घटनाएं हो रही है उनका जिम्मेदार सिर्फ पंचायत सचिव है क्योंकि उसने झूठी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है,

जब हम कोई उससे शिकायत करते हैं तो बह फोन पर ही धमकी देता है और कहता है कि गांव में घूमोगे तो ऐसे ही मारेगा।

**-मनोज राघव ग्रामीण**

सचिव गांव में आता नहीं है और अगर कभी आ भी जाए तो अपनी दबंगई के चलते लोगों को धमकाता है और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है, आज जो हम लोगों को यह दिन देखने को मिल रहा है वह सचिव की लापरवाही के कारण।

**-विनीस सिंह ग्रामीण**

एक कर्मचारी की लापरवाही के चलते पूरा गांव परेशान हैं : हरपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मोहनसिंह, जयपाल सिंह,आजय राघव, मोहित सिंह आदि।

# डीएम ने की गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए भव्यता व गौरवपूर्ण ढंग से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का आयोजन करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें सभी सरकारी व गैर सरकारी संगठनों आदि का सहयोग लिया जाए। आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अपनी ड्यूटी को अपने अधिकारों से पहले रखें तथा देश को सर्वोपरि मानकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि बैठक में विभिन्न महानुभावों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप कार्य कराया जाए। उन्होंने जनपद की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 24, 25 व 26 जनवरी को विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए कहा।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि 26 जनवरी को प्रभात फेरी का आयोजन गांधी ग्राउंड से किया जाएगा जो की विभिन्न स्थानों से होते हुए वापस गांधी ग्राउंड पर समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी कार्यालय एवं भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय संकल्प का पाठ किया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित होगी। समस्त शैक्षिक संस्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। जिला चिकित्सालय में फल वितरण कराया जाएगा। बदायूं क्लब बदायूं में भी कार्यक्रम किया जाएगा। जनपद में कवि सम्मेलन, मुशायरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा सहित अन्य अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।

# महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई क्रांतिकारी सर छोटू राम की पुण्य तिथि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी ,महान समाजसेवी,किसान नेता क्रांतिकारी सर छोटू राम की पुण्य तिथि एवं "विश्व हिन्दी दिवस" में धूमधाम से मनाया गया।



सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने सर छोटू राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता ने की। संचालन डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, डॉक्टर शाज़िया शाहीन,अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, राहुल सिंह, अरविन्द गौतम रहे। व्यवस्थापक हिमांशु, शुभम यादव, फिजा खान रहे।कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

# जायन्टस ग्रुप ऑफ सखी सहेली ने मनाया 17वां स्थापना दिवस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** जायन्टस एक ऐसी समाजिक भारतीय संस्था है जो गरीबों व जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है ।

इसी उद्देश्य को लेकर जायन्टस के माध्यम से सखी सहेली ग्रुप की स्थापना 10 जनवरी 2009 को हुई । प्रत्येक वर्ष हमारा ग्रुप 10 जनवरी को ग्रुप स्थापना दिवस मनाता आ रहा है ।

जायन्टस ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष अनीता सक्सेना के आवास पर 17 वॉ ग्रुप स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया । सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया गया।

2025 की अध्यक्ष अनीता सक्सैना ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी सदस्य मुझे ऐसे ही सहायता करेंगे जैसे अभी तक ग्रुप के सभी अध्यक्षों की करते आये है । हमारा ग्रुप हर साल गांव गांव जाकर गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करता आया है इस वर्ष पर्यावरण की दृष्टि से हमारे ग्रुप ने पौधे लगाकर ग्रुप सदस्यों व उनके आसपास के लोगों को



पौधें लगाने के लिए जागरूक किया । ग्रुप के सभी सदस्यों ने 2009 की अध्यक्ष कंचन वाला वार्ष्णेय को माला व पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया`तत्पश्चात ग्रुप के 17 वर्षों से फलते फूलते हुए संचालित होने पर भजन गाये व मनोरंजक गेम खेले गए । कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता सक्सेना व संचालन रजनी गुप्ता ने किया इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रही। सीमा वर्मा,अंजू राजपूत, अनीता सक्सेना,रजनी गुप्ता, गीता ग्रोवर, कंचन वाला, रीता बुदियाल, सरोज शर्मा ,अर्चना चौहान,सविता भटनागर, मुन्नी देवी सक्सेना ,रेनु अग्रवाल, रेखा गुप्ता, करुणा दुआ,मीनू सिंह, संगीता अग्रवाल आदि ।

# मनचले की हुई धोल पूजा, मामला पहुंचा थाने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** एक तरफ जहां प्रदेश सरकार द्वारा लगातार छात्राओं व महिलाओं के लिए मिशन शक्ति अभियान चला कर जागरूक किया जा रहा है और जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किय जा रहे हैं। वहीं सड़क छाप मनचले मानने को तैयार नहीं है। और दिनदहाड़े स्कूल, कॉलेज, व कोचिंग सेंटरो के बाहर आती जाती छात्राओं पर फफ्तियां कसते दिखाई देते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह चौक के पास का सामने आया है जहां एक मनचले द्वारा छात्रा को रोक कर उससे बात करने का प्रयास किया गया जब इसका छात्रा द्वारा विरोध किया गया तो युवक ने छात्रा के साथ मारपीट शुरू कर दी जिसको देखकर मौके पर आती जाती भीड़ इकट्ठा हो गई और युवक को दबोच कर उसकी धोल पूजा कर दी घटना की सूचना पाते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और भीड़ से निकालकर युवक को थाने ले आई बता दे कि युवक अमरोहा जिले के पास किसी गांव का बताया जा रहा है।





# कांग्रेस कार्यालय पर सोशल आउटरीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा सम्भल पर आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय द्वारा फिर से एक वार जोगीपुर निवासी दिलशाद सैफी को सोशल आउटरीच कांग्रेस का पुनः जिला अध्यक्ष सम्भल बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष विजय शर्मा एवं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मीनू शर्मा ने किया स्वागत कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी प्रकोष्ठों की मजबूती के लिए जिला कांग्रेस कमेटी पूरी तरह से मदद करने के लिए तैयार है। आउटरीच कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिलशाद सैफी ने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम किया जाएगा इस अवसर पर सुधीश शर्मा मौ आरिफ, सत्तार हुसैन,अरशद सैफी, हासिम मलिक,मौ आकिल, पंकज शर्मा दीपक चौधरी, पुलकित चौधरी आदि मौजूद रहे।



# संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** भदपुरा ब्लॉक के सुंदरी मंडल एव भदपुरा मंडल में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज नरहरपुर में आयोजित किया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य एवं ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने संविधान गौरव अभियान में संविधान के बारे में बताया बैठक में क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष एवं क्षेत्र के प्रमुख लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम में सुंदरी मंडल के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह का स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार पूर्व मंडल अध्यक्ष जमुना प्रसाद कश्यप जिला प्रतिनिधि एवं पूर्व सुंदरी मंडल अध्यक्ष शशि कपूर साथ ही भदपुरा मंडल का कार्यक्रम बरखन में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार, ने नव नियुक्त भदपुरा मंडल अध्यक्ष खेमकरण लाल गंगवार का स्वागत किया इस दौरान ठाकुर विनय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार, शिशुपाल, बलराम सिंह प्रधान, सनी सिंह, चेतराम गंगवार, पूर्व ब्लाक प्रमुख हर प्रसाद गंगवार, मुकेश कुमार दिवाकर, हरपाल फौजी, ओमप्रकाश पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने नीरु सागर, रोहित कुमार, केहरी सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।





# विश्वेश्वर महादेव के जीर्णोद्धार के लिए उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के जारई गेट स्थित विश्वेश्वर महादेव के जीर्णोद्धार व कुआं को कब्जा मुक्त करने के संबंध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में उप जिलाधिकारी नीतू रानी को जिला सत्संग प्रमुख विश्व हिंदू परिषद आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौपा गया जिसमें कहा गया कि विश्वेश्वर महादेव जारई गेट पर स्थित है विशेष समुदाय के द्वारा मंदिर की जगह पर अवैध कब्जा किया गया है उस जगह में स्थित एक कुआं जोकि कुछ लोगों द्वारा पाट दिया गया है और विशेष समुदाय के लोग वहां जाकर लघु शंका आदि करते हैं। इस प्रकार का पाप हमारे धार्मिक स्थलों पर हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत किया जा रहा है। इस मौके पर जिला सहसंयोजक शशांक वार्ष्णेय ने कहा कि हमारे सनातन धर्म के स्थलों पर इस प्रकार की अवधारणा बजरंग दल



बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं करेगा। उसे शीघ्र संज्ञान में लेकर ऐसे कुकृतों पर रोक लगाई जाए व मंदिर का साफ सफाई के साथ जीर्णोद्धार किया जाए। इस दौरान मौजूद रहे। अभिनव शर्मा,नगर संयोजक प्रियांक अग्रवाल नगर मंत्री श्याम ठाकुर,अमोल शर्मा,शरद शर्मा, शिवराम वत्स,ओम शर्मा, गौरव सक्सेना,खंड संयोजक अभय वार्ष्णेय,सचिन शर्मा,सोनू पाल,जतिन,रूबल पांडे आदि ।

**सौंपा ज्ञापन** | सरकार की शव यात्रा की सुन प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कंप आश्वासन पर रुके किसान

# राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** शुक्रवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ग्राम असालत पुर जारई के राष्ट्रीय कार्यालय के प्रगणं में मोदी सरकार को सद वुद्धी देने व जगजीत सिंह डल्लेवाल जो कि हरियाणा वार्डर पर आमरण अनशन का आज 46 दिन होने पर उनकी दीघार्यु की कामना को लेकर आचार्य अभय भारद्वाज उर्फ.शानू भैया साधक पीतांबर पीठ दतिया जोकि हमारी यूनियन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष है के द्वारा हवन पूजन संपन्न हुआ वही सरकार की अर्थी निकालते हुए राम नाम सत्य कहते हुए वहा पर मौजूद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नायव तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम





समवोधित ज्ञापन सौंपा गया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा द्वारा सरकार को चेतावनी भी दी गई कि सरकार को हर हाल में किसानों की मांगों को पूरा करना पड़ेगा अगर किसान विरोधी सरकार इसी तरह मोन रही तो आगे और भी ज्यादा उग्र आंदोलन होते रहेगे। इस दौरान मौजूद रहे। मुकेश शर्मा, डा. मंगल सैन सैनी, रामप्रसाद मौर्या, संजीव राघव ,शैलभ शर्मा, शानू शर्मा, विन्टू मौर्या ,रामपाल सिंह, हरिओम शर्मा, अमन राठौर, सत्यम राघव ,ओमवीर सिंह, नरेश गौड़, नरेश जाटव,राजपाल कश्यप, देवपाल जोशी, राहुल कश्यप, विषेश गौड़, हर्षित शर्मा, आदि भारी संख्या में किसान मौजूद रहे नोट : राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा शिशुपाल गौड़ को मडंल मुरादाबाद का महासंचिव पद पर घोषित किया गया।

# युवा दिवस के उपलक्ष्य में अभाविप ने कराई दौड़ प्रतियोगिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (दिनेश सक्सेना)।** कस्बा हयातनगर में शुक्रवार10जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के उपलक्ष्य में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पहली दौड़ 800 मीटर और दूसरी दौड़ 1600 मीटर रखी गईं।

जिसमें तृतीय पुरस्कार दिये गए जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रांत सहमंत्री लक्षित सिंघल ने धनराशि देकर साथ ही गोल्ड मेडल पहनाने के बाद प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, यह कार्यक्रम हयातनगर में दतावली गांव रोड पर कराया गया था, जिसके चलते प्रांत सहमंत्री लक्षित सिंघल, जिला संयोजक पीयूष बिडौलिया, तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति, नगरमंत्री ऋतिक प्रजापति, हितेश प्रजापति ने स्वामी विवेकानंद जी व मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पित किये इस कार्यक्रम में दूर दराज से एकत्रित हुए युवाओं ने प्रतिभाग किया और तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को युवा दिवस के उपलक्ष्य में मनाता है इसी प्रकार से हर वर्ष दौड़ प्रतियोगिता कबड्डी टूनार्मेंट इत्यादि अभाविप करता रहता है। इस दौरान पीयूष बिडौलिया, मनसाफ प्रजापति, ऋतिक प्रजापति, हितेश प्रजापति, विनय कुमार, राजीव आर्य, मोहित कश्यप, आदित्य आर्य, इत्यादि कार्यकर्ता रहे।



## देर रात रोडवेज बस नरौरा बैराज पुल पर गंगा में लटकी, बड़ा हादसा होने से बचा
## बस में सवार 28 यात्रियों सुरक्षित, ड्राइवर की सुझबुझ से बड़ा हादसा होने से बचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र चौधरी चरणसिंह गंगा बैराज पर बरेली से दिल्ली के लिए रवाना रोड़वेज बस करीब बारह बजे नरौरा पुल से गुजर रही थी घने कोहरे में बस ड्राइवर ने गाड़ी को पुल पर सुरक्षा की दृष्टि से लगें बैरिकेडिंग में टक्कर मारी दी जिससे बस गंगा में लटक गयी मौके पर पहुंचे राहगीरों व पुलिस प्रशासन ने गाड़ी में सवार 28 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। रोड़वेज बस के ड्राइवर की सुझबुझ से बड़ा हादसा होते होते बचा। मौके पर पहुंचे दुर्घटना प्रभारी कल्याण सिंह व अतरौली डिपो के एआरएम ने बताया कि बस बरेली से दिल्ली जा रही थी जिसमें करीब 28 यात्री सवार थे सभी यात्रियों को सुरक्षित



निकाल लिया गया है। सवारियों की शिकायत रहती है कि रोड़वेज बस डिबाई से फरार्टे भरते हुए तेज रफ्तार से गुजरती है और सवारियां रोड़वेज बस का खड़े होकर इंतजार कर रही होती हैं लेकिन ड्राइवर गाड़ी को ब्रेक लगाना उचित नहीं समझता और सवारियों को घंटों घंटों इंतजार के बाद प्राइवेट वाहन से अपने गंतव्य के लिए विवश होना पड़ता है जिससे परिवहन विभाग पर सवाल खड़े होते हैं।

## सरस्वती कॉलिज ऑफ फामेर्सी में आयोजित किया गया टैबलेट वितरण समारोह, टैबलेट पाकर छात्रों के चहरे खिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** सरस्वती कॉलिज ऑफ फामेर्सी, अनवरपुर पिलखुवा (हापुड़ )में टैबलेट एंव स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत कॉलिज में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी विकास हेतु टैबलेट एंव स्मार्ट फोन वितरण योजना का आयोजन किया गया। सरस्वती कॉलिज ऑफ फामेर्सी में इस अवसर पर चेयरमैन जे. रामाचन्द्रन, वाइस चेयरमैन श्रीमती रम२या रामाचन्द्रन व मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेश सिंह तोमर (क्षेत्रीय विधायक, पिलखुवा) उपस्थित रहे व उन्होंने सभी विद्याथीयों को डिजीटल इंडिया के अन्तर्गत तकनीकी के माध्यम से आधुनिक युग के साथ जुड़ कर एक सशक्त व कामयाब युवा बनने की शुभकामनाएं दी। अन्य अतिथि










के रूप में संस्था के निदेशक आर. दत्त, एस. एम. सी. एम. नटराजन, सरस्वती कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ. आर. के. सेहगल व संस्था के महाप्रबन्धक एन. वर्धराजन उपस्थित रहे व सभी ने विद्याथीयों को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। डॉ. नितिन कुमार (प्रधानाचार्य) ने विद्याथीओं को टैबलेट का इस्तेमाल कर फामेर्सी की आधुनिक तकनीकों से जुड़कर एक उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए कहा। डॉ. निधि त्यागी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. रश्मी शर्मा ने इस कार्यक्रम का संचालन किया व अन्य अध्यापक गण विशाल कुमार, योगेश कुमार, अजय कुमार, प्रशांत, सर्जय सिंह, रेनू, अनू, नेहा, सोनम व मोहित के सहयोग से इस समारोह को सफल बनाया गया।

# बिना ब्याज के 5 लाख तक का लोन देगी योगी सरकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना" के कियान्वयन हेतु दिनांक 04.10.2024 के द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के द्वारा जनपद में उद्योगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद के युवाओं को रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में पूंजी निवेश को बढावा देने/आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म, लघु मध्यम इकाईयों को स्थापित किये जाने हेतु उक्त योजना को मिशन मोड के रूप में आगामी 10 वर्षों की समयावधि में प्रदशे में 10 लाख नयी सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा "मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का प्रारम्भ किया जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

योजना की प्रमुख पात्रता एवं भारतते निम्नवत है आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए एवं आवेदक की आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा आठ होनी चाहिए। इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथवा समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक को विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे-विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षित हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय / शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी सर्टिफिकेट कोर्स / डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त / अन्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त एवं अनुसूचित जाति/जनजाति महिला अभ्यर्थियों को भी वरीयता दी जायेगी। आवेदक दी गयी वेबसाइट http//msme.up.gov.in पर निशुल्क आवेदन कर सकते है। आवेदन ऑनलाइन करते समय निम्न शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र जैसे-न्यूनतम आठवी की मार्कशीट / हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्कैन हस्ताक्षर निवास का प्रमाण नोटीकृत हलफनामा एवं परियोजना रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना होगा योजनान्तर्गत वित्त पोशण योजना की प्रमुख बाते उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम रू0-6.00 लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर परियोजना लागत का शत-प्रतिशत ब्याज उपादान वित पोषण की तिथि से अगले 04 वर्षों के लिए दिया जायेगा।

कुल परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्मलोन के रूप में होना अनिवार्य होगा। परियोजना में भूमि-भवन का कय सम्मिलित नहीं होगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों का परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों के लिए 12.5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/दिव्यांगजन के लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वंय के अंशदान के रूप में जमा करना होगा लाभार्थी को परियोजना लागत अथवा अधिकतम रू0-5.00 लाख जो कम हो का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दियों जायेगा।

यह अनुदान बैंक इण्डेड होगा। तम्बाकू उत्पाद, गुटखा पान मसाला अल्कोहल, वातयुक्त पेय पदार्थ काबोर्नेटेड उत्पाद, पटाखे, प्लाटिक कैरी बैग (40 माइकॉन से कम) अथवा भारत / राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर प्रतिबंधित श्रेणी में रखे उत्पाद योजना में लाम हेतु पात्र नहीं होगें।

योजनान्तर्गत जनपद की समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक / ग्रामीण बैंक तथा वित्तीय संस्थाए ऋण वितरण हेतु पात्र होगी। 5-योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु Administrative Block, औद्योगिक आस्थान निकट कण्डेला पुलिस चौकी, कैराना रोड शामली में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक श्री अंकित, से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

## शाओमी इंडिया ने रेडमी 14C 5G को बाजार में उतारा और रेडमी नोट 15G सीरीज के लिए 1000 करोड़ की शानदार उपलब्धि हासिल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन एआईओटी ब्रांड, शाओमी इंडिया ने आज बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में इनोवेशन के मायने को बदलते हुए, रेडमी 14C 5G के ग्लोबल लॉन्च की घोषणा की। रेडमी 14C भारतीय ग्राहकों की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है, जिसे अत्याधुनिक फीचर्स और उम्दा परफॉरमेंस के साथ-साथ बिजली की तरह तेज



5G कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। रेडमी नोट 14 5G सीरीज की सफलता रेडमी 14C 5G के लॉन्च को और भी शानदार बनती हैं, जिसने भारत में सिर्फ. दो हफ़्तों के भीतर 1000 करोड़ का राजस्व प्राप्त करके बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है – जो ब्रांड पर ग्राहकों के अटूट भरोसे और प्यार को दशार्ता है।

## एलपीजी सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरुक किया, इंडियन ऑयल ग्राहक दिवस पर उपभोक्ताओं को सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन ऑयल ग्राहक दिवस पर रकाबगंज के मृत्युंजय गैस सर्विस पर एलपीजी सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में उपभोक्ताओं को बताया गया। एजेंसी संचालक अमृतांशु मिश्रा ने उपभोक्ताओं को बताया कि डिलीवरी के समय सिलेंडर की जांच जरूर करें। अपने डिलीवरी मैन से लीकेज की जांच सिलेंडर प्राप्त करते ही करवानी चाहिए। इससे किसी अनहोनी या हादसे का खतरा कम रहेगा। संचालक अमृतांशु ने उपभोक्ताओं को कलेंडर देकर सम्मानित किया। उपभोक्तओं और वितरण करने वाले कर्मचारियों को मिठाई बांटी गई। इस मौके पर गैस एजेंसी प्रबंधक अभिषेक मिश्र, सौरभ मौर्य, सौरभ सिंह, अंशुमान मिश्रा, रजनीश तिवारी, अनिल कुमार, अमित



कुमार, सुनील कुमार व अन्य कर्मचारी व डिलीवरी मैन मौजूद रहे।

## सच्चाई मोदी जी की जुबान पर आ ही गई, उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा कि "मैं भी इंसान हूं मुझसे भी गलती हो सकती है" : प्रमोद तिवारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उपनेता राज्य सभा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुये कहा कि मैं भी इंसान हूँ मुझसे भी गलती हो सकती है।

श्री तिवारी ने कहा कि आधे- अधूरे मन से ही सही किन्तु अंततः सच्चाई मोदी जी की जुबान पर आ ही गयी कि उन्होंने देश के साथ कितना बड़ा गलत कदम उठाया था । किन्तु उन्होने केवल गलती ही नहीं की थी बल्कि नोटबन्दी के माध्यम से भयंकर लूट की गयी थी, देश की जी.डी.पी. में भारी गिरावट हुई जिसकी कीमत आज हर देशवासी चाहे गरीब तपका हो, मध्यम तपका हो या साधारण व्यक्ति हो सभी चुका रहे है । श्री तिवारी ने कहा है कि नोटबन्दी के ही कारण देश की अर्थव्यवस्था में अब तक सुधार नहीं हो सका है और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी है । नोटबन्दी के ही कारण देश का आम जनमानस बदहाली की जिन्दगी जीने को मजबूर है, छोटे और मध्यम उद्योग लगभग समाप्त होने की स्थिति में है, इससे देश के करोड़ो लोगों के परिवार के सामने जीविकोपार्जन की गम्भीर समस्या खड़ी हो गयी है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हिंसा और अराजकता की आग में जल रहे देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की गम्भीर समस्या को नजरअंदाज किया, यहीं नहीं आप वहां गये भी नहीं, और वहां की जनता को आपने उनके रहमो करम पर छोड़ दिया।श्री तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी से देश के कई हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी । यदि दुनिया के दूसरे देशों में कोरोना महामारी की जानकारी होने पर शुरूआत में ही अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बन्द कर दिया गया होता और प्रधानमंत्री मोदी ने नमस्ते ट्रंप का कार्यक्रम न कराया होता तो शायद देश को इस महामारी से बचाया जा सकता था और हजारों लोगों की जान बचायी जा सकती थी।श्री तिवारी ने कहा है कि लद्दाख के प्रकरण में मोदी ने कहा था कि न तो कोई देश की सीमा के अंदर आया था और न ही हमारी भूमि पर किसी ने कब्जा किया है, जबकि सेना ने समझौता करके अपने अधिकार वापस लिये है।श्री तिवारी ने कहा कि मोदी ने जापान में जाकर देश के खिलाफ बयानबाजी की, अमेरिका गये तो वहां पर एक आम कार्यकर्ता की भांति नारे लगाये कि अबकी बार- ट्रंप सरकार। प्रधानमंत्री का इस तरह का आचरण विदेश नीति के विरुद्ध है । राफेल के प्रकरण मे भी भयंकर भूल की गयी और लगभग तीन गुनी कीमत पर राफेल खरीदा गया और देश की सम्पत्ति को भारी नुकसान पहुँचाया गया। श्री तिवारी ने तंज कसते हुये कहा कि बड़े दिल वाला, सच्चा और व्यक्ति वह होता है जो अपनी गलती को सहर्ष स्वीकार करता है और उसके लिये माफी मांगता है: अतः प्रधानमंत्री को देश की जनता के साथ किये गये भयंकर भूल के लिये राष्ट्र से क्षमा मांगनी चाहिए । श्री तिवारी ने कहा है कि कुम्भ मेला क्षेत्र में हमेशा से करोड़ो लोग जुटते रहे हैं ।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू जी भी कुम्भ मेले में आये थे और आस्था की डुबकी लगायी थी। प्रयागवासी यहां आने वाले हर जाति एवं धर्म के लोगों का सदैव स्वागत एवं सहयोग करते रहे हैं। हजारों सालों से सनातनी कुम्भ मेला में आते रहे हैं, और भविष्य में भी आयेंगे।

# दस महीने कर रहे किसान आंदोलन, केंद्र सरकार का हिटलर शाही रवैया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** भाकियू जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार हिटलर शाही रवैया अपना रही है। किसानों को आंदोलन करते करीब 10 से 11 महीने हो चुके हैं, लेकिन सरकार ने एक भी बार किसानों से बात नहीं की।

बदायूं में भारतीय किसान यूनियन असली गैर राजनीतिक ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को सिलहरी बिजली घर के समीप प्रदर्शन किया। किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू न करने एवं बिजली बिल अधिनियम को लेकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया है। भाकियू पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार हिटलर शाही रवैया अपना रही है। पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर किसानों को आंदोलन करते करीब 10 से 11 महीना हो



चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने एक भी बार किसानों से बात नहीं की। जबकि किसान अपना हक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाने को जोर दे रहे हैं। सरकार किसानों की फसल को खरीदने के लिए उसका मूल्य तय करती है।

**'सरकार सुनने को तैयार नहीं किसानों की बात'**

किसानों का कहना है कि सरकार ने किसानों की फसल का जो भाव तय किया है, उससे कम मूल्य पर कोई भी न खरीदे और अगर कोई खरीदता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। यही कानून बनाने को लेकर किसान अड़े हुए हैं। इसी को लेकर सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे हैं, जो करीब 45 से 48 दिन से धरने पर हैं। लेकिन केंद्र सरकार सुनने को तैयार नहीं है।

इसी तरह से सरकार ने वादाखिलाफी करते हुए डॉक्टर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू नहीं की। हर व्यापारी अपनी वस्तु का भाव खुद तय करता है। अन्नदाता कहे जाने वाला किसान अपनी फसल का भाव स्वयं तय नहीं कर पा रहा है।

उसकी फसल का भाव बिचौलिया दलाल तय करते हैं। जिससे उसकी फसल की लागत भी नहीं निकल पाती है और किसान कर्जदार होता जाता है। युवा जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने कहा कि किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए और बिजली बिल अधिनियम 2022 को शीघ्र ही सरकार रद्द करे। किसान अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार को किसानों से बात करनी चाहिए। इस मौके पर रविंद्र सिंह पटेल, रविंद्र सिंह, सूरजपाल सिंह ,जसवीर यादव, अशोक सिंह, राजपाल सिंह हरीश पटेल, कमल गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती हुई लापता, अपहरण की आशंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर




अपहरण का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू करदी है। नगर की एक कॉलोनी में एक महिला परिवार सहित रहती है। महिला का कहना है कि मेरी 18 वर्षीय पुत्री 6 दिसम्बर की देर रात को अचानक घर से चली गई। सुबह होने पर इसकी जानकारी हुई। महिला ने एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## पत्रकार की माता जी का निधन,दी अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ अमर उजाला पत्रकार एडवोकेट सूरज शर्मा की वृद्ध माता विशंमबती (90) का लंबी बीमारी के चलते वीरवार सुबह निधन हो गया। परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। शुक्रवार को उनके पार्थिव शरीर का परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया। नगर स्थित श्मशान घाट पर उनका सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र सूरज शर्मा ने मुखग्नि दी। वहीं नगर के पत्रकारों ने उनके निधन पर संवेदना प्रकट की।

## जनपद के आठों ब्लाकों में13से 22तक लगेंगे शिविर, शिविर के जरिए दिव्यांग जनों को नि:शुल्क वितरण किए जाएंगे सहायक उपकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियों को सहायता हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर द्वारा भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जनपद में दिव्यांगजनों तथा वृद्ध जनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किये जाएगे। जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर बैसाखी, श्रवण यंत्र, कृत्रिम हाथ पैर, पकड़ छड़ी, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल स्मार्टफोन एवं कमर की पेटी आदि निशुल्क प्रदान किए जाएंगे वितरण से पूर्व लाभार्थियों के चिन्ह्यांकन किए जाने हेतु जनपद के समस्त विकासखंड में 13 जनवरी से 2 2 जनवरी तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। आपको बताते चलें कि जनपद के ऐसे लाभार्थी जिनको तीन से पांच वर्षों दौरान भारत सरकार राज्य सरकार द्वारा कोई भी सहायक उपकरण प्राप्त न किया गया हो इस योजना में पात्र होगो 13 जनवरी को विकासखंड असमोली,15 जनवरी को जुनाबई 16 जनवरी गुन्नौर,17 जनवरी रजपुरा, 18 जनवरी बनिया खेड़ा,20 जनवरी पवांशा,21 जनवरी संभल, 22 जनवरी बहजोई को प्रातः 11:00 से 4:30 बजे तक ब्लॉक कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## किसान मुफ्त बिजली योजना में कराएं पंजीयन में लाएं तेजी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किसान मुफ्त बिजली योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 मार्च 2025 तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने को कहा।

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अखिलेश कुमार ने बताया कि किसान मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके अंतर्गत 31 मार्च 2023 के बाद निजी नलकूप धारक किसानों के बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 हॉर्स पावर तक के निजी नलकूप धारक किसान के लिए 1045 यूनिट निशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 के बाद के निजी नलकूप के लिए किसान मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए किसान को नचचबसण्वतह वेबसाइट पर अपना पंजीयन करना होगा उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2023 से पूर्व के निजी नलकूप के बिजली के बिल का भुगतान संबंधित किसान को करना होगा। जो वह 06 किस्तों में कर सकता है।

## गिरफ्तार — समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी से पहले भी कई बार अभद्रता कर चुका है गिरफ्तार भाजपा नेता धीरज चड्ढा

# कानपुर में अपराधियों के खिलाफ सफल इंस्पेक्टर सूर्य बली का परिश्रम ,सपा विधायक को धमकाने में भाजपा नेता गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां समाजवादी पार्टी की विधायिका नसीम सोलंकी के साथ अभद्रता की सीमा तोड़ते हुए धमकी देने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार कर लिया गया है। समाजवादी पार्टी की विधायक का नसीम सोलंकी को धमकी मामले में समाजवादी पार्टी कार्यकताओं में भी रोष था और वे इसके खिलाफ बड़ी संख्या में स्वरूप नगर थाना भी पहुंचे थे ,जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे विनायकपुर के एक घर से गिरफ्तार कर लिया। सपाइयों का आरोप है कि सीसामऊ से चुनाव जीतने के बाद विधायिका नसीम सोलंकी को स्वरूप नगर क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता धीरज चडढा अभद्रता करते हुए पहले ही धमकी दे चुके हैं।

गत दिवस भी उन्होंने ऐसा ही किया। इसके विरोध में सपा नेताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। जिस पर पहले से ही सक्रिय पुलिस ने तत्काल ही आरोपी धीरज चढ़ा के मकान पर छापा मारा लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। लेकिन पुलिस ने उसकी तलाश लगातार जारी रखी, जिसके फलस्वरूप दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर के एक मकान गिरफ्तार कर उसे जेल का रास्ता दिखा दिया।

याद रहे कि सपा विधायिका नसीम सोलंकी को धमकाने और उनसे अभद्रता करने के आरोप में जिस थाने स्वरूप नगर पुलिस ने भाजपा नेता धीरज चढ्ढा को गिरफ्तार किया गया है। आजकल उस स्वरुप नगर थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के हाथ में है।

सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को फरार होने के पहले ही गिरफ्तार करने वाले



तथा कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण नजीराबाद की भी कमान बहुत सफलता पूर्वक संभाले ,सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सैकड़ों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने वाले इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की सीसामऊ से विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने की कार्रवाई भी चर्चा का विषय बनी हुई

# जांच अधिकारी ने जीआईसी सलेमपुर के प्रधानाचार्य पर लगे आरोपो की जांच कर बयान दर्ज किए, जांच रिपोर्ट शीघ्र अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकायत कर्ताओ ने भी जांच अधिकारी के सामने अपनी बात रखी, जांच अधिकारी ने दो दिनों में जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को दिए जाने की बात कही है**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । जांच अधिकारी ने आज राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर के प्रधानाचार्य पर लगे आरोपों की जांच की है जांच अधिकारी अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को शीघ्र प्रेषित करेंगे ' जानकारी के अनुसार सलेमपुर गांव के मकसूद खालिद आदि ने जनसुनवाई पोर्टल पर राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अनुज अग्रवाल पर छात्रों का शोषण किए जाने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणो का आरोप था कि प्रधानाचार्य द्वारा विद्याथीर्यों से तरह- तरह से रुपये- लिये जा रहे है हर विद्यार्थी से बाल दिवस मनाने के लिए 50- 50 रुपये मंगाये और जो विद्यार्थी पैसे नही लाये उन्हें स्कूल से भगाया गया। इसके अलावा कक्षा-10 से प्रोजेक्ट के नाम पर छ-छ कापी देकर हर विद्यार्थी से 600 रुपये लिये गए न देने पर उन्हें नम्बर काटने की धमकी दी गई। जो विद्यार्थी स्कूल नही आते है उन से 1000 से 5000? तक वसूले जा रहे है। विद्यालय में 300 वच्चे है मगर आते कम है बाकी बच्चों से रुपए लिए जाने के आरोप भी



लगाए गए थे। शिकायतकताओं ने खेल के सामान के लिए विद्यार्थी से 25-25 लिये जाने का भी आरोप लगाया स्काउट गाइड कैंप के नाम से 75-75 लेकर मंडल से सर्टिफिकेट न दिए जाने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि पहले उन्होंने तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उस पर कोई कार्रवाई न होने से अब जनसुनवाई केंद्र पर प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई थी। प्रधानाचार्य ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है। प्रधानाचार्य पर लगे आरोपों की जांच आज अभिषेक मिश्रा द्वारा की गई। शिकायत कर्ताओ ने भी जांच अधिकारी के सामने अपनी बात रखी। जांच अधिकारी ने दो दिनों में जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियो को दिए जाने की बात कही है।

## यातायात नियमों का पालन न करने पर 2 दर्जन लोगों के हुए चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। शासन के निर्देश पर चल रहे यातायात सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस ने आज दो दर्जन लोगों के चालान किए हैं' यातायात सुरक्षा माह के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस ने रेलवे फाटक 433 बी के पास वाहनों की चेकिंग की तो बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट पुरानी नंबर प्लेट और ट्रिपल राइडिंग करने वाले चपेट में आ गए। चालान अधिकारी ने बताया कि लगभग दो दर्जन लोगों के चालान किए गए हैं और आगे भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।



## मृतका के पति की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ( सुदेश बिश्नोई)** । मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुरुवार को सहसपुर से आते समय ऋषिकेश डिपो की बस ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी थी जिसमे बाइक सवार सिराज पुत्र मिराजुद्दीन निवासी फायानगर,कोहिनूर तिराहा, थाना गलशहीद की पत्नी राबिया घायल हो गई। 108 एम्बुलेंस से दोनों को सीएचसी कांठ पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के बाद राबिया को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस द्वारा बस व मोटर साइकिल को थाना भिजवाया गया मृतक राबिया के पति ने थाना कांठ पहुंचकर आरोपी बस चालक के खिलाफ तहरीर दी जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## शिकायत निस्तारण में मुरादाबाद पुलिस प्रदेश में पहले स्थान पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने में मुरादाबाद पुलिस को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। आईजीआरएस की शिकायतों की मुख्यमंत्री प्रत्येक माह समीक्षा करते हैं। इसके बाद बाद जिलों की रैंक जारी की जाती है।दिसंबर 2024 मेंआईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में मुरादाबाद पुलिस को पहला स्थान मिला है। एसएसपी सतपाल अंतिल के अनुसार आईजीआरएस प्रभारी और उनकी टीम के साथ ही फीडबैक लेने वाली टीम की मेहनत का नतीजा है। सभी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## लेनदेन के विवाद में युवक की गला दबाकर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। रुपयों के लेनदेन में जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट क्षेत्र निवासी युवक की गला दबाकर हत्या किए जाने के बाद हत्यारोपियों ने शव को छजलैट थाना क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर में एक खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया। शेरकोट की पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर इस्माईलपुर पहुंचकर आधी रात को खेत से शव बरामद किया है। जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव नूरपुर छीपरी का रहने वाला प्रमोद (30) सात जनवरी से लापता था। जिस पर परिजनों शेरकोट थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसकी तलाश के दौरान पता चला था कि प्रमोद को जबरदस्ती कार बैठाकर ले जाया गया था। इसके बाद प्रमोद के भाई तेजेंद्र की तहरीर पर शेरकोट पुलिस ने विपिन निवासी बाल किशनपुर और जयवीर निवासी हाफिजाबाद थाना शेरकोट के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज कर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में विपिन और जयवीर ने शेरकोट पुलिस को बताया कि विपिन पर प्रमोद के 60 हजार रुपये उधार थे, जिन्हें वह बार-बार मांगने रहा था। जिस पर इन दोनों ने सात जनवरी को प्रमोद को रुपये देने बहाने से बुलाकर जबरन कार में बैठाया और बिजनौर के धामपुर लाकर उसे शराब पिलाई।इसके बाद यह प्रमोद को लेकर छजलैट थाना क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर में अपने परिचित थान सिंह के यहां लेकर आए। यहां विपिन, थान सिंह और जयवीर ने मिलकर प्रमोद की गला दबाकर हत्या कर दी। इसी के साथ गड्ढा खोदकर शव को थान सिंह के खेत में दबा दिया। बुधवार को शेरकोट पुलिस विपिन और जयवीर की निशानदेही पर छजलैट के इस्माईलपुर पहुंची और थान सिंह के खेत में दबे प्रमोद के शव को निकलवाया। साथ ही छजलैट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# बिलारी कोतवाली में हुई अमन कमेटी की मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** कोतवाली में अमन कमेटी की मीटिंग हुई । जिसमें इंस्पेक्टर बिलारी, और सी ओ बिलारी, द्वारा शासन की गाइडलाइन को पढ़कर सुनाया गया। और विस्तार से उस पर चर्चा की गई। एवं शासन की मंशा के अनुरूप नगर व क्षेत्र में शांति रहे इसके लिए प्रयास करने का दोनों अधिकारियों ने आह्वान किया।

इस अवसर पर बिलारी कोतवाली के सभी गांव के प्रधान, पूर्व प्रधान, बीडीसी , जिला पंचायत मेंबर्स, नगर के और ग्रामीण इलाकों से आए सम्मानित व्यक्तियों ने उपस्थित होकर अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके समाधान के लिए अनुरोध किया ।



जिस पर दोनों अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए तत्काल सभी समस्याओं को शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट,नगर पालिका के गणमान्य सभासद गण ,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नगर अध्यक्ष, थांवला के प्रधान इकरार हुसैन ,शेरपुर माफी के प्रधान कुर्बान अली ,शमशेर सिंह, कल्याण सिंह दरोगा जी, इसरार अहमद , कफील अहमद इदरीसी, नूर नबी ,यासीन सैफी, इदरीस सैफी, अली अहमद मलिक, शिवराज सिंह, हाशिम अली , आदि ने अपने विचार रखें मीटिंग का संचालन समाजसेवी संजय जैन ने किया।

# अधिवक्ता के साथ मारपीट के विरोध में वकीलों ने की कलम बंद हड़ताल, मारपीट करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई और तहसील में अधिवक्ताओं ने अपने चेंबर ना खोल कर कलमबंद हड़ताल करते हुए इस घटना पर विरोध भी प्रकट किया है इस मामले में बार विरोधी कार्रवाई के लिए एडवोकेट नौशाद एवं एडवोकेट अफसर को 1 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है । जानकारी के अनुसार मुख्तियारपुर नवादा निवासी एडवोकेट कमल कुमार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी जिसमें उन्हें काफी चोटे आई इसकी जानकारी अन्य अधिवक्ताओं को लगी तो उन्होंने रात को ही सुबह के लिए कलम बंद हड़ताल रखने का ऐलान करते हुए तहसील में बैठक करने का निर्णय लिया दोपहर को आयोजित बैठक में कुछ वकीलों द्वारा बिस्तर खोलने पर अधिवक्ताओं ने उन्हें समझाया तो वह भी मान गए इसके बाद थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वकीलों ने अधिवक्ता के हमलावरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध जताया और इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग उठाई' इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरण सिंह ढाका, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, विजय वीर सिंह,डॉक्टर विनीत नैन आदि काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।



# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति सचिन माहेश्वरी को अगले सप्ताह मिल सकता है कार्यालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति को कार्यालय अगले सप्ताह मिल सकता है। कुलपति ने निमार्णाधीन कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया।राजकीय पॉलीटेक्निक में कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी कार्यालय निर्माण कार्यों को देखने पहुंचे । उन्होंने बताया कि पॉलीटेक्निक की बिल्डिंग काफी पुरानी है। ऐसे में सीलन आदि हो जाती है। अब इसे ही दूर करने का कार्य किया जा रहा है। दो-तीन दिन में यह सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। हालांकि इस कार्य का आकलन करने के बाद एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जैसे कहेंगे, उसी के अनुरूप कार्यालय शुरू कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि बरेली से मुरादाबाद में स्टॉफ ने नियुक्ति ने ली है। हमारी पहली प्राथमिकता अब सम सेमेस्टर की परीक्षाओं को करवाना है। उसी की तैयारी में सभी लोग जुटे हैं। इसके साथ ही कॉलेजों की संबद्धता का भी कार्य किया जा रहा है।



# वरिष्ठ अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, वकीलों ने आरोपियों को धर दबोचा, लगाई जमकर कुटाई पुलिस ने बचाई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग )**। शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। कचहरी परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता राजाराम पर बाइक और स्कूटी सवार पांच हमलावरों ने फायरिंग कर दी। इस हमले में अधिवक्ता राजाराम बाल-बाल बच गए, लेकिन इस घटना ने पूरे कचहरी परिसर में हड़कंप मचा दिया।

वारदात उस समय हुई जब अधिवक्ता राजाराम कचहरी में अपने कार्य के लिए मौजूद थे। पांच हमलावरों ने अचानक गोली चलानी शुरू कर दी। हालांकि, अधिवक्ता राजाराम को कोई चोट नहीं आई, लेकिन हमलावरों की इस दुस्साहसी हरकत से कचहरी में अफरातफरी मच गई।

**वकीलों ने दिखाई एकजुटता, हमलावरों को दबोचा**

घटना के बाद मौके पर मौजूद वकीलों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए सभी पांच हमलावरों को घेर लिया। गुस्से से भरे वकीलों ने आरोपियों को पकड़कर जमकर पिटाई की। इस दौरान कचहरी परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया।



**पुलिस ने आरोपियों को बचाया**

सूचना मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस, एसपी सिटी मानुष पारीक और सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। पुलिस को आरोपियों को वकीलों के गुस्से से बचाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वकीलों की भीड़ से आरोपियों को निकालकर पुलिस ने उन्हें कस्टडी में लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई।

**वकीलों में आक्रोश, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल**

इस घटना के बाद वकीलों में जबरदस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि कचहरी जैसी जगह पर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकती, तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रह सकता है? वकीलों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**पुलिस कर रही जांच**

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि हमले के पीछे की मंशा का पता लगाया जा सके। पुलिस ने यह भी भरोसा दिलाया है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# महाकाल इलेवन ने 30 रनो से मैच जीत कर किया फाइनल में प्रवेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के हनुमान ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में सेमीफाइनल मैच स्टार फार्मा और महाकाल इलेवन के बीच खेला गया । टॉस महाकाल इलेवन ने जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया । टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने उतरी महाकाल इलेवन ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 156 रन बनाये । महाकाल इलेवन की ओर से मयंक 59 , संपूरन 23 और यजस 16 रन का योगदान दिया ।स्टार फार्मा की ओर विकास माथुर 3 ,प्रशांतवीर 3 और आरिफ सैफी 2 विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार फार्मा की टीम ने 18.2 ओवर में 126 रन पर ढेर हो गई ।स्टार फार्मा की ओर से प्रशांतवीर 56 और खुशनूर 22 रन बनाये ।महाकाल इलेवन की ओर से सम्पूरन 4 विकेट और विवेक चौहान 2 विकेट लिया ।महाकाल इलेवन ने 30 रन से मैच जीत फाइनल में प्रवेश किया ।आज के मैन ऑफ द मैच सम्पूरन त्रिपाठी को समाजसेवी कपिल गुप्ता द्वारा दिया गया। अंपायर अनिल कपूर और पुनीत शर्मा रहे । आज के स्कोरर माधव मिश्रा , प्रियांशु यादव रहे । कल दूसरा सेमीफाइनल कृष्णा इलेवन और ओ.एल.एफ के बीच 10 बजे से खेला जाएगा । इस दौरान मौजूद रहे। कपिल गुप्ता,पुलेन्द्र यादव ,कुश रावत ,संचित अग्रवाल ,बॉबी यादव ,सहिवे आलम ,मिलन यादव ,अभय यादव ,चंदन माली , मुकेश मैया, कमलकांत ,मुकेश मैया ,प्रियांशु यादव ,सूर्यकांत ,खुशनूर खान , कृष्णा यादव , हरिओम यादव ,प्रहलाद यादव ।



# नवआगंतुक एसपी अमित कुमार आनंद ने संभाला चार्ज, बोले कानून व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखना पहली प्राथमिकता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा।** नवआगंतुक पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने चार्ज लेने के अगले दिन पत्रकारों से वार्ता की जहां उन्होंने कहा जिले में अपराध का खात्मा करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने जिले में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने की बात कही। दरअसल आपको बता दें कि शुक्रवार को अमरोहा जिले के नवागंतुक एसपी अमित कुमार आंनद ने चार्ज ग्रहण करने के बाद पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि अपराधों पर रोकथाम व कानून व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखना पहली प्राथमिकता, अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जनता के साथ पुलिस का सीधा संपर्क रहेगा, कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए चलाएं जा रहे नये अभियानों को तेजी से पूरा किया जायेगा।



ई-ऑफिस जैसी तकनीकों को लागू किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। पुलिस और समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना सामुदायिक पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य है।

# एसडीएम नगीना मांगे राम चौहान को मिला "पर्यावरण योद्धा "का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन ( गैर-लाभकारी संगठन) के द्वारा एस डीएम नगीना मांगे राम चौहान को पर्यावरण पर निरंतर कार्य करने के लिए , रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन हमीरपुर द्वारा पर्यावरण योद्धा के सम्मान से सम्मानित किया गया।श्री मांगे राम को उनके पर्यावरण संरक्षण के विचार पर देश और विदेश में कई सम्मान मिल चुके है।ये संगठन पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, मृदा संरक्षण, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने और दुनिया में कुपोषण से निपटने के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए खाद्य अपव्यय को रोकने के लिए काम कर रहा है। संगठन वर्तमान में सरकारों, व्यवसायों और अन्य गैर-लाभकारी संगठनों और नागरिकों के साथ मिलकर काम करता है ताकि पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान विकसित किया जा सके। संगठन हितधारकों के बीच संबंध भी बनाता है और दुनिया भर में विकास को लागू करने और बढ़ावा देने में भी मदद करता है,इसके फाउंडर और सीईओ डॉ रघुराज प्रताप सिंह है।फाउंडेशन अधिक से अधिक पेड़ लगाने,पर जोर देता है। रोजगारपरक शिक्षा ,और समाजिक जागरूकता भी इस संगठन के दूसरे कार्य है। इनके कार्यों के लिए विभिन्न मंचों पर संगठन सम्मानित भी हो चुका है।



**आयोजन** कार्यक्रम का आयोजन उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने जिला मिशन प्रबन्धन इकाई के सहयोग से किया

# महाकुंभ मे एफपीओ कॉन्क्लेव का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के अवसर पर प्रदेश में गठित किसान उत्पादक संगठनों के समागम का उद्घाटन महाकुम्भ परिसर, प्रयागराज में गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने जिला मिशन प्रबन्धन इकाई के सहयोग से किया। इस अवसर में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने तीर्थराज प्रयागराज में सभी का स्वागत किया। उन्होंने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विकास परियोजनाओं द्वारा क्रांतिकारी विकास से अवगत कराया।

उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, हर घर नल से जल, उज्वला योजना इत्यादि से भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की गरीबी उन्मूलन की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी का आह्वान किया कि प्रदेश के जमीनी स्तर पर विकास हेतु सभी को एवं विशेषकर ग्रामीणों को अपने श्रम की शक्ति को पहचानना चाहिए। इस अवसर पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से रु० 82 करोड़ 83 लाख 02 हजार की धनराशि को स्वयं सहायता समूह सदस्यों एवम उनके सामुदायिक संस्थानों के बैंक खातों में निर्गत किये गए। राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग विजय लक्ष्मी गौतम ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कहा कि इस कार्यकम के माध्यम से आने वाले समय में एफ०पी०ओ० के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक नवीन क्रांति आने के आसार हैं। उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने सभी का स्वागत किया व मिशन में हो रहे कार्यों की संक्षिप्त प्रगति से सभी को अवगत कराया।




इस अवसर पर मिशन की तकनीकी सहयोगी संस्था टी०आर०आई० द्वारा समर्थित राज्य स्तरीय एफ०पी०ओ० संघ शुभ्रस्वामिनी महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बाजार के साथ जुड़ाव एवं कृषि निवेश (फार्म इनपुट) के माध्यम से आजीविका सन्वर्धन की विभिन्न अवसरों के बारे में अवगत कराया। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एन०सी०सी०एफ०), एफ० डी० आर० वी० सी०, एक्सिस बैंक, ए- कार्ट, देहात, इत्यादि राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं ने भी प्रस्तुतिकरण किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने इस अवसर पर एक बायर सेलर मीट का भी आयोजन किया।

# जिले में वक्फ का 8000 संपत्तियों पर दावा, प्रशासन के रिकॉर्ड में 1600,शासन को जाएगी रिपोर्ट


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। शासन के निर्देश पर जिले में वक्फ की संपत्तियों का सत्यापन कर लिया गया है। इस संबंध में डीएम ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों के साथ बैठक की। प्रशासन के रिकॉर्ड में वक्फ की 1600 संपत्तियां मुरादाबाद में हैं, जबकि वक्फ बोर्ड का दावा 8000 से ज्यादा संपत्तियों पर है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर से कोई कार्रवाई या आगे की जांच नहीं की जा रही है।शासन को अभी सिर्फ जानकारी भेजी जा रही है। 8000 संपत्तियों में कुछ ऐसी भी हैं जो एक परिसर में हैं लेकिन उन्हें अलग-अलग दशार्या गया है। वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन के बाद अब बड़ा असर इन संपत्तियों पर देखने को मिल सकता है। इसको लेकर जिला स्तर पर भी अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुछ संपत्तियां पर विवाद चल रहा है, जिनके निस्तारण के लिए अधिकारी जुट गए हैं' शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक यह संपत्तियां हैं। इनमें कृषि भूमि, आवास, दुकान, स्कूल और मदरसे संचालित हो रहे हैं। इनके अलावा कई जगह कब्रिस्तान व मस्जिद भी वक्फ की जमीन पर हैं। वक्फ बोर्ड का दावा है कि इन संपत्तियों से होने वाले लाभ को दीनी शिक्षा और जन कल्याण में खर्च किया जाता है।

अब तक इसकी निगरानी वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी ही कर रहे हैं लेकिन कानून में संशोधन के बाद सरकार सभी संपत्तियों का सत्यापन करा रही है। मुरादाबाद में तमाम संपत्तियां ऐसी भी हैं, जिन पर विवाद चल रहा है। जिला प्रशासन विवादों के निपटारे का काम कर रहा है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# आयशा खान ने बताया, कैसा है दिल को रफू कर ले में उनका किरदार



बिग बॉस 17 की पूर्व प्रतियोगी आयशा खान जल्द ही शो दिल को रफू कर ले में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने साझा किया कि शो में उनका किरदार जिंदगी से भरपूर और खुशमिजाज है।अभिनेत्री आयशा शो में रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिल को रफू कर ले में निक्की का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे रवि दुबे और सरगुन मेहता के बैनर ड्रीमियता ड्रामा ने बनाया है।शो में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, लेखिका मीनाक्षी स्क्रिप्ट पढ़कर मुझे सुना रही थीं तो मैंने सुझाव दिया कि लड़की का नाम ख्वाहिश होना चाहिए क्योंकि उसके अंदर बहुत सारे सपने और बहुत सारी महत्वाकांक्षाएं हैं। लेकिन मीनाक्षी ने कहा, नहीं यह निक्की है, वह जो हमेशा अपने मन का काम करती है, वह काम को चुटकियों में करती है। सच वह पल मेरे साथ रहा और मुझे एहसास हुआ कि निक्की जिंदगी से भरपूर है। वह एक मस्तमौला, जीवंत और खुशमिजाज लड़की है।अभिनेत्री ने बताया कि निक्की वैसी ही हैं जैसी स्क्रीन पर दिखती हैं। उन्होंने कहा, मेरा व्यक्तित्व बिल्कुल निक्की जैसा है। मैं बहुत सीधी-सादी हूं - चेहरे से, हमेशा खुश रहने वाली, मजेदार और चुलबुली लड़की हूं। लेकिन हां, निक्की की एनर्जी दूसरे स्तर पर है और मुझे नहीं लगता कि मैं इस मामले में उससे मेल खा सकती हूं। आयशा शो में करण वी ग्रोवर के साथ नजर आएंगी। उन्होंने करण को लेकर कहा कि वह ऑन और ऑफ कैमरा शूटिंग करके बहुत अच्छा समय बिता रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि मैं ऐसे अभिनेताओं के साथ काम करके काफी कुछ सीख रही हूं। करण, चिराग, मीनाक्षी, स्वाति जी, कमल और निर्मल मैम को जब भी मैं परफॉर्म करते देखती हूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है और मैं हमेशा उनकी शूटिंग देखने के लिए उत्साहित रहती हूं। अभिनेत्री ने करण के बारे में कहा, वह एक शानदार अभिनेता और एक अद्भुत इंसान हैं। मुझे लगा कि वह बहुत गंभीर व्यक्ति होंगे, लेकिन वह बहुत मजेदार इंसान हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी बॉन्डिंग है और मैं वास्तव में सभी को मिस करने वाली हूं। रवि और सरगुन के बारे में आयशा बोलीं,मैं सरगुन मैम के बारे में क्या कह सकती हूं? वह हमेशा एक प्रेरणा रही हैं। एक निमार्ता, अभिनेत्री- आप जो भी नाम लें वह सब हैं। मैं उनको प्यार करने के साथ ही उनका बहुत सम्मान भी करती हूं। वह बहुत मेहनती हैं। जब भी सेट पर होती हैं, तो मैं सबसे खुश होती हूं। उन्हें देखकर मेरी आंखों में चमक आ जाती है।

आयशा ने रवि के बारे में कहा, मैं उनकी प्रशंसक हूं और उन्होंने हमें भरपूर मनोरंजन दिया है। मुझे लगता है कि फिल्में हर कोई बना सकता है, लेकिन रचनात्मक दिमाग रखना और अपनी पूरी कोशिशें लगाना हर किसी के बस की बात नहीं है, लेकिन हां, रवि भैया के बस की बात है। वे दोनों ही अपने दर्शकों के सामने चीजों को पेश करने की कला जानते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन का संघर्ष जारी, अब तक कर चुकी इतनी कमाई



अभिनेता वरुण धवन काफी समय से फिल्म बेबी जॉन को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म बीते साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं सकी। पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर फिल्म की हालत पस्त है।

फिल्म को रिलीज हुए 14 दिन हो गए हैं, लेकिन यह अब तक अपना आधा बजट भी नहीं निकाल पाई। फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

बेबी जॉन की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक सबसे कम कारोबार है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने अपनी रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 25 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 39.01 करोड़ रुपये हो गया है।

दुनियाभर में यह अब तक 57 करोड़ रुपये से अधिक कमा पाई है। यह फिल्म सिनेमाघरों में अब अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।

बेबी जॉन को कलीस ने निर्देशित किया है,वहीं एटली इसके निमार्ता हैं। ये थलापति विजय की तमिल फिल्म थेरी का रीमेक है।

फिल्म में जैकी श्रॉफ ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। कीर्ति सुरेश, सान्या मल्होत्रा, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। फिल्म के अंत में सलमान खान का कैमियो भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।

# कैमरे के सामने स्टाइलिश पोज देती नजर आईं जन्नत गर्ल सोनल चौहान, लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

जन्नत गर्ल सोनल चौहान अपने फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चचाओं का विषय बनी रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज सोशल



मीडिया हेंडल पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

लेटेस्ट शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हॉल्टर नेक लुक में बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। अभिनेत्री अपने इस लुक में बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

खुले बाल, लाइट मेकअप लुक और कानों में इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस सोनल चौहान ने अपने आउटलुक को बेहद ही खूबसूरती से निखारा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई फैंस को इंप्रेस करती हुई नजर आ रही हैं। सोनल चौहान भले ही इन दिनों फिल्मों में नजर नहीं आ रही हैं। लेकिन इंस्टाग्राम पर वो काफी एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

# दोपहर को कुछ मिनट झपकी लेने से क्या उत्पादकता पर कोई असर पड़ता है?

दोपहर की झपकी को लेकर कई धारणाएं हैं, जिनमें से एक यह है कि यह हमारी प्रोडक्टिविटी यानी उत्पादकता को नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि, क्या वाकई ऐसा है? इस लेख में हम इसके पीछे



की सच्चाई जानने का प्रयास करेंगे। वैज्ञानिक शोध और विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर के समय झपकी लेने का हमारे शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आइए जानते हैं कैसे।

**ऊर्जा बढ़ाने में है सहायक**

दोपहर की छोटी सी झपकी लेने से हमारी ऊर्जा स्तर में सुधार होता है।

जब हम लगातार काम करते रहते हैं तो हमारा शरीर थकान महसूस करने लगता है। ऐसे में 20-30 मिनट की नींद हमें तरोताजा कर सकती है और हमारी ऊर्जा को फिर से भर देती है।

इससे हम अपने काम को अधिक ध्यानपूर्वक और उत्साह के साथ कर सकते हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ती है न कि घटती।

**मानसिक स्वास्थ्य के लिए है फायदेमंद**

दोपहर की नींद हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होती है। यह तनाव कम करने में मदद करती है और मस्तिष्क को आराम देती है। जब हमारा दिमाग शांत होता है तो हम बेहतर निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान आसानी से ढूंढ सकते हैं।

इसलिए दोपहर की नींद लेना मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा उपाय हो सकता है, जो हमारी कार्यक्षमता को बढ़ाता ही नहीं बल्कि उसे स्थिर भी रखता है।

**याददाश्त सुधारने में है प्रभावी**

शोध बताते हैं कि दोपहर को झपकी लेने से याददाश्त बेहतर होती है।

जब हम सोते हैं तो हमारा मस्तिष्क नई जानकारी को प्रोसेस करता रहता है और उसे लंबे समय तक याद रखने लायक बनाता रहता है।

इससे हमें नई चीजें सीखने में आसानी होती है। इसलिए अगर आप कुछ नया सीख रहे हों या किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों तो थोड़ी देर सोना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है ।

**रचनात्मकता बढ़ाने का है साधन**

रचनात्मक कार्यों के लिए तरोताजा दिमाग जरूरी होता है।


दोपहर की झपकी से मस्तिष्क को नई ऊर्जा मिलती है, जिससे रचनात्मक सोच विकसित होती है।

जब हम किसी समस्या का हल नहीं ढूंढ पाते, तब थोड़ी देर सोकर उठने पर नए विचार आते हैं।

इसलिए अगर आप अपनी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं तो दिन में थोड़ी देर आराम करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

# रात में मोजे पहनकर सोना चाहिए या नहीं? यहां जानिए फायदे और नुकसान

सर्दी का सितम जारी है. ऐसे में लोग ठंड से बचने के लिए ऊपर से नीचे तक ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं. कुछ लोगों को कम तो कुछ लोगों को बहुत ज्यादा सर्दी लगती है. ऐसे में रात में सोते समय कई लोग मोजे पहनकर सोते हैं. अगर आपको रात में मोजे पहनकर सोने की आदत है तो ये खबर आपके लिए ही है. यहां हम आपको बताने जा रहे हैं कि रात में मोजे पहनकर सोना चाहिए या नहीं? ये आदत आपके लिए फायदेमंद है या नुकसानदायक, आइए जानते हैं इसके बारे में।



**क्या आपको सोते समय मोजे पहनने चाहिए?**

अगर आपके पैर हमेशा ठंडे रहते हैं तो मोजे पहनना चाहिए. इससे आपके रक्त प्रवाह में सुधार हो सकता है. इसके लिए आपको सूती या ढीले-ढाले ऊनी मोजे चुनने चाहिए. वहीं जिन लोगों के पैर ड्राई या फटे हुए हैं, वो भी फुट क्रीम लगाकर सूती मोजे पहन सकते हैं।

**सोते समय मोजे पहनने के नुकसान**

**ज्यादा गर्मी लगने की संभावना**

जो लोग रात में मोजे पहनकर सोते हैं तो उनका शरीर गर्म होने लगता है. ऐसे में आपको अच्छी नींद तो आती है, लेकिन शरीर ज्यादा गर्म होने से बेचैनी भी हो सकती है।

**फंगल संक्रमण**

अगर कोई रोजाना गंदे या टाइट मोजे पहनकर सोता है तो उन्हें बैक्टीरिया या फंगल संक्रमण हो सकता है. इसलिए ये सुनिश्चित करें कि आपके मोजे साफ और ब्रीदेबल हों।

**रक्त संचार हो सकता है गड़बड़**

रात में अगर आप सॉक्स पहनकर सो रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि मोजे कभी भी टाइट नहीं होने चाहिए. सॉक्स पहनने से आपका रक्त प्रवाह अच्छा होगा, लेकिन यदि टाइट सॉक्स हैं रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है।

**सोते समय मोजे पहनने के फायदे**

**सुधरेगी नींद की गुणवत्ता**

ठंडे पैर होने की वजह से कई लोगों को अच्छी तरीके से नींद नहीं आती है. ऐसे में जुराब पहनने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करके नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है. गर्म पैर आपके शरीर को मेन टेंपरेचर को कम करने का संकेत देते हैं, जो गहरी नींद शुरू करने और बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण फैक्टर है।

**रक्त संचार में सुधार**

खराब रक्त परिसंचरण वाले लोग, जैसे कि रेनॉड की बीमारी वाले लोग, मोजे पहनने से राहत पा सकते हैं. मोजे गर्मी बनाए रखने में मदद करते हैं. इससे पैर सुन नहीं होते हैं, क्योंकि रक्त प्रवाह अच्छे से होता है।

# विराट कर्ण की पैन इंडिया फिल्म नागबंधम से प्री-लुक पोस्टर आउट

निर्देशक अभिषेक नामा की महत्वाकांक्षी परियोजना नागबंधम, जिसे द सीक्रेट ट्रेजर कहा जाता है, एक आकर्षक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। किशोर अन्नापुरेड्डी द्वारा एनआईके स्टूडियो, अभिषेक पिक्चर्स और तारक सिनेमा के तहत निर्मित इस फिल्म का नेतृत्व विराट कर्ण कर रहे हैं। प्री-लुक पोस्टर में विराट को एक प्राचीन मंदिर के दरवाजे के सामने खड़े दिखाया गया है, जो भव्यता का संकेत देता है।




जगपति बाबू, जयप्रकाश, मुरली शर्मा और बी.एस. अविनाश के साथ नाभा नटेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य भूमिका में हैं। अभिषेक नामा की पटकथा आध्यात्मिक और साहसिक विषयों को जोड़ती है, जो छिपे हुए खजाने की खोज से प्रेरित है। सौंदर राजन एस छायांकन संभालते हैं, अभे संगीत बनाते हैं, कल्याण चक्रवर्ती संवाद लिखते हैं, और संतोष कामिरेड्डी संपादन करते हैं। अशोक कुमार प्रोडक्शन डिजाइन करते हैं। नागबंधम को 2025 में तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में एक साथ रिलीज करने की तैयारी है, जिसका बजट 100 करोड़ है।

संक्रांति के मौके पर, निमार्ता 13 जनवरी को रुद्रा को पेश करेंगे। अत्याधुनिक वीएफएक्स और उच्च-ऑक्टेन एडवेंचर के साथ, नागबंधम असाधारण उत्पादन मूल्यों का वादा करता है।

# डीएम ने जिरौली हीरासिंह में आरआरसी सेंटर, जनसेवा केंद्र एवं अमृत सरोवर का किया स्थलीय निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख द्वारा विकासखंड अकराबाद के ग्राम जिरौली हीरा सिंह में कचरा से कंचन केंद्र, जनसेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री कार्य एवं अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण कर

**ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता शुल्क देने का किया आव्हान**





व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डीएम ने आरआरसी सेंटर पर पर हो रहे कूड़े के पृथक्करण का आवलोकन कर निर्देशित किया कि आरआरसी सेंटर को नियमित रूप से सक्रिय रखा जाए और पॉलिथिन एवं प्लास्टिक वेस्ट को लोधा स्थित रिसाइकल यूनिट पर पहुंचाया जाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को 01 रूपया प्रतिदिन स्वच्छता शुल्क देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस छोटी सी पहल से ही गॉव में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इस धनराशि का उपयोग गॉव में ही स्वच्छता के क्षेत्र में किया जाएगा, यह ग्रामों को स्वच्छता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाया गया महत्पपूर्ण कदम है। इसके उपरांत उन्होंने गांव के ही जन सेवा केंद्र पर हो रहे फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण कर काम तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्हौंने बीडीओ एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि किसान बन्धुओं को प्रचार वाहन समेत अन्य माध्यमों से फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने गॉव में अमृत सरोवर का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि तालाब में आ रहे पानी के लिए सिल्टकैचर और वेटलैंड को और बड़ा बनवाया जाए।अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम नानऊ के जनसेवा केंद्र पर भी फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण कर केंद्र संचालक को फार्मर रजिस्ट्री कराने आए शत-प्रतिशत किसानों का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनेठी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने 100 दिवसीय टीबी अभियान के दौरान किए जा रही गतिविधियों की जानकारी में पाया कि केंद्र पर प्रतिदिन लगभग 150 मरीजों के नमूनों का परीक्षण किया जाता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय बनाते हुए प्रत्येक संदग्धि व्यक्ति की जांच कराई जाए।इस मौके पर एसीएम, डीपीआरओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार लेखपाल, बीडीओ, एपीओ और सचिव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, जिला कंसलटेंट समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



**करौली।** बुलंदशहर की मासिक पत्रिका " बुलंद प्रभा " का विमोचन

# सेवा के लिए तैयार है हरिगढ़ साधना शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** संतों के समागम का अति महत्वपूर्ण एवं पुनीत पर्व महाकुम्भ का आरंभ अखाड़ों की पेशवाई के साथ हो चुका है,देश भर की अनेकों संस्थाओ ने काल्पवास हेतु अपनी कुटियाँ निर्मित कर डेरा बना लिया है। इसी क्रम में अलीगढ मंडल से स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में पहली बार लग रहे हरिगढ़ साधना शिविर की तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। विश्वकल्याण सेवा संस्थान एवं वैदिक ज्योतिष संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में लगने वाले अलीगढ के शिविर के उद्घाटन होने में महज कुछ दिन शेष हैं। महाकुम्भ शिविर से जुडी जानकारी को साझा करने के लिए संस्था के सदस्यों ने स्वर्ण जयंती नगर सीजन्स अपार्टमेंट स्थित कार्यालय पर वार्ता की गयी।वार्ता में संस्थान के सदस्य



एवं कथा व्यास शिवम शास्त्री तथा ठाकुर राहुल सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किये।प्रयागराज में नव निर्मित हरिगढ़ साधना शिविर से जुडी जानकारी देते हुए कहा कि सनातन प्रेमियों की आस्थाओं से जुड़े महाकुम्भ मेले में इस बार अलीगढ जनपद ही नहीं बल्कि मंडल के पहले शिविर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिसका संचालन 13 जनवरी से प्रारंभ होगा।उन्होंने बताया कि हरिगढ़ साधना शिविर जनपद से आने वाले समस्त भक्तवृंद एवं संतों कि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। संत निवास एवं ग्रहस्त निवास सहित कई श्रेणियों में कुटिया को विभाजित किया गया है। विभिन्न प्रांतो से आने वाले लोगों की सुविधाओं सहित शिविर में विशेष सहयोग देने वाले व्यक्तियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही शिविर में योगदान देने वाले लोगों को वरीयता भी दी जाएगी। इस शिविर की खास बात यह है कि यहाँ सप्तर्षि और द्वादश ज्योतिर्लिंग के नाम पर रखा गया हैं।

# अन्ना हजारे को धोखा दिया, केजरीवाल सबसे बड़े धोखेबाज: गिरिराज सिंह

**बेगुसराय (आरएनएस)।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल खुद धोखेबाज हैं, उनसे बड़ा फर्जी कौन हो सकता है जिसने अन्ना हजारे को भी धोखा दिया। दरअसल, केजरीवाल द्वारा बिहार और यूपी के लोगों को फर्जी वोटर कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने प्रतिक्रिया दी।

गिरिराज सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, जिन्हें फर्जी वोटर बता रहे हैं, उनके दम पर ही वह मुख्यमंत्री बने हैं। केजरीवाल ने इससे पहले भी पूर्वांचल के लोगों को गाली देने का काम किया। केजरीवाल ने कहा था कि यूपी-बिहार के लोग 500 रुपये का टिकट लेकर यहां पर इलाज कराने के लिए आ जाते हैं। केजरीवाल जिस थाली में खाते हैं, उसमें छेद करते हैं। वह खुद फर्जी हैं। दिल्ली में अगर बिहार-यूपी के लोग आते हैं, तो उनका दिल्ली के विकास में योगदान है। जिसने अन्ना हजारे को नहीं बख्शा, वह दूसरों को फर्जी बता रहे हैं।



बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 9 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा किया। पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में चुनाव के नाम पर स्कैम हो रहा है। बीजेपी बड़े पैमाने पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी कर रही है। स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने बीजेपी के सामने घुटने टेक दिए हैं।आज चुनाव आयोग से मिलकर शिकायत की है। अगर चुनाव आयोग ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो दिल्ली में लोकतंत्र की हत्या हो जाएगी।

आम आदमी पार्टी के नेताओं का दावा है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहते हैं। बीजेपी लगातार उनके वोट कटवा रही है। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने पूर्वांचलियों को मंत्री, सांसद और विधायक बनाया। उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा दी, कच्ची कॉलोनियों में सड़कें बनवाई हैं।दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। 8 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।

## -वंचितों को दिया गया आरक्षण का लाभ, शीघ्र शुरू होगी हिसार हवाई अड्डे से उड़ाने

# कांग्रेस सरकार की अपेक्षा किसानों को 14 गुणा अधिक दिया गया मुआवजा : रणबीर गंगवा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हिसार (राजेश सलूजा)** । हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए सरकार ने आरक्षण में वर्गीकरण करके वंचितों को लाभ दिया, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

रणबीर सिंह गंगवा भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनने आए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इन वंचित वर्गों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया, जिससे इन वर्गों को भारी आर्थिक व सामाजिक नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में भी प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है। प्रदेश में सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है वहीं फसलों का भुगतान भी तुरंत किया जा रहा है। इसके अलावा कांग्रेस सरकार की तुलना में 14 गुणा अधिक मुआवजा भाजपा सरकार ने किसानों को दिया है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आमदनी बढ़े और वे बेहतर जीवन यापन करें।



रणबीर गंगवा ने कहा कि जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग का कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने ऐलान कर दिया था कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा। इसके चलते लापरवाही व अनियमितताएं मिलने पर हमने अधिकारियों व संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई भी की है। इसके अलावा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तालमेल से काम करें। ऐसा न हो कि लोक निर्माण विभाग सड़क बना दे और जनस्वास्थ्य विभाग वाले सीवरेज डालने के लिए उस सड़क को खोदने के लिए पहुंच जाए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि विभाग में भ्रष्टाचार रोकने की दिशा में कार्य करते हुए अधीक्षक अभियंता स्तर के अधिकारी की निगरानी में विजीलेंस टीम गठित की जाएगी। एक सवाल के जवाब में रणबीर गंगवा ने विश्वास जताया कि शीघ्र ही हिसार एयरपोर्ट से उड़ाने शुरू हो जाएंगी। इसके साथ ही साउथ बाइपास का काम शुरू हो जाएगा और शहर को जाम मुक्ति दिलाने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर में कई जगह सीवरेज जाम की तो कई जगह पानी न पहुंचने की समस्याएं सामने आ रही है, यह सब पूर्व की सरकारों का बिना कोई योजनाए बनाए काम करने का नतीजा है। वर्तमान में हम प्रयास कर रहे हैं कि हर काम भविष्य की योजनाओं को देखते हुए हो।

पत्रकार वार्ता में जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू व संजीव रेवड़ी व मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा भी मौजूद थे।

# प्लॉट बेचने के नाम पर शातिर पड़ोसी ने युवक से ठगे तीन लाख रुपए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** प्लॉट बेचने के नाम पर एक शातिर पड़ोसी ने अपने ही पड़ोसी तीन लाख रुपए ठग लिए। शातिर ने प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। पेशगी दिए रुपए वापस मांगने पर शातिर पड़ोसी युवक को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की चौपाल वाली कॉलोनी में प्रवेश कुमार परिवार सहित रहते है। प्रवेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी सचिन कुमार ने बताया कि गांव मुरादपुर पुर्सी में मेरा एक 125 गज का प्लॉट है, जिसे बेचना चाहता हूं। इसके बाद उक्त प्लॉट का दस लाख रुपए में सौदा तय हो गया। सौदा तय होने के बाद सचिन कुमार को एक लाख रुपए पेशगी के तौर पर दे दिए । बाकी रकम बैनामा के दौरान देने की बात तय हुई। प्रवेश कुमार ने बताया कि 20 मार्च 2024 को मेने सचिन कुमार दो लाख रुपए और दे दिए गए। बताया कि जब मेने सचिन से बैनामा करने की बात कही तो वह आनकानी करने लगा। बाद में पता चला कि सचिन ने यह प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। पैसे वापस मांगने पर अब आरोपी परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में डीसीपी ग्रामीण के पास शिकायत की। डीसीपी ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जालसाज महिला से युवक परेशान एसएसपी से सुरक्षा की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । थाना क्वार्सी क्षेत्र का रहने वाला युवक एसएसपी अलीगढ़ के पास फरियाद लेकर पहुंचा कहां साहब मुझे जालसाज महिला से बचाओ पीड़ित दानिश उर्फ गुड्डू पुत्र अख्तर अली निवासी जाकिर नगर गली नंबर 3 ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे ही मोहल्ले की रहने वाली महिला जाल साज है मेरे और मेरे भाई सद्दाम के पीछे पड़ी हुई है षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे लिखा देती है क्षेत्र में उसका आतंक है थाना पुलिस वह उच्च अधिकारियों तक अपनी पहुंच बताती है यहां तक कि उसने अपने खून के रिश्ते ससुर और जेठ के खिलाफ दुष्कर्म जैसे संगीन धाराओं के मुकदमे दर्ज कराए हैं जिसमें उसका पति पत्नी का समर्थन करता है पत्नी को आगे कर झूठे प्रार्थना पत्र थाना हाजा पर पुलिस को गुमराह कर झूठे मुकदमे लिखवा देती है और झूठे प्रार्थना पत्र थाने पर देती रहती है मोहल्ले के काफी लोग



भयभीत व परेशान है पीड़ित प्रार्थना पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचा ही था कि उस महिला को इसकी भनक लग गई और एसएसपी कार्यालय पर पति के साथ आ गई दोनों पति-पत्नी ने वहां अपना ड्रामा शुरू कर दिया और युवक से अभद्रता कर दी महिला और उसका पति बौखलाए हुए हैं कि उनके खिलाफ थाना क्वार्सी में उसकी एक रिश्तेदार महिला ने उसके पति तमकीन के खिलाफ छेड़छाड़ व हिना के खिलाफ मारपीट का मुकदमा लिखवाया है महिला को यह शक है के दोनों भाइयों के उकसाने पर उसके खिलाफ मुकदमा लिखा गया है दोनों ही पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं एसएसपी कार्यालय में पति जमीन पर लेट गया और दिल का दौरा पढ़ने का बहाना बनाने लगा एसएसपी ऑफिस पर काफी पुलिस वाले एकत्रित हो गए पीड़ित युवक ने बताया यह सब ड्रामा है पहले थाने में भी इसने ड्रामा किया है थाना पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में इसकी जांच कराई तो सब जांच नॉर्मल आयी है पुलिस ने दोनों प्रार्थना पत्रों को लेकर परामर्श केंद्र भेज दिया परामर्श केंद्र में महिला को झूठे मुकदमे कराने पर नसीहत दी गई कहां जैसा आप करोगी वैसा ही लौट कर आएगा और पुलिस ने दोनों पक्षों को अग्रिम तारीख को आने को कहा है।

# क्षेत्र पंचायत लोधा की बैठक 15 जनवरी को

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** क्षेत्र पंचायत लोधा की बैठक 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से मा0 ब्लॉक प्रमुख ठा0 हरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड लोधा के सभागार में आहुत की जाएगी।


खण्ड विकास अधिकारी लोधा आदिल फैज ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, वित्तीय कार्ययोजना वष्र 2025-26 पर विचार, ग्रामीण पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, कृषि, लघु सिंचाई, नहर विभाग, राजकीय नलकूप, बाल विकास, एनआरएलएम, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, शिक्षा, सहकारिता, पशुधन, युवा कल्याण, भूमि संरक्षण पेयजल, मत्स्य, दुग्ध आदि विभागों की योजनाओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।

उन्होंने समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य लोधा एवं ग्राम प्रधानों को सूचित करते हुये अनुरोध किया है कि वह नियत समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करें।

# प्रो. समी रफीक चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना द्वारा विजिटिंग प्रोफेसर के पद से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । अमुवि के अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर समी रफीक को चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना में विजिटिंग प्रोफेसर के पद से सम्मानित किया गया है। विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर वह साहित्य में शोध के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान देंगी और पीएचडी तथा एलएलडी अभ्यर्थियों को उनके सह-पर्यवेक्षक के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। वर्तमान में वह पटना में जलवायु परिवर्तन तथा साहित्य से इसके संबंध पर व्याख्यान दे रही हैं।प्रोफेसर रफीक का साहित्य में जलवायु परिवर्तन पर व्यापक कार्य है तथा हाल ही में उन्हें भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वयं पोर्टल पर स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए ह्यजलवायु परिवर्तन तथा साहित्यह्न पर



व्याख्यान देने के लिए नियुक्त किया गया है, जिन्होंने स्वयं कार्यक्रम में नामांकन कराया है।इस पाठ्यक्रम की प्रकृति का परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि यह पाठ्यक्रम छात्रों को जलवायु परिवर्तन तथा साहित्य से इसके संबंध को समझने में मदद करेगा। यह विद्यार्थियों को अंतःविषयी दृष्टिकोण के साथ जलवायु कथा तथा जलवायु कविता के ज्ञान से भी परिचित कराएगा। यूट्यूब और स्वयं पर उपलब्ध इस अंतःविषयी पाठ्यक्रम में कोई भी स्नातक या स्नातकोत्तर छात्र शामिल हो सकता है।प्रोफेसर समी रफीक ने हाल ही में अपनी कविताओं का एक संग्रह ह्यसॉन्ग्स ऑफ अलीगढ़ह्न प्रकाशित किया है, जो ह्यवुमन इन द ट्रीजह्न के बाद उनका दूसरा संग्रह है, जिसमें पर्यावरण और संस्कृति पर उनकी कविताएँ शामिल हैं और प्रकृति और जानवरों के प्रति उनके प्रेम और अलीगढ़ और एएमयू के साथ उनके जुड़ाव का वर्णन किया गया है।

**सम्मान**

## गीतकार डॉ.अवनीश राही को मिला गीत-गंधर्व साहित्य सम्मान

# डॉ.अवनीश राही गीत-गंधर्व साहित्य सम्मान-2025 से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ।** विश्व हिन्द दिवसष पर दुनिया भर में हिन्दी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से संकल्पित ष्दा आर्टिस्ट टॉक्स संस्थानष ने हर वर्ष की भाँति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के हिन्दी विद्वानों, मनीषियों, साहित्यकारों व शिक्षाविदों को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली स्थित ष्लोक कला मंचष ऑडिटोरियम में किया, जिसमे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलमकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का




गीत गंधर्व साहित्य सम्मान से सम्मानित करते पदाधिकारी



कार्यक्रम के दौरान गीतकार डॉ.अवनीश राही के साथ पुरस्कार विजेता

शुभारंभ देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकार गीतकार डॉ.अवनीश राही ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर गीतकार डॉ.अवनीश राही को उनके बॉलीवुड में लिखे तमाम गीतों के साथ-साथ समाज के प्रति अपनी साहित्यिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए ज्वलंत मुद्दों पर कलम चलाकर जो साहित्य के माध्यम से विश्व पटल पर सामाजिक समरसता का अलख जगाए रखा है उनके अतुलनीय योगदान हेतु उन्हें आज विश्व हिंदी दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार ष्गीत गंधर्व साहित्य सम्मान 2025ष से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड के फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर को शिरकत करनी थी, किन्तु किन्हीं कारणों वस वह न आ सके। उनकी अनुपस्थिति में शिवम ठाकुर राष्ट्रीय शूटर टीम इण्डिया, गौरव किशोर शर्मा न्यूज इण्डिया व संस्थान के फाउंडर राजेश राय सहित अन्य जिम्मेदार पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से गीतकार डॉ.अवनीश राही को मेडल, गीत गंधर्व साहित्य सम्मान, स्मृति-चिन्ह व ताम्र-पत्र के साथ शॉल उढाकर सम्मानित किया। जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, बिहार और अरुणाचल प्रदेश के तामाम हिंदी साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया।

# महापौर ने किया बिग बास्केट की डिलीवरी सेवा का शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शहर के महापौर प्रशांत सिंघल ने शुक्रवार को जिले में बिग बास्केट की डिलीवरी सेवा का फीता



काटकर उद्घाटन किया। शहर के लोगों को अब एक क्लिक में घर बैठे-बैठे ग्रॉसरी का सामान मात्र 10 मिनट में मिल सकेगा।

इस मौके पर बिग बास्केट के क्षेत्रीय प्रमुख गौरव कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अलीगढ़ जिले में बिग बास्केट की डिलीवरी सुविधा को लांच किया जा रहा है. यहां घर बैठे-बैठे लोगों को 10 मिनट में ग्रॉसरी के सामान की डिलीवरी मिल सकेगी. महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि बीबी नॉउ लांचिंग एक सराहनीय पहल है। ऐसी सेवाएं न केवल खरीददारी के अनुभव को आधुनिक बनाते हैं, बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करके तकनीकि प्रगति को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं। इस सेवा का शहरवासियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267